www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:05 सूर्यास्त 6:05

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 0.3 न्यू | 7.06 अधि |
| धर्मशाला | 8.04 न्यू | 13.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72152.00 |
| निफ्टी | 21930.50 |

सोना 63,270 चांदी 72,229

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | वीरवार, 8 फरवरी 2024 | 26 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 51 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए |

अंकिता लोखंडे ने बताई कास्टिंग काउच की घटना ... पेज 7



### शिक्षा विभाग ने शुरू की कवायद, वित्त विभाग से मिली मंजूरी, दो सालों के बाद होंगी बैचवाइज भर्तियां

# प्रदेश के स्कूलों को जल्द मिलेंगे 2059 अध्यापक

**अरविंद शर्मा, शिमला**

प्रदेश भर के विभिन्न स्कूलों में अध्यापकों की कमी को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा अब जल्द ही कवायद शुरू की जाएगी। इसके लिए शिक्षा विभाग 2059 शिक्षकों की भर्ती करने जा रहा है। शिक्षा विभाग में टीजीटी आर्ट्स के 420, टीजीटी मेडिकल 172 और नॉन मेडिकल के 306 अध्यापकों की बैचवाइज भर्तियां की जाएंगी।

इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न जिलों में 1161 जेबीटी अध्यापकों की बैचवाइज भर्ती भी की जाएगी। शिक्षा विभाग ने इसके लिए वित्त विभाग से मंजूरी ले ली है। कैबिनेट की मंजूरी के बाद यह पोस्टें क्रिएट की गई हैं जिन्हें भरने के लिए अब शिक्षा विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। प्रदेश में करीब दो वर्षों के बाद एक बार फिर से बैचवाइज भर्तियां की जा रही हैं। इन भर्तियों से



जहां स्कूलों में शिक्षकों की कमी को पूरा किया जाएगा, वहीं 2059 नए अध्यापक स्कूलों को मिलेंगे। सरकार द्वारा इसी वर्ष मार्च माह में इन पदों को भरने के लिए हामी भरी है और जल्द इन पदों को भरने को लेकर आगामी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

> स्कूलों में बैचवाइज भर्ती को लेकर प्रक्रिया शुरू की गई है। शिक्षकों की बैचवाइज भर्ती को लेकर सभी डाक्यूमेंटेशन प्रक्रिया हो चुकी है। 31 मार्च से पहले सभी शिक्षकों की तैनाती की जाएगी।
>
> **शिक्षा मंत्री, रोहित ठाकुर**

### बैचवाइज भर्ती की सूची शिक्षा मंत्री को भेजी

निदेशक एलिमेंटरी एजुकेशन आशिश कोहली द्वारा बैचवाइज भर्ती की सूची शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को भेज दी गई है। इसके बाद बैचवाइज शिक्षकों की भर्ती को लेकर मुख्यमंत्री के पास फाइल भेजी जाएगी। मंजूरी मिलने के बाद शिक्षकों को राज्य के विभिन्न स्कूलों में तैनात किया जाएगा।

### बैचवाइज भर्ती को लेकर कवायद शुरू

**राज्य** सरकार ने हाल ही में स्कूलों की संख्या कम होने वाले कई स्कूलों को डिनोटिफाई किया था। इसके बाद स्कूलों में खाली पड़े शिक्षकों के पदों को भरने के लिए सरकार द्वारा गैस्ट टीचर रखने की बात कही थी लेकिन विपक्ष सहित छात्र संगठनों द्वारा किए गए विरोध के बाद अब सरकार ने स्कूलों में बैचवाइज भर्ती करने को लेकर निर्णय लिया है। शिक्षा विभाग में 31 मार्च से पहले इन शिक्षकों की भर्ती करने का लक्ष्य रखा गया है।

# कैबिनेट में होगा एसएमसी और कंप्यूटर शिक्षकों के नियमितीकरण पर फैसला

### शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा- शिक्षकों के मामले को लेकर सरकार गंभीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य में एसएमसी और कंप्यूटर शिक्षकों के नियमितीकरण को लेकर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में हुई सब कमेटी की बैठक में फिलहाल कोई हल नहीं निकल पाया है। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी शामिल रहे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षकों की मामले पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। सब कमेटी की बैठक में एसएमसी और कंप्यूटर शिक्षकों की मांगों पर चर्चा हुई है। शिक्षकों के नियमितिकरण को लेकर कुछ कानूनी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस मामले को कैबिनेट में ले जाने को लेकर निर्णय लिया गया है। शिक्षकों को नियमित करने के लिए हाईकोर्ट से भी मंजूरी लेनी पड़ेगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राज्य के दूरदराज क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे शिक्षकों को मानदेय में दो हजार रुपए की बढ़ोतरी की है।

### पहली कक्षा में प्रवेश के लिए छह साल उम्र तय

शिक्षा मंत्री ने कहा कि निजी व सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा में प्रवेश के लिए छह साल की उम्र केंद्र द्वारा तय की गई है। सरकार द्वारा इस विषय पर जल्द स्थिति को स्पष्ट कर नोटिफिकेशन जारी की जाएगी।

### भाजपा सरकार में रखे गए हैं एसएमसी, कंप्यूटर शिक्षक

**शिक्षा** मंत्री ने कहा कि भाजपा की सरकार के समय में वर्ष 2008 से लेकर 2012 तक कुछ एसएमसी और कंप्यूटर शिक्षकों को राज्य के विभिन्न स्कूलों में तैनात किया गया है। इसके बाद कांग्रेस सरकार के समय भी प्रदेश भर में एक हजार के करीब एसएमसी शिक्षक रखे गए थे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### मुंबई एयरपोर्ट पर बरामद किया 6.33 किलो सोना

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर दो दिन के भीतर पांच अलग-अलग मामलों में कुल 6.33 किलोग्राम सोना पकड़ा है। बरामद सोना की कीमत 3.49 करोड़ रुपए आंकी गई है। कस्टम सूत्रों ने बताया कि गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर दो दिन पहले मुंबई कस्टम ने एक शख्स को 1.28 करोड़ के सोने सहित पकड़ा था।

### रिश्वत मामले में मोहाली की पूर्व डीएसपी को छह साल की सजा

**नई दिल्ली।** सीबीआई की चंडीगढ़ स्थित विशेष अदालत ने बुधवार को मोहाली की तत्कालीन डीएसपी राका घिर्रा को रिश्वत लेने के मामले में छह साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। पूर्व डीएसपी के रीडर मनमोहन सिंह पर उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर में शिकायतकर्ता की मदद करने के लिए दो लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है।

## टॉप स्टोरीज

लोहिया की जिद ने घर-घर जलाए अक्षरों के सुंदर दीप ...पेज 3
हमास ने इसराइल के सामने टेके घुटने, युद्धविराम का रखा प्रस्ताव ...पेज 7
शिवरात्रि में तीन जलेब निकलेगी, छह सांस्कृतिक संध्याएं होंगी ...पेज 9

### सीएम सुक्खू पहुंचे झाड़माजरी, जलकर राख हुई फैक्टरी का किया निरीक्षण

# ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए कानून में करेंगे आवश्यक बदलाव

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को बद्दी के झाड़माजरी में आग लगने से खाक हुई एनआर एरोमा परफ्यूम कंपनी का निरीक्षण किया तथा मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट कीं। उन्होंने अधिकारियों से आग लगने की घटना के बारे में विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। सीएम सुक्खू लापता व्यक्तियों के परिजनों से भी मिले और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि आप चिंता न करें, राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में आपके साथ पूरी मजबूती के साथ खड़ी है और हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। पत्रकारों से बात करते हुए सुक्खू ने आग लगने की घटना पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा घटना की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं का गहन विश्लेषण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में



झाड़माजरी अस्पताल में उपचाराधीन व्यक्ति का हाल जानते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए फैक्टरी प्रबंधकों के साथ बात कर कानून में आवश्यक बदलाव किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में स्मार्ट मीटरिंग तथा बिजली की तारों को अंडरग्राउंड करने पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घायलों को पांच-पांच हजार की त्वरित राहत राशि दी गई है तथा उन्हें कुल 50-50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त मृतकों के परिजनों को भी कुल साढ़े छह लाख प्रति परिवार की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। सुक्खू ने कहा कि इस घटना में 5 लोगों की मौत हुई है। एक शव की पहचान की जा रही है, पांच व्यक्ति लापता हैं। घटना में 37 व्यक्ति घायल हुए थे।

### उपचाराधीन घायलों का पूछा कुशलक्षेम

**सीएम** सुक्खू ने अस्पताल में उपचाराधीन घायलों का कुशलक्षेम पूछा और उनसे हादसे के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, मुख्य संसदीय सचिव चौधरी राम कुमार, विधायक केएल ठाकुर, उपायुक्त मनमोहन शर्मा सहित अन्य गणमान्य तथा अधिकारी उपस्थित थे।

# मोदी 3.0 विकसित भारत की नींव को मजबूत करने में लगाएंगे पूरी शक्ति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तीसरी बार सत्ता में वापसी पर विश्वास जताते कहा कि मोदी 3.0 विकसित भारत की नींव को मजबूत करने में पूरी शक्ति लगा देगा। प्रमुख घोषणाओं में उन्होंने सौर ऊर्जा के जरिए मुफ्त बिजली, बुलेट ट्रेन, सभी के लिए पाइप से गैस, हर घर में पाइप से पानी और सभी के लिए आवास उपलब्ध कराने की बात कही।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके अगले कार्यकाल के पांच वर्षों में देश कई क्षेत्रों में उन्नति करेगा। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर देश की संस्कृति को लेकर गलत नैरेटिव गढ़े जाने का आरोप लगाया और कहा कि इसी के चलते लोग अपने संस्कारों को हीन भाव से देखने लगे थे। पार्टी ने देश के अतीत के साथ अन्याय किया है। उन्होंने कांग्रेस पर अंग्रेजों की आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की लोकसभा में घटती सीटों पर कटाक्ष किया और कहा कि पार्टी की सोच पुरानी हो चुकी है। इसके कारण वह अपना कार्य बाहर से करा रही हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल से चुनौती आई है कि कांग्रेस 40 भी पार नहीं कर पाएगी। वह प्रार्थना करते हैं कि आप 40 बचा पाएं।

**पीएम ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में चर्चा का दिया जवाब**



### कांग्रेस आरक्षण की जन्मजात विरोधी

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस आरक्षण की जन्मजात विरोधी रही है। एक समय में पंडित नेहरू ने एससी-एसटी और ओबीसी को नौकरी में आरक्षण मिलने से कामकाज के स्तर के गिरने की बात कही थी। आज कांग्रेस जिन आंकड़ों को गिना रही है उसका मूल यही है। उस समय सरकार में भर्ती और प्रमोशन मिलता तो आज आगे बढ़ते हुए यहां तक पहुंचते।

### नेहरू नहीं करते थे आरक्षण पसंद


**आरक्षण** के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जिन्होंने बाबा साहेब को भारत रत्न योग्य नहीं समझा। केवल एक ही परिवार को भारत रत्न देते रहे। इस संदर्भ में उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की राज्यों के मुख्यमंत्रियों को लिखी एक चिट्ठी का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू ने अपनी चिट्ठी में लिखा था कि वे आरक्षण को पसंद नहीं करते। इससे अकुशलता बढ़ेगी।

## टाटा कार शोरूम में भड़की आग, तीन गाड़ियां जलीं, 40 लाख का नुकसान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के टूटीकंडी में सुबह के समय टाटा कार शोरूम में आग लगने का मामला सामने आया। इस घटना में तीन गाड़ियां जल गई और साथ ही 40 लाख रुपए का नुकसान हो गया। आग इतनी भयंकर थी कि उसे बुझाने के लिए तीन से चार घंटे लगे।

घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। घटना पर मौजूद लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी जिसके तुरंत बाद टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। वहीं शोरूम के साथ एचआरटीसी की एक दर्जन के करीब पार्क बसों को भी वहां से हटाया गया। इसके बाद अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया, जिसमे वार्ड पार्षद ,मेयर और नगर निगम के आयुक्त शामिल रहे।



### 2 करोड़ से ज्यादा का बचाया सामान

**इस** घटना के कारण लाखों का सामान आग की भेंट चढ़ गया। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों द्वारा 3 से 4 घंटे में आग पर काबू पाया गया। वहीं दो करोड़ से ज्यादा के सामान को आग की भेंट चढ़ने से बचा लिया गया।

> सुबह जैसे ही टाटा शोरूम में आग लगने की सूचना मिली फायर कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास किए। जिसमें 2 करोड़ के करीब सामान को राख होने से बचाया गया, जबकि लाखों का सामान आग को भेंट चढ़ा। 15 से 20 के करीब फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने आग बुझाई।
>
> **-गोपाल दास, बालूगंज फायर स्टेशन प्रभारी।**

## सीरियल ब्लास्ट से दहला पाक, 28 मरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में वीरवार को होने वाले आम चुनाव की पूर्व संध्या पर आतंकवादियों ने खूनखराबा कर देश को दहला दिया। बलूचिस्तान में बुधवार को सिलसिलेवार दो विस्फोट हुए। इनमें कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई और 40 से ज्यादा घायल हो गए। ये विस्फोट पिशिन और किला सैफुल्लाह में स्वतंत्र उम्मीदवार और जेयूआई-एफ के चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर किए गए।



जिओ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार आम चुनाव से ठीक एक दिन पहले बुधवार को बलूचिस्तान के पिशिन में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के कार्यालय के बाहर हुए विस्फोट में कम से कम 16 लोगों की जान चली गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। दूसरा विस्फोट किला सैफुल्लाह जिला में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम फजल (जेयूआई-एफ) कार्यालय के बाहर हुआ। यहां कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। पिशिन में विस्फोट खानोजाई इलाके में स्वतंत्र उम्मीदवार काकर के राजनीतिक कार्यालय के बाहर हुआ।

# चलती कार पर झपटा तेंदुआ; लुढ़की, चालक की मौत

### हवाण के पास बैहल नवाण में पेश आया हादसा, तीन घायल, मामले की जांच शुरू

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं पुलिस थाना क्षेत्र के हवाण के पास स्थित बैहल नवाण में मंगलवार देर रात अचानक चलती कार पर तेंदुआ झपट पड़ा। इसके चलते चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 150 फुट नीचे जा गिरी। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। मृतक की पहचान हिम्मत सिंह 46 वर्ष निवासी हवाण तहसील घुमारवीं के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कारवाई शुरू कर दी है।

ग्रामीणों को जैसे ही इस हादसे का पता चला तो उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया व घायलों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचाया। जहां पर हिम्मत सिंह को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।



पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। हादसे में रतन 66 वर्ष निवासी हवाण, निर्मला देवी 63 वर्ष निवासी हवाण व रोहित 12 वर्ष निवासी हवाण घायल हुए। घायलों प्रथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया है। उधर, डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

## एचआरटीसी बस की चपेट में आने से युवक की मौके पर मौत

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के मुख्य बस अड्डा चौक पर बुधवार सुबह एक युवक की एचआरटीसी बस की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है और छानबीन जारी है।

गुस्साए परिजनों ने काफी देर तक हंगामा भी किया है और बस के शीशे भी तोड़ दिए। मृतक की पहचान रघुवीर सिंह गांव कोलवीं डाकघर जबली तहसील सदर बिलासपुर के रूप में हुई है। बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया है।

### ऑल्टो खाई में गिरी चालक की मौत

**राजगढ़।** उपतहसील पझोता के पैणकुफर के साथ एक ऑल्टो कार के गहरी खाई में गिर जाने के कारण एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान योगेंद्र सिंह (32) निवासी पैणकुफर के रूप में हुई है।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने राजगढ़ अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। नायब तहसील पझोता ओम प्रकाश ने मृतक के परिजनों को फौरी सहायता के तौर पर 25 हजार की राशि दी। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन आरंभ कर दी है।

**जानकारी** बीआरओ में छह माह से कम काम करने वाले मजदूरों के परिजनों को मिलेगी अनुग्रह राशि


# रक्षा मंत्री ने 179 कार्य दिवस पूरा करने के प्रावधान में छूट को दी मंजूरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) और सामान्य अभियांत्रिकी रिजर्व फोर्स (जीआरईएफ) में काम करने वाले आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों (सीपीएल) को अनुग्रह राशि का एकमुश्त भुगतान करने के लिए दुर्घटना के समय 179 कार्य दिवस पूरे करने के प्रावधान से छूट के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

अभी तक 179 दिन काम करने वाले आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों को ही पांच लाख रुपए की अनुग्रह राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाता था। इस वजह से दिवंगत मजदूरों के परिवार इस अनुदान







से वंचित रह जाते थे। दरअसल, बीआरओ की इकाइयां दूर-दराज, बर्फ से घिरे और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में स्थित हैं, जहां कोई उचित सार्वजनिक और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। प्रतिकूल वातावरण, दुर्गम पहाड़ी इलाके, खतरनाक कार्य स्थल आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों के जीवन के लिए भारी खतरा पैदा करते हैं।

रक्षा मंत्री ने हाल ही में सीमा सड़क संगठन के साथ काम करने के दिनों की परवाह किए बिना आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों की बेहतरी के लिए कई कल्याणकारी उपायों को मंजूरी दी थी।

### मजदूरों के परिवारों के लिए बड़ी राहत होगी

रक्षा मंत्रालय के अनुसार अब आकस्मिक वेतन भोगी मजदूरों की काम करने के दौरान हुई मौतों के मामलों को ध्यान में रखते हुए मानवीय आधार पर न्यूनतम 179 कार्य दिवसों की शर्त में छूट दे दी गई है। इस वजह से उन मजदूरों के परिवारों के लिए बड़ी राहत होगी, जो सरकारी ड्यूटी के दौरान अपनी रोटी कमाने वाले को खो देते हैं। बीआरओ और जीआरईएफ की परियोजनाओं में कार्य करने वाले आकस्मिक वेतनभोगी मजदूरों के लिए समूह (मियाद) बीमा योजना पहले से लागू है, जिसमें सीपीएल की मृत्यु होने पर उनके परिजनों के लिए 10 लाख रुपए मूल्य का बीमा किया जाता है। इसके अलावा दुर्घटना स्थल से पार्थिव शरीर पैतृक स्थान तक ले जाने के लिए परिवहन भत्ता, अंत्येष्टि भत्ता 1,000 रुपए से बढ़ाकर 10 हजार रुपए किया गया है। मृत्यु होने पर तत्काल सहायता के रूप में 50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि का अग्रिम भुगतान किए जाने की व्यवस्था की गई है।

# उत्तराखंड ने रचा इतिहास, विधानसभा में समान नागरिक संहिता बिल ध्वनिमत से पास

### यूसीसी को लागू करने की दिशा में ठोस पहल करने वाला देश का पहला राज्य बना

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक (यूसीसी) बुधवार को ध्वनिमत से पारित हुआ। इसके अलावा उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चिह्नित आंदोलनकारियों या उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में आरक्षण विधेयक भी पारित हुआ।

राज्य सरकार के इस महत्वपूर्ण कदम के बाद उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया है, जहां यूसीसी को लागू करने की दिशा में ठोस पहल की गई है। इसी के साथ सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को विधानसभा के पटल पर समान



नागरिक संहिता विधेयक प्रस्तुत किया था। मंगलवार और बुधवार को चर्चा पूरी होने के बाद बुधवार सायं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता, उत्तराखंड-2024 विधेयक को सदन से पारित करने का अनुरोध किया। इसके बाद पीठ ने बहुमत के आधार पर इस महत्वपूर्ण विधेयक को पारित कर दिया। संसदीय कार्यमंत्री डा. प्रेमचंद गुप्ता ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन के चिन्हित आंदोलनकारियों या उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में आरक्षण विधेयक-2023 प्रवर समिति द्वारा यथा संशोधित पर विचार करने के लिए प्रस्ताव को रखा।

इसके बाद राजकीय सेवा में आरक्षण के इस विधेयक को पारित कर दिया गया। हालांकि, विपक्ष यूसीसी विधेयक को प्रवर समिति को सौंपने की मांग कर रहा था। इसके लिए नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने विधायकों के हस्ताक्षरित पत्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंपा है।

## उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश करने का स्वागत



**पालमपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय राज्य पेंशनर संघ के वारिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड की बीजेपी सरकार ने मंगलवार को राज्य की विधानसभा में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पेश कर मिसाल पेश की है। अगर यह विधेयक कानून बन जाता है, तो उत्तराखंड भारत की आजादी के बाद ऐसा कानून लागू करने वाला पहला राज्य बन जाएगा। इस विधेयक के कानून बनने के साथ ही उत्तराखंड में रहने वाले सभी धर्मों के लोगों पर तलाक और शादी जैसे तमाम मामलों में एक ही कानून लागू होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पास न मुखिया है न कोई विजन है। हिमाचल में भी कांग्रेस सरकार 14 माह में विफल साबित हो गई है।

# सुक्खू सरकार के विरुद्ध सड़कों पर मजदूर

## टीयूसीसी के बैनर तले मांगों को लेकर धर्मशाला में किया विरोध-प्रदर्शन, डीसी ऑफिस तक निकाला मार्च

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश संयुक्त ट्रेड यूनियन संघर्ष समिति के बैनर तले इंटक के जिला अध्यक्ष संजय सैणी, ट्रेड यूनियन को-ऑर्डिनेशन सेंटर के प्रदेश अध्यक्ष प्रेमचंद चौधरी, राज्य महासचिव रविंद्र सिंह रवि, इंटक के जिला महासचिव विनोद कुमार चौधरी, सीटू के जिला अध्यक्ष रविंद्र कुमार के नेतृत्व में बुधवार को धर्मशाला में हजारों निर्माण श्रमिकों ने बस स्टैंड से लेकर जिलाधीश कार्यालय तक रोष मार्च किया।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने 50 दिन काम करने वाले मनरेगा मजदूरों का निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में बतौर लाभार्थी पंजीकरण बंद कर दिया, लेकिन प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने आते ही सभी निर्माण मजदूरों का ही पंजीकरण बंद कर दिया, जो पांच लाख मजदूर पंजीकृत हैं, उनको योजना का लाभ बंद कर दिया। 1,31,000 क्लेम बोर्ड के पास तीन वर्ष से लंबित हैं और उन्हें नष्ट किया जा रहा है। यूनियन की कानूनी तस्दीक बंद कर दी। बोर्ड अपनी आए से चलता है, लेबर सेस एक्ट से फंड आता है और सीधा बोर्ड के खाते में जमा होता है, जो कि आज बोर्ड के पास 700 करोड़ से भी अधिक होने के बावजूद गरीब मजदूरों को उनके कानूनी अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। भवन व अन्य निर्माण कामगार कानून का उल्लंघन हो रहा है। इस रोष मार्च के बाद मुख्यमंत्री को डीसी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया है।



निर्माण श्रमिक मांगों को लेकर डीसी ऑफिस के बाहर धरना-प्रदर्शन करते हुए।

इस धरने में इंटक के उपाध्यक्ष दीप धीमान, महा सचिव रवि स्याल, सुरेश, मदन लाल, रजिंदर कुमार, करनैल सिंह, रविंदर जट्ट, रामनीष, अमित, संजीव, बलजीत, शिखा, मीनू, पूजा, सुभद्रा, सुषमा, रामेश्वर सिंह, केवल, हिमाचल प्रदेश निर्माण कामगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा, सरोज लता, मोहिंदर सिंह, रीता देवी, सुनील कुमार, बलदेव सिंह, त्रिलोक चंद एवं भवन एवं अन्य निर्माण कामगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमन चौधरी, नवीन कुमार, पृथी सिंह सुरजीत सिंह राणा, सरवन कुमार, अनू देवी, तृप्ता देवी आदि शामिल रहे।

## राजस्थान से साइकिल यात्रा से दे रहा पेड़ बचाने का संदेश

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



राजस्थान के अलवर में सरिस्का टाइगर रिजर्व के पास बसे भूभाग का रहने वाला बालक जब जंगलों से गुजरता तो उसे दिन में भी डर लगता था। करीब दो दशकों में ज्यादातर जंगल कट चुके हैं।

बचपन और युवावस्था के दौरान पर्यावरण के बदले परिदृष्य ने दिलिप मेघवाल में पर्यावरण संरक्षण को लेकर कुछ करने की ललक पैदा की और वह देश भर में साइकिल से यह संदेश देने निकल पड़ा। वह 19 राज्यों में 28600 किलोमीटर से ज्यादा सफर कर चुका है। दिलिप बताते हैं कि हर तरफ जंगल कट रहे हैं तथा पर्यावरण खतरे में है। हिमाचल आकर पेड़ों को कटता देख कर मन व्यथित हुआ है। निर्माण तथा विकास के नाम पर पर्यावरण को नुकसान हो रहा है, जबकि पेड़ नहीं लगाए जा रहे। यात्रा के दौरान कई लोग उन्हें रात को घर में आश्रय दे देते हैं, तो कुछ उन्हें आर्थिक मदद भी देते हैं, जिससे वह पौधरोपण का काम कर पाता है। उन्होंने बताया कि उनकी यह यात्रा देश भर में चलेगी। दिलिप ने जयपुर के जगन्नाथ विवि में बीएससी एग्रीकल्चर की है। किसान परिवार के दिलिप के घर में एक छोटे भाई के अलावा चार बहनें हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### परिवहन प्राधिकरण की बैठक स्थगित

**धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, प्रदीप कुमार ने जारी प्रेस नोट के माध्यम से जानकारी दी कि 17 फरवरी, 2024 को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की प्रस्थावित बैठक को प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी तिथि के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा।

### लक्ष्मी चंबयाल के निधन पर जताई संवेदनाएं

**धर्मशाला।** रेडक्रॉस सोसायटी की पैट्रन सदस्य लक्ष्मी चंबयाल (1934-2024) की सांसारिक यात्रा पूर्ण होने पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी ने अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए उनकी सद्गति की कामना की। सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी ओपी शर्मा ने बताया कि लक्ष्मी चंबयाल 31 जनवरी, 2024 को प्रभु चरणों में लीन हो गई हैं। उनका जन्म वर्ष 1934 में हुआ था तथा 90 वर्ष की आयु में उनका देहांत हुआ है। लक्ष्मी चंबयाल पूर्व भारतीय प्रशासनिक अधिकारी स्व. जीएस चंबयाल की धर्मपत्नी थीं। उन्होंने बताया कि दिवंगत आत्मा की शांति के लिए अखिल भारतीय गायत्री परिवार की ओर से 11 फरवरी को प्रातः 11:30 बजे जिला परिषद सभागार में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा।

### ढाई आखर पत्र लेखन में अभिनंदन सेकेंड



ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता में सेकेंड आने पर अभिनंदन को मिला सम्मान।

**धर्मशाला।** भारतीय डाक विभाग द्वारा आयोजित ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता में बीडी डीएवी पब्लिक स्कूल धर्मशाला के आठवीं कक्षा के छात्र अभिनंदन कुमार पाठक ने 18 वर्ष से कम आयु वर्ग में राज्य स्तर पर द्वितीय पुरस्कार जीता है। अधीक्षक डाकघर धर्मशाला मंडल रविंद्र कुमार ने बताया कि विजेता छात्र को विभाग की ओर से दस हजार रुपए का चेक भेंट किया गया। स्कूल की प्रार्थना सभा के दौरान सभी छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति में अभिनंदन कुमार पाठक को विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। अधीक्षक डाकघर ने बताया कि जिले से लगभग 80 शिक्षण संस्थानों के 4958 छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया था।

### सड़क सुरक्षा का पढ़ाया पाठ

**धर्मशाला।** एनआईसी कार्यालय धर्मशाला में बुधवार को 'एकीकृत सड़क दुर्घटना डाटाबेस (आईआरएडी)' पर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि 15 जनवरी से 14 फरवरी, 2024 तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इस दौरान जहां आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है, वहीं सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर संबंधित विभागों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसके तहत जिला मुख्यालय धर्मशाला में पुलिस, स्वास्थ्य, हिमाचल पथ परिवहन निगम तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को आंकड़ा इंद्राज करने के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि इससे भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों का सही आकलन किया जा सकेगा। इस कार्याशाला में जिला सूचना अधिकारी भूपेंद्र पाठक, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय निशा कुमारी सहित अन्य संबंधित विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया।

### महिलाओं को बताया स्वच्छता का महत्व

**नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में करियर परामर्श सैल, जेंडर चैंपियन इकाई और महिला पर्सनल हाइजीन विषय के ऊपर एक व्यख्यान करवाया गया। प्राचार्य डॉ. सुरिंद्र कुमार सोनी ने कहा कि स्वच्छता जीवन का अहम हिस्सा है। महिला हाइजिन के संदर्भ में उन्होंने महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। अंतरराष्ट्रीय महिला हाइजीन गैर सरकारी संगठन की मुख्य प्रवक्ता अनु परमार ने महाविद्यालय की लड़कियों को पर्सनल हाइजिन के बारे में बताया कि आप अपने शरीर का कैसे ख्याल रखती हैं। यह आपके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। साबुन से हाथ धोना, नहाना, साफ-सुथरे कपड़े पहनना आदि जैसी चीजें इसमें शामिल हैं। इस अवसर पर डॉ. सोनिका, प्रो सुनीता राणा ने भी महिला हाइजीन के ऊपर अपने सुझाव रखे। मुख्य प्रवक्ता अनु परमार ने सेनेटरी नैपकिन के महत्व पर विचार रखे। इस कार्यक्रम में लगभग 100 लड़कियों ने भाग लिया।

### 18 कैडेट्स ने दी सी सर्टिफिकेट के लिए परीक्षा

**नूरपुर।** नूरपुर कालेज में एनसीसी के सी प्रमाण पत्र के लिए नौ एचपी बटालियन डलहौजी से आए स्थायी प्रशिक्षक सूबेदार राजेंद्र कुमार और हवलदार लोकनाथ ने एनसीसी तृतीय वर्ष के कैडेट्स की व्यवहारिक परीक्षा ली, जिसमें महाविद्यालय तृतीय वर्ष के 18 कैडेट्स ने परीक्षा में भाग लिया। एनसीसी के सी प्रणाम पत्र की लिखित परीक्षा 18 फरवरी को राजकीय महाविद्यालय ऊना में होगी। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य संजय कुमार जसरोटिया ने 26 जनवरी को नूरपुर में हुई परेड में शामिल हुए कैडेट्स को प्रणाम पत्र देकर सम्मानित किया।

## स्मार्ट सिटी के कार्यों को तेजी देना प्राथमिकता : सुरेंद्र कटोच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



नगर निगम धर्मशाला में ज्वाइंट कमिशनर नियुक्त सुरेंद्र कटोच ने कहा कि स्मार्ट सिटी के कार्यों को तेजी देना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि एक पर्यटक डेस्टिनेशन होने के कारण शहर की स्वच्छता का खास ध्यान रखा जाएगा तथा वार्डों की समस्याओं पर भी फोकस रहेगा।

कटोच इससे पहले नगर निगम बने मंडी शहर में ज्वाइंट कमिशनर के रूप में सेवाएं दे रहे थे। फरीदाबाद के नेशनल इंस्टिटयूट ऑफ फाइनांस मैनेजमेंट में एमबीए करने वाले तथा मूल रूप से सरकाघाट क्षेत्र के रहने वाले सुरेंद्र कटोच की पढ़ाई मंडी कॉलेज से हुई है तथा वह 1991 में धर्मशाला में बीएड की पढ़ाई कर चुके हैं तथा उस दौर की यादें भी उनके जेहन में हैं। उनके अनुसार जिस शहर में उन्होंने पढ़ाई की उस शहर के हित में कार्य करना एक नया अनुभव होगा तथा इसके लिए स्थानीय लोगों का सहयोग हमेशा आपेक्षित रहेगा। सुरेंद्र कटोच इससे पहले सीआईएसएफ में भी चार साल सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने बताया कि सब-इंस्पेक्टर के तौर पर वो पश्चिम बंगाल, असम तथा हैदराबाद आदि में सेवाएं दे चुके हैं।

### नौकरी की चाह में धर्मशाला पुलिस मैदान में जुटे युवा

## सर्द हवाओं के बीच खाकी पाने की तैयारी, धौलाधार की ठंड पर भारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला के पुलिस मैदान में जारी पुलिस भर्ती को लेकर युवाओं का हौंसला देखते ही बनता है। युवा दौड़ के अलावा दूसरे शारीरिक मापदंडों पर पूरा उतरने के लिए जुटे हुए हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए डीआईजी रंजना चौहान ने बताया कि चार तथा पांच फरवरी को बारिश होने के बाद भर्ती में भाग न ले पाए अभ्यर्थियों को दस तारीख के बाद आने की सूचना दे दी गई थी। भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ सुचारु ढंग से चल रही है।



पुलिस मैदान में चल रही भर्ती में ग्राउंड परीक्षा देते युवा।

इस दौरान युवाओं में पुलिस में भर्ती होने का खासा जोश नजर आया। बताते चलें कि शेड्यूल के अनुसार दस दिनों तक चलने वाली इस भर्ती प्रक्रिया में ग्राउंड पास करने के लिए सैकड़ों युवा प्रयास कर रहे हैं।

### चंद्रधर गुलेरी कॉलेज के एनएसएस शिविर का समापन

**हरिपुर।** बुधवार को चंद्रधर गुलेरी राजकीय महाविद्यालय हरिपुर गुलेर की राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न हुआ। इस समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में धर्मशाला महाविद्यालय से सेवानिवृत्त प्राचार्य आरपी चोपड़ा ने शिरकत की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अश्विनी पाराशर तथा एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी प्रोफेसर मोनिका शर्मा ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्यातिथि का स्वागत किया। प्राचार्य डॉक्टर अश्वनी पाराशर ने मुख्य अतिथि को बैज लगाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि आरपी चोपड़ा को प्राचार्य डॉ. अश्विनी पाराशर तथा एनएसएस की प्रोग्राम अधिकारी प्रोफेसर मोनिका शर्मा ने हिमाचली टोपी, शॉल तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर 50 स्वयंसेवी तथा महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. राजीव रतन, डॉ. प्रभात कुमार, डॉ. सुभाष चंद्रा, डॉ. नवीन भारद्वाज, डॉ., डॉ. दिनेश, डॉ. रूपाली आदि उपस्थित रहे।

## सुन लो सरकार! किया नजरअंदाज तो लड़ाई होगी आर-पार

### लोगों के आरोप, गगल हवाई अड्डे के पास नेताओं ने ले रखी हैं जमीनें

**अनंत ज्ञान, गगल**

बुधवार को गगल में जनसुनवाई के दौरान पंचायत प्रधान रेनू पठानिया और उपप्रधान भुवनेश चड्ढा सहित सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि हमें हवाई अड्डे का विस्तार किसी भी सूरत में मंजूर नहीं है, लेकिन अगर सरकार हमारी खुशियों को कुचल कर हवाई अड्डे का विस्तार करना चाहती है तो पहले हमारे रहने के लिए पुनर्वास और पूर्ण रोजगार की व्यवस्था करे और नए गगल का निर्माण करे। उसके बाद ही हवाई अड्डे के विस्तार की बात करे। उन्होंने कहा कि हमारी मांगों को नजरअंदाज किया गया तो आर-पार की लड़ाई होगी।

ग्रामीणों ने एकजुट हो कर कहा कि सरकार अपनी सुख सुविधाओं के लिए गरीबों की भूमि हड़पकर हवाई अड्डे का निर्माण करवाना चाहती है, ताकि होटल वालों को इसका लाभ मिले। यहां उपस्थित लोग यह भी कहते पाए गए कि इनमें अधिकांश होटलों की जगह नेताओं ने खरीदी हुई है, जो यही चाहते हैं कि हवाई अड्डे का विस्तार हो और उनके कारोबार का विस्तार हो। पंचायत प्रधान रेनू पठानिया ने सरकार से मांग की कि छह मरले के बजाय कम से कम 15 मरले भूमि हर प्रभावित को पुनर्वास के लिए दी जाए और भवन बनाने के लिए उपयुक्त सहायता दी जाए। वहीं, जो लोग किराये पर रह रहे हैं, उनके लिए भी व्यवस्था की जाए। एयरपोर्ट में निकलने वाली हर नौकरी में गगलवासी को प्राथमिकता दी जाए और टैक्सी आदि लगाने के लिए भी स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाए।



गगल एयरपोर्ट के विस्तार का विरोध करते लोग।

इस अवसर पर पंचायत के उपप्रधान भुवनेश चड्ढा ने मांग रखी कि बढ़ रही महंगाई के मद्देनजर हर प्रभावित को मुआवजा राशि चार गुना दी जाए। बैठक में वार्ड नंबर तीन और पांच के ग्रामीणों ने भाग लिया है। उल्लेखनीय है कि अभी अगली सुनवाई वीरवार को भी होनी है। इस अवसर पर जनसुनवाई में प्रशासनिक अधिकारी एडीएम डॉक्टर हरिश सिंह गज्जू एवं अन्य विभागीय अधिकारी, एक्सपर्ट सुरेंद्र परमार, पंचायत प्रधान रेनू पठानिया, उपप्रधान भुवनेश चड्ढा, पूर्व प्रधान रविंद्र बाबा साहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा में शूटिंग रेंज का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा चनौर के अध्यक्ष भरत भूषण महाजन, डायरेक्टर डॉ. विशाल महाजन, एमडी डॉ. रिचा महाजन, प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि बुधवार को हमारे स्कूल में शूटिंग रेंज का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने दस मीटर एयर राइफल हाथ में थामी और बुल्स आई पर निशाना साधकर रेंज का अनावरण किया।

प्रिंसिपल रेणु परमार ने बताया कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों का भी अपना विशेष महत्व रहता है। एक ओर जहां खेल गतिविधियों से विद्यार्थी वर्ग में अनुशासन की भावना उत्पन्न होती है, वहीं ऐसी गतिविधियां शारीरिक स्वास्थ्य के लिहाज से भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने विभिन्न खेलकूद प्रतिस्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रताप वर्ल्ड स्कूल विभिन्न योजनाओं के तहत खेलकूद गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है, जिससे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके।

## सड़क सुरक्षा नियमों का पालन कर बचाएं अनमोल जिंदगियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी धर्मशाला बस स्टैंड में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मंडलीय प्रबंधक एचआरटीसी धर्मशाला मंडल पंकज चड्ढा बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। इसके अतिरिक्त एचआरटीसी अपनी स्थापना का 50वां वर्ष भी मना रहा है जिसके तहत भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने वाले एचआरटीसी धर्मशाला के चालकों, परिचालकों, मेकेनिकों सहित अन्य स्टाफ को भी प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंडलीय प्रबंधक एचआरटीसी धर्मशाला मंडल पंकज चड्ढा ने कहा कि यातायात नियमों की अनुपालना अत्यंत जरूरी है। उन्होंने सभी प्रकार के वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों की कड़ाई से अनुपालना करते हुए अनमोल जिंदगियों को बचाने का आह्वान किया। इससे पहले मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी साहिल कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय के माध्यम से एचआरटीसी बस सेवा के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में एचआरटीसी के परिचालाकों ने लोक गीत संगीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर एचआरटीसी धर्मशाला के चालकों, परिचालकों एवं अन्य स्टाफ सहित कई गण्मान्य लोग मौजूद रहे।



सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित मुख्यातिथि।

## बर्फ है चंबा-कांगड़ा की साझी रिवायतों की बुनियाद

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

आपस में संसदीय सीट साझी करने वाले कांगड़ा तथा चंबा जिले आपस में सांस्कृतिक रूप से भी कई परंपराओं और रिवायतों को साझा करते हैं। भरमौर तथा होली जैसे स्थानों तक पहुंचना तथा भारी बर्फ के बीच जीवन-यापन काफी दुरूह हो जाता था।

ऐसे में मौसम के तेवरों से बचने के लिए इन शीत मरुस्थलों के लोगों के लिए पलायन मजबूरी बन गया तथा कबायली लोग कांगड़ा के मैदानी इलाकों में बसने लगे। सर्दियों में कांगड़ा तो शेष साल ये चंबा जिला के अपने कबायली क्षेत्रों के काटते हैं। समय के साथ सड़कों, बिजली तथा दूरसंचार जैसी सुविधाओं के अलावा आपात स्थितियों में हेलिकॉप्टर जैसी सुविधाएं मयस्सर होने के बाद भी दोनों जिलों में रिश्तों का ताना-बाना बन चुका है, जो आज भी जारी है। पहले के सालों की तुलना में भले ही कम, लेकिन आज भी कबायली लोग सर्दियों तथा बर्फबारी के दिनों में कांगड़ा जिले के अपने घरों का रुख करते हैं।

चंबा जिला के भटियात समेत बनीखेत आदि विधानसभा हलकों में परंपराएं भी कांगड़ा की तर्ज पर हैं तथा वैवाहिक रिश्तों में भी दोनों जिलों में ज्यादातर संबंध रहे हैं। चंबा में मनाया जाने वाला मिंजर मेला आज भी कांगड़ा के कई जनपदों में मनाया जाता है। (अनंत ज्ञान)

### थुरल कॉलेज में बताए सड़क सुरक्षा के नियम

**डरोह।** महाराजा संसार चंद राजकीय महाविद्यालय थुरल में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्यातिथि की भूमिका प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल ने निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों को यातायात संबंधी बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में रोड सेफ्टी क्लब के समन्यक प्रो. लेखराज नेगी, डॉ. शिशुपाल, कमल सिंह, प्रो. पवन राणा, प्रो. रवि पालसरा, प्रो. पूनम, डॉ. विशाल वालिया, प्रो. संजीव, प्रो. अमनजीत, प्रो. नविता आदि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों में कृष, दिवांश, अनमोल, आदिश, नब्बू, विशाल, सिद्धार्थ, शिवू, शिवम, अंशिका, रजनीश, हिमाशु, विकेश, नेहा, तनु, पल्लवी, दीक्षा, महक व रजनी, आदि उपस्थित रहे।

**आयोजन** | मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने स्कूल के सालाना समारोह में थपथपाई होनहारों की पीठ

# सेहल और जंडपुर के मेधावियों पर बरसे इनाम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, किशोरी लाल ने राजकीय उच्च पाठशाला सेहल और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जंडपुर में वार्षिक पारितोषिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकीत की। सीपीएस ने छात्रों को वार्षिक उत्सव की बधाई देते हुए कहा कि जीवन मे सफलता प्राप्त करने के लिये अनुशासन और कड़ी मेहनत ही सहायक होती है।

सीपीएस किशोरी लाल ने राजकीय उच्च पाठशाला सेहल में शौचालय निर्माण के लिए तीन लाख रुपए देने की और अतिरिक्त कमरों का प्राक्कलन तैयार करने के आदेश विभाग को दिए। उन्होंने जंडपुर स्कूल में मंच निर्माण के लिए डेढ़ लाख और स्कूल के भवन का प्राक्लन तैयार करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्रों को अपनी ऐच्छिक निधि से 11000-11000 रुपए और सेहल के प्राथमिक स्कूल 5100 रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंदर जम्वाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र राव, प्रधान ग्राम पंचायत सेहल शुष्मा देवी, प्रधान तरेहल प्यार चंद चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### भलाड़ स्कूल में एनुअल फंक्शन की धूम

**जवाली।** उपमंडल जवाली के भलाड़ स्कूल में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आगाज सरस्वती मां के आगे दीप प्रज्वलित कर और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस समारोह में एसएमसी प्रधान आशा कुमारी ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुई। मुख्यातिथि को स्कूल प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार और स्टाफ सदस्यों ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि के सामने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं, मुख्यातिथि आशा कुमारी ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस मौके पर पंचायत प्रधान मंगल सिंह , उपप्रधान सदियां देवी , आशा कुमारी,राज कुमार ज्ञान चंद, चमन लाल , राज कुमारी , रमना कुमारी , केडी चौधरी, निर्मला देवी बच्चों के अभिभावकों सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### कलोह स्कूल के होनहार नवाजे

**डाडासीबा ।** कलोहा स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारी कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रधानाचार्या कुसुम लता और एसएमसी प्रधान कुसुम सहित स्कूल स्टाफ ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आगाज हुआ। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर खूब समां बांधा। प्रधानाचार्य ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। इस दौरान मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इस मौके पर रक्कड़ थाना प्रभारी गुरदेव सिंह, कलोहा पंचायत उपप्रधान दलजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति के जरूरतमंद परिवार अंबेडकर लघु ऋण योजना का उठाएं लाभ

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

### व्यवसाय शुरू करने के लिए मिलेगी 50 हजार रुपए की ऋण सहायता

अंबेडकर लघु ऋण योजना के साथ जुड़ कर अनुसूचित जाति वर्ग के गरीब परिवार आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा सकते हैं और अपने परिवार की आर्थिकी को भी मजबूत कर सकते हैं। अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम की अंबेडकर लघु ऋण योजना का लाभ लेकर उक्त परिवार अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। निगम के प्रपत्र में आवेदक अपने व्यवसाय एवं इससे संबंधित जानकारियों सहित अन्य वांछित दस्तावेजों के साथ निगम में आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत आवेदक को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए 50 हजार रुपए तक की ऋण सहायता प्रदान की जाएगी।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति विकास निगम कांगड़ा के जिला प्रबंधक सौरभ शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के सहयोग से अनुसूचित जाति वर्ग के गरीबी की रेखा से नीचे रह रहे परिवारों को छोटा रोजगार शुरू करने के लिए व्यक्तिगत या समूह के सदस्य को 50 हजार रुपए तक की ऋण सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें निगम द्वारा दस हजार रुपए तक पूंजी अनुदान भी दिया जाता है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थी हिमाचल प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए, साथ ही हिमाचल प्रदेश की किसी अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित होना चाहिए। जिला प्रबंधक ने बताया कि योजना के आवेदन के लिए आवेदक के परिवार की वार्षिक आय सीमा 35 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त आवेदक किसी बैंक या किसी अन्य ऋण देने वाली संस्था का ऋण दोषी नहीं होना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## हैप्पी बर्थडे



मंडी की तनवी को 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं।

## शादी मुबारक



धीरा के अवनीश व हरेड़ उतराला की शबनम को परिणय सूत्र में बंधने पर अनंत शुभकामनाएं।



जरोट के निखिल पॉल और त्रिलोकपुर की रिद्धिमा को परिणय सूत्र में बंधने पर अनंत शुभकामनाएं।



सरड़ डोगरी के मोहित व नैहरियां की पूजा को परिणय सूत्र में बंधने पर अनंत शुभकामनाएं।



बारड़ी के निखिल व स्थाना की कविता को शादी की सालगिरह पर अनंत शुभकामनाएं।

### देश भर में अपनाया लोहिया का सुंदर मॉडल, दो दशक तक मंडी साक्षरता समिति के अवैतनिक सचिव रहे सुंदर लोहिया

# लोहिया की जिद ने घर-घर जलाए अक्षरों के सुंदर दीप

**अनिल शर्मा, मंडी**

सुंदर लोहिया एक ऐसा नाम, जिनके काम ने पूरे देश को कामयाब अक्षर मॉडल दिया है।



सुंदर लोहिया

पहाड़ पर साक्षरता अभियान की कामयाबी ने देशभर का ध्यान आकर्षित किया और लोहिया के मॉडल को देशभर ने अपना लिया। मंडी की इस महान विभूति ने घर-घर में अक्षरों के सुंदर दीप जला दिए। गौर हो कि वर्ष 1992 में देश के मानव संसाधन मंत्रालय की ओर से देश भर में निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए साक्षरता अभियान की शुरुआत की गई।

मंडी जिले में भी साक्षरता समिति की गठन किया गया और सेवानिवृत्त कॉलेज प्राचार्य सुंदर लोहिया को इस समिति का सचिव बनाया गया, तब से वर्ष 2010 तक सुंदर लोहिया ने इस पद पर अवैतनिक सेवाएं दीं। इसके पश्चात स्वास्थ्य कारणों से अपनी गतिविधियां कम करनी पड़ीं। सुंदर लोहिया दो दशक तक मंडी साक्षरता समिति की ओर से छेड़े गए इस अभियान के प्रेरणा स्रोत रहे हैं। कालांतर में ज्ञान-विज्ञान समिति के तहत स्वच्छता जागरूकता के क्षेत्र में भी ज्ञान-विज्ञान समिति ने अहम भूमिका निभाई है। मंडी जिले में साक्षरता समिति के तहत शिक्षा के प्रचार और प्रसार के लिए हुए जन आंदोलन ने देश में अपनी अनूठी छाप छोड़ी। मंडी साक्षरता समिति के कामयाब मॉडल को देश के कई जिलों में अपनाया गया। यह एक क्रांतिकारी लेखक और शिक्षक का ही प्रण था कि मंडी जिले के तमाम साहित्यकार, लेखक, बुद्धिजीवी और कलाकार साक्षरता की इस मुहिम का हिस्सा बनने में गौरव अनुभव करते थे। यहां यह सनद रहे कि उस दौर में मंडी साक्षरता समिति से जुड़े स्वयंसेवियों ने 24-24 घंटे भी काम किया है। प्रोफेसर सुंदर लोहिया की जिद का ही परिणाम है कि जन सहयोग से सौली खड्ड में मंडी साक्षरता समिति का अपना भवन बनकर तैयार हुआ।

करीब एक करोड़ की लागत से बने इस भवन की परिकल्पना को साकार करने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई। यह सुंदर लोहिया की सोच थी कि लोगों में पढ़ने की आदत डाली जाए, इसी सोच को फलीभूत करने के लिए मंडी साक्षरता समिति की ओर से मंडी में पुस्तकालय का भी संचालन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर कथाकार, लेखक और कवि के रूप में पहचान बनाने वाले सुंदर लोहिया अपने जीवन के आठवें दशक में भी पूरी तरह से शिक्षा की लौ जलाने में प्रयासरत हैं। इतना ही नहीं, वह समसामयिक विषयों पर बेबाक राय नियमित रूप से पत्र पत्रिकाओं में रखते हैं। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

### बात करते ही मान गए

**सुंदर** लोहिया के साथ रहे जोगिंद्र वालिया ने उनके संस्मरण साझा करते हुए कहा कि मंडी शहर में एक बैठक आयोजित की गई थी। उस दौरान गांधी चौक के पास से सुंदर लोहिया गुजरे और उनसे हमने साक्षरता को लेकर बात की। उन्होंने तत्काल हामी भर दी और काम पर जुट गए।

### कई विषयों पर किया काम

**जोगिंद्र** वालिया ने बताया कि सुंदर लोहिया ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और महिला समानता के लिए काम किया, क्योंकि इन विषयों पर किसी का कोई विरोध नहीं रहा और यह हर ब्लॉक और मुख्य गांव में गए, वहां जाकर शिक्षा की अलख जगाई।

## न्यायाधीश रंजन शर्मा ने श्री चामुंडा के चरणों में नवाया माथा



धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश रंजन शर्मा ने बुधवार को अपने परिवार सहित श्री चामुंडा माता के चरणों में माथा टेका। इस मौके पर उनकी माता, पत्नी, बच्चे व स्टाफ मौजूद रहा। उच्च न्यायालय में सर्दियों की वार्षिक छुट्टियां हैं, इसके चलते वह बुधवार को अपने पैतृक घर धर्मशाला पहुंचे। गौरतलब है कि न्यायाधीश रंजन शर्मा पूर्व जिलाधीश केसी शर्मा के पुत्र हैं।

## सीएम साहब! हमारी बच्चियां अंदर दबी हैं, उन्हें निकलवा दीजिए



सीएम सुक्खू से अपने परिवार के सदस्यों को ढूंढने की गुहार लगाते परिजन।

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

सीएम साहब हमारी बच्चियां व परिवार अंदर दबे हुए हैं, जल्दी उन्हें बाहर निकाला जाए। यह बात लापता चल रहे कामगारों के परिजनों ने बुधवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से कही। बुधवार को मुख्यमंत्री झाड़माजरी में एनआर एरोमा उद्योग में हुए भीषण अग्निकांड की जायजा लेने पहुंचे।

उन्होंने क्षतिग्रस्त बिल्डिंग के बाहरी परिसर का निरीक्षण करते हुए प्रशासन की कार्रवाई के बारे में जानकारी हासिल की, जिसके बाद प्राइवेट अस्पताल में भर्ती घायलों का हाल जाना। उन्होंने परिजनों को प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने मृतकों व लापता परिवारों को साढ़े चार लाख के साथ दो-दो लाख रुपए अतिरिक्त दिए जाएंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, सीपीएस राम कुमार, विधायक नालागढ़ केएल ठाकुर, उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

**सीएम ने केमिकल उद्योग के प्रभावित परिवारों के जख्मों पर लगाया मरहम**

### एनआर एरोमा उद्योग में अग्निकांड के छह दिन बाद भी कंपनी संचालकों को नहीं पकड़ पा रही टीमें

# एसआईटी की जांच पर उठ रहे सवाल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

बद्दी के झाड़माजरी में एनआर एरोमा उद्योग में भीषण अग्निकांड के छह दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन अभी तक बद्दी पुलिस आरोपी संचालकों को नहीं पकड़ पाई है। अब एसआईटी की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े होना शुरू हो चुके हैं कि आखिर एसआईटी क्यों संचालकों को नहीं पकड़ पा रही है।

एसआईटी की लेटलतीफी के चलते कंपनी संचालकों को काफी समय मिल रहा है। सूत्रों के अनुसार कंपनी संचालक अपनी अग्रिम जमानत के लिए हाई कोर्ट पहुंच चुके हैं। अगर एसआईटी इसी तरह से काम करती रही तो अग्निकांड के कई सवाल दबे रह जाएंगे। एसआईटी की अगुआई में एएसपी अशोक वर्मा समेत डीएसपी खजाना राम और बरोटीवाला थाना प्रभारी संजय कुमार को लगाया गया है। जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज का कहना है कि एसआईटी मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

### इन संचालकों के खिलाफ नॉन बेलेबल वारंट हैं जारी

**एडिशनल** चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट नालागढ़ ने एनआर अरोमा फैक्टरी प्रबंधन निलेश पटेल, सिद्धार्थ पटेल और मिलन पटेल निवासी मध्यप्रदेश के खिलाफ नॉन बेलेबल वारंट जारी किए हैं। तीनों आरोपी मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं। वहीं, कंपनी संचालकों की गिरफ्तारी पूरे मामले को लेकर जरूरी है, क्योंकि पिछले दस सालों से उद्योग सरकार व विभागों की नाक तले मिलीभगत से नियमों को ताक पर रखते हुए चलाया जा रहा था, जिससे सरकार को भी लाखों व करोड़ों रुपए का चूना लगाया जा रहा था।

### जल्द होगा खुलासा

**कंपनी** में रॉ मैटीरियल कहां से मंगवाया जा रहा था और किस स्तर का रॉ मैटीरियल इस्तेमाल हो रहा था, उसका खुलासा भी जल्द होगा। कंपनी प्रबंध न काली कमाई के लिए कामगारों की जान से खिलवाड़ कर रही था और पिछले कई सालों से कामगार मौत के साये में काम कर रहे थे।

### प्रशासन ने मृतकों व लापता श्रमिकों के परिजनों सौंपी सहायता



मृतकों व लापता के परिवारों को राशन की सहायता प्रदान करते प्रशासन के अधिकारी।

**बीबीएन।** नालागढ़ उपमंडल प्रशासन ने झाड़माजरी के केमिकल उद्योग के मृतक व लापता के परिवारों को राशन की सहायता प्रदान की है। प्रशासन ने यह सहायता समस्त नौ मृतकों व लापता लोगों के परिवारों को प्रदान की है। राशन किटों का वितरण उद्योग परिसर के बाहर किया गया। बद्दी के तहसीलदार राजेश जरयाल ने बताया कि एसडीएम के दिशा निर्देश अनुसार यह राशन किटें आबंटित की गई हैं। इस अवसर पर हैल्प द गर्ल्स समूह की अध्यक्ष शकुंतला पटियाल, पालो देवी व भानु गौतम भी उपस्थित रहीं। तहसीलदार ने बताया कि यह राशन किटें मृतकों व लापता चंपो देवी, काजल, कल्पना अहिरवा, काजल भारती, शशि, सोनी, रहनुमा व राखी के परिवारों को प्रदान की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### कार और मोटरसाइकिल की टक्कर, एक की मौत

**भोरंज।** लदरौर और पट्टा के बीच विद्युत सब-डिवीजन लदरौर के पास बुधवार शाम के समय एक कार पट्टा से जाहु की तरफ जा रही थी। इस दौरान दूसरी तरफ लदरौर से पट्टा की तरफ से आ रहे मोटरसाइकिल सवार साहिल (22) पुत्र प्रवीन कुमार गांव बस्सी पंचायत भोरंज से कार की टक्कर हो गई । हादसे में मोटरसाइकिल सवार जख्मी हो गया और उसे गंभीर हालत में जिला अहस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार घायल की जिला अहस्पताल में मौत हो गई है । खबर लिखे जाने तक थाना भोरंज से कोई पुष्टि नहीं हुई है।

### बाबा बालक नाथ मंदिर की सराय में पंजाब के श्रद्धालु की मौत

**बिझड़ी।** बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में पंजाब से आए एक श्रद्धालु द्वारा आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है ।



जानकारी के अनुसार सुधीर उम्र लगभग 65 से 70 साल पुत्र हंसराज मकान नंबर 208 मास्टर नगर जालंधर सिटी का रहने वाला था। मंगलवार को उक्त व्यक्ति बाबा की पवित्र गुफा के दर्शनों के लिए पहुंचा था। सराय नंबर-आठ में ठहरा था, लेकिन बुधवार उक्त व्यक्ति सराय के कमरे में मृत मिला। पुलिस की जानकारी के अनुसार मृतक ग्लेज के साथ लटका हुआ मिला है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डेड बॉडी को कब्जे में लेकर परिवार के आने का इंतजार कर रही है । डीएसपी बड़सर सचिन हीरेमठ ने खबर की पुष्टि की है।

### मन्वी में घर में लगी आग

**जाहू ।** भोरंज उपमंडल के मन्वी गांव के निवासी हरीश कुमार के घर में अचानक आग लगने से घर में रखा सामान जल गया। आग उस समय लगी जब घर के सदस्य किसी काम से बाहर गए थे। आग सुबह नौ बजे के आसपास लगी। जब घर से धुएं की लपटें निकलने लगीं तो आसपास के लोगों ने इकट्ठे हो कर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। आग लगने से कमरे में लगी एलईडी, लकड़ी की अलमारी व अलमारी में रखे 25 हजार रुपए, कपड़े व कमरे में रखा अन्य समान जलकर राख हो गया है। पंचायत प्रधान शशि कुमार ने बताया कि आग लगने की सूचना पटवारी को दे दी गई है। आग से लगभग डेढ़ लाख रुपए के नुकसान का अनुमान है।

### 4.50 ग्राम चिट्टे के साथ युवक दबोचा

**शाहपुर।** पुलिस थाना शापपुर के तहत एक युवक से चिट्टा बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम जब गश्त पर थी तो देर शाम शाहपुर के सेहवां निवासी केशव पर पुलिस को शक हुआ और जब उसकी तलाशी ली गई तो उस से 4.50 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रानीताल में पकड़े गए चिट्टे के दो आरोपियों को तीन दिन का पुलिस रिमांड

**देहर।** पुलिस ने रानीताल के नजदीक पुल पर चिट्टे सहित पकड़े गए दोनों आरोपियों को बुधवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। इनमें एक व्यक्ति हारचक्कियां और दूसरा भरमाड़ा (कुठेड़) से है। डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों को बुधवार को देहरा अदालत में पेश किया गया था, जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। बता दें कि मंगलवार को पुलिस की टीम में गुप्त सूचना के आधार पर रानीताल के नजदीक गाली पुल पर दो युवकों को 15.85 ग्राम चिट्टे के साथ पकड़ा था।

## बस ड्राइवर को सीने में उठा दर्द... समय पर ब्रेक लगा बचाई सवारियां

**अनंत ज्ञान, अर्की**

हमीरपुर से राजगढ़ जा रही एचआरटीसी की बस के चालक के सीने में अचानक दर्द उठने से बस में सवार तीन दर्जन सवारियों की जान पर बन आई। गनीमत यह रही कि बेसुध होने से पहले चालक ने अस को ब्रेक लगाकर रोक दिया और इसके ठीक बाद वह बेसुध होकर चालक सीट पर ही गिर गया। बाद में उसे सिविल चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार 30 से 35 सवारियों को लेकर हमरीपुर से राजगढ़ जा रही एचआरटीसी की बस मंगलवार की प्रातः छह बजे यह बस राजगढ़ के लिए चली। जैसे ही बस लगभग सायं साढ़े तीन बजे कुनिहार सुबाथू मार्ग पर गंबरपुल के समीप पहुंची तो बस चालक सीताराम के सीने में अचानक असहनीय दर्द उठा। चालक ने दर्द महसूस होते ही एकदम बस में ब्रेक लगा कर उसे खड़ा कर दिया। इसके बाद चालक सीट पर ही बेसुध हो गया। यह देखकर सवारियां व अन्य लोग हैरान परेशान हो गए कुछ सवारियों ने चालक की छाती को पंप किया एवं आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा 108 की मदद से चालक को सिविल अस्पताल कुनिहार पहुंचाया, जहां उपस्थित चिकित्सक डॉ. प्रिया ने चालक को प्राथमिक चिकित्सा देकर बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## बर्फबारी के बाद शीतलहर की चपेट में प्रदेश

### शिमला, मनाली सहित राज्य के नौ स्थानों पर न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश में करीब एक सप्ताह तक बारिश-बर्फबारी के बाद अब मौसम साफ हो चुका है। दिन के समय धूप खिलने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली है। राज्य के जनजातिय जिला लाहौल-स्पीती सहित आसपास के क्षेत्रों में लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रही है।

वहीं, राजधानी शिमला सहित नारकंडा, कुफरी, कल्पा, मनाली, रिकांगपीयों में लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। राज्य के नौ स्थानों पर बुधवार को न्यूनतम तापमान माइनस में दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से 13 फरवरी तक पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान जताया गया है। हालांकि, उच्च पर्वतीय एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश-बर्फबारी हो सकती है। मौसम खुलने से किसान-बागवान भी खेतों और बागीचों में काम कर सकेंगे। चोटियों पर कई फुट बर्फबारी से ग्लेशियरों को भी संजीवनी मिली है।

### प्रदेश में 300 सड़कें अभी भी बंद

**उधर,** राज्य में 300 के करीब सड़कें यातायात के लिए अभी भी बंद रहीं। इसके अलावा 123 बिजली ट्रांसफार्मर ठप होने से कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित है। राज्य में 35 पेयजल आपूर्ति योजनाएं भी बाधित चल रही हैं। बीते दिनों हुई बर्फबारी से शिमला जिले में अभी भी 59 सड़कें बंद हैं। वहीं, लाहौल-स्पीति में 151, मंडी 28, कुल्लू 50 और चंबा में 46 सड़कें बाधित हैं।

**कहां कितना न्यूनतम तापमान**

**शिमला** में न्यूनतम तापमान 0.3, सुंदरनगर 1.1, भुंतर 0.4, कल्पा -5.8, धर्मशाला 3.2, ऊना 2.4, नाहन 3.7, पालमपुर 0.2, सोलन 0.2, मनाली -3.2, कांगड़ा 2.8, मंडी 2.1, बिलासपुर 5.1, चंबा 2.5, जुब्बड़हट्टी 2.0, कुफरी -1.8, कुकुमसेरी -12.1, नारकंडा -4.0, भरमौर -2.9, रिकांगपिओ -2.5, सेऊबाग -0.5, समदो -9.2 और सराहन में 0.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस अलर्ट

## पार्टी टिकट के लिए कार्यकर्ताओं से सादे कागज पर मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश कांग्रेस भी अब अलर्ट हो गई है। चुनाव प्रक्रिया के नजदीक आते ही कांग्रेस द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही है।

हिमाचल प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व सक्रिय कार्यकर्ताओं से पार्टी टिकट के लिए सादे कागज पर आवेदन मांगे हैं। प्रदेश कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने बुधवार को बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने आम चुनाव लोकसभा 2024 के लिए पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व सक्रिय कार्यकर्ताओं से पार्टी टिकट के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। किमटा ने बताया कि यह आवेदन नौ से 15 फरवरी 2024 तक स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन सादे कागज पर दस हजार की राशि सलंग्न होनी चाहिए।

### सीएम ज्वालामुखी में करेंगे करोड़ों के उद्घाटन व शिलान्यास

धर्मशाला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खु आठ फरवरी को ज्वालामुखी विस क्षेत्र के एकदिवसीय प्रवास के दौरान 204 करोड़ 77 लाख की विकास कार्यों के उद्घाटन तथा शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही अंब पठियार में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री आठ फरवरी वीरवार को प्रातः 11:55 बजे लुथान में नौ करोड़ 32 लाख की लागत से निर्मित होने वाले सुखाश्रय आदर्श ग्राम परिसर का शिलान्यास करेंगे। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे अंब पठियार में ज्वालामुखी क्षेत्र में एचपी शिवा प्रोजेक्ट के तहत 27 करोड़ 30 लाख की लागत से निर्मित होने वाली सिंचाई योजना का शिलान्यास, भड़ोली तथा ज्वालामुखी क्षेत्र के लिए पांच करोड़ 90 लाख की लागत से निर्मित होने वाले नौ नलकूपों के कार्य का शिलान्यास, बानुए-दा-खूह में पांच करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के भवन का शिलान्यास किया जाएगा। ज्वालामुखी विस क्षेत्र की 38 करोड़ 17 लाख की लागत से विभिन्न उठाउ पेयजल योजनाओं के सुधारीकरण कार्य का लोकार्पण किया जाएगा। डिग्री कालेज ज्वालामुखी में सात करोड़ 81 लाख से निर्मित होने वाले बहुउद्देश्यी हाल का शिलान्यास किया जाएगा। इसके उपरांत अंब पठियार में ही सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसके उपरांत पांच करोड़ 49 लाख की लागत से निर्मित पुलिस स्टेशन भवन का लोकार्पण किया जाएगा। गर्ल्स स्कूल ज्वालामुखी में दो करोड़ 12 लाख की लागत से निर्मित अतिरिक्त भवन का लोकार्पण, चार करोड़ 18 लागत की लागत से खारा नाला तटीकरण कार्य का शिलान्यास, ज्वालामुखी में दो करोड़ पांच लाख की लागत से निर्मित होने वाले आईपीएच के निरीक्षण घर का शिलान्यास तथा ज्वालामुखी में 14 करोड़ 34 लाख की लागत से मंदिर ट्रस्ट के मैरिज पैलेस-पार्किंग लोकार्पण मुख्यमंत्री के कर कमलों से किया जाएगा।

**हालात** चिकित्सा संघ ने उठाया मुद्दा, बिना डॉक्टरों के चल रहे सैकड़ों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

# एक-एक डॉक्टर के सहारे सीएचसी और नागरिक अस्पताल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ ने सरकार से मांग की है कि चिकित्सकों की कार्य करने की अवधि निर्धारित की जाए। संघ का कहना है कि प्रदेश की जनता को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए चिकित्सा 16 से 30 घंटे (आपातकालीन) सेवा देने पर मजबूर हैं।

संघ में यह भी कहा है कि प्रदेश के ज्यादातर अस्पताल डॉक्टर्स के बगैर हैं और यह स्थिति डॉक्टर के लिए मानसिक समस्याएं खड़ी कर रही है। हिमाचल में डॉक्टर काले बिल्ले लगाकर पिछले 20 दिनों से लगातार संघर्ष कर रहे हैं। संघ की बैठक संघ के अध्यक्ष डॉ. राजेश राणा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें सभी जिलों के प्रतिनिधि, स्वास्थ्य खंडों के पदाधिकारी और राज्य कार्यकारिणी समिति के सदस्य मौजूद रहे। प्रदेश के अनेक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों का एक ही पद स्वीकृत है। हिमाचल ही ऐसा एकमात्र राज्य है, जहां के नागरिक चिकित्सालय में भी कई जगहों पर एक ही चिकित्सक का पद स्वीकृत है। इन संस्थानों पर चिकित्सक अपनी सेवाएं 24×7 प्रदान कर रहे हैं। इन संस्थानों में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को एक दिन की छुट्टी लेने के लिए भी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इंडियन पब्लिक हेल्थ स्टैंडर्ड के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दस चिकित्सक होने चाहिएं, वहीं काम हिमाचल में एक चिकित्सक से लिया जा रहा है। नागरिक चिकित्सालय में भी जहां 10 से 20 चिकित्सक होने चाहिए वहां पर भी एक ही चिकित्सक से कई जगह काम चलाया जा रहा है। आकलन करें तो बिलासपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हटवार, हरलोग, तलाई, घवांडल, पंजगांई, स्वारघाट आदि ऐसे स्वास्थ संस्थान है जहां केवल एक ही चिकित्सक सेवाएं प्रदान कर रहा है, बाकी पद रिक्त चल रहे हैं। चंबा में नागरिक चिकित्सालय भरमौर में छह पद, सलूनी में छह पद, किहार में चार पद, तिस्सा में आठ पद, किल्लाड़ में छह पद रिक्त चल रहे हैं और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चूड़ी, होली में मात्र एक ही चिकित्सक सेवाएं दे रहा है। हमीरपुर जिला में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भोटा में एक ही चिकित्सक दिन-रात सेवाएं प्रदान कर रहा है और एक पद रिक्त चल रहा है। हिमाचल चिकित्सा संघ के महासचिव विकास ठाकुर ने बताया कि यही हाल अन्य जिलों का भी है। (अनंत ज्ञान)



फाइल फोटो

## न्यूज ब्रीफ

### जुमलों में फंसने वाली नहीं जनता: डॉ. राजेश शर्मा

**धर्मशाला।** विधानसभा चुनावों में भाजपा को नकार चुकी जनता ने धर्मशाला में हाल ही में हुई भाजपा की रैली में फिर बता दिया कि लोग उनके जुमलों में फंसने वाले नहीं हैं। यही, कारण रहा कि जोरावर स्टेडियम में हुई जेपी नड्डा की रैली में आम जनता नाम मात्र थी, लेकिन अपने नेताओं की परिक्रमा करने वाले भाजपा नेताओं का हुजूम था। यह व्यंग्य हिमाचल प्रदेश कांग्रेस पार्टी के कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने भाजपा पर किया है। उन्होंने कहा कि नड्डा की रैली में लोगों से ज्यादा भाजपा नेताओं की भीड़ थी, जो अपने-अपने नंबर बनाने के लिए जोरावर स्टेडियम में जमा हुए थे। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि सीएम सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बेहतर काम कर रही है।

### पंचायत समिति की बैठक बुला खुद मंडी चले गए साहब

**सरकाघाट।** खंड विकास कार्यालय गोपालपुर सरकाघाट के कार्यालय में बुधवार को पंचायत समिति सदस्यों की त्रैमासिक बैठक बुलाई गई थी और तय समय पर सभी बीडीसी सदस्य खंड विकास अधिकारी कार्यालय में पहुंच भी गए थे, तब उन्हें पता चला कि बीडीओ किसी जरूरी मीटिंग से मंडी गए हैं। ऐसा सुनते ही सभी बीडीसी सदस्यों ने आक्रोशित होकर बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया और कहा कि यह बैठक तीन माह में एक बार होती है। अगर यह बैठक भी नहीं की जाए तो क्षेत्र के विकास कार्य कैसे होंगे। सभी बीडीसी सदस्यों के लिए यह बैठक जरूरी होती है और इस बैठक में बीडीओ की मौजूदगी अहम होती है। बीडियो का बैठक में न आना आज की ही बात नहीं है, ऐसा पहले भी कई बार हो चुका है। इस स्थिति में सभी बीडीसी सदस्यों में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि तीसरे महिने तय समय पर ही बैठक की जाए, किसी तरह से बैठक को टाला न जाए। इस मौके पर पंचायत समिति अध्यक्ष सीमा कुमारी, वाइस चेयरमैन विनीत ठाकुर, सदस्यों में राम कुमारी, मीना कुमारी, प्रमिला देवी, अंजना देवी, अंजना कुमारी, संजय, चंद्रमणि, सुनीता देवी तथा अन्य मौजूद रहे। इस विषय पर खंड विकास अधिकारी विवेक पाल से बात हुई तो उन्होंने बताया कि जिला उपायुक्त द्वारा एक बैठक जिला मुख्यालय में बुलाई गई है, उसमें उन्हें तुरंत जाना पड़ा तथा अपना कार्यभार वह दफ्तर के ही एक कर्मचारी ब्रह्म दास को सौंप कर आए हैं बीडीसी सदस्यों के साथ बैठक रद्द होने का उन्हें भी खेद है, जल्द बैठक बुलाई जाएगी।

### बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास की बैठक में 65 करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी

**बिझड़ी।** बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। बैठक में विधायक इंद्र दत्त लखनपाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में विभिन्न व्यवस्थाओं और अन्य मुद्दों को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बड़सर विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि एडीबी की मदद से 65 करोड़ रुपए की परियोजना मंजूर की गई है। लखनपाल ने न्यास के सरकारी और गैर सरकारी सदस्यों से आग्रह किया कि वे मंदिर परिसर में सभी आवश्यक सुविधाओं में सुधार एवं विस्तार की दिशा में कार्य करें। बैठक के दौरान न्यास के अध्यक्ष एवं बड़सर के एसडीएम डॉ. रोहित शर्मा ने न्यास की विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में मंदिर अधिकारी धर्मपाल सिंह, बीडीओ रमेश कुमार, न्यास के अन्य सरकारी और गैर सरकारी सदस्य भी उपस्थित थे।

# ई-परिवार ऐप में शहर के परिवार होंगे रजिस्टर

## शहर के सभी परिवारों की ऑनलाइन मिलेगी डिटेल, कैथू वार्ड से शुरू किया गया अभियान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम शिमला की ओर से शहर के परिवारों को रजिस्टर किया जा रहा है। कैथू वार्ड से इसका काम शुरू कर दिया गया है। शहर के सभी परिवारों का पूरा ब्यौरा तैयार किया जाएगा।

निगम की ओर से एक ऐप बनाई जाएगी, इसका नाम ई-परिवार रखा जाना है। शहर के परिवार की सारी डिटेल इस ऐप में होगी। नगर निगम को इससे से काफी फायदा होगा। ई-परिवार से शहर की जनसंख्या के साथ टैक्स और अन्य कामों को करने मे आसानी होगी। परिवार रजिस्टर को लागू करने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 48ए धारा 308ए और प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 43(5) और धारा 393 में संशोधन किया है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के बारे में महत्वपूर्ण डाटा उपलब्ध होगा, जिसके उपयोग से संसाधनों के बेहतर आवंटन सुनिश्चित कर जन कल्याण के लिए योजनाएं बनाई जा सकेंगी।


शिमला की फाइल फोटो।

अब शहर में बसे परिवार में रहने वाले सदस्यों, उनके व्यवसाय, जाति, शैक्षणिक स्थिति और अन्य आवश्यक विवरणों का रिकॉर्ड रखा जाएगा। संशोधित नियमों में वार्ड समिति के संबंधित सचिव को वार्ड के वास्तविक निवासियों के परिवारों के विवरण के लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण करना अनिवार्य किया जाएगा।

### शहर के परिवारों की पहचान करने में होगी आसानी

अभी तक अर्बन परिवारों को रजिस्टर नहीं किया गया है, जिससे लोगों की पहचान करने में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। अभी शहर में बसे हुए परिवार में कितना नुकसान हुआ है, इसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता है, लेकिन जैसे ही यह कार्य पूर्ण होगा, तो निगम को कार्य करने में आसानी हो सकती है।

> परिवार रेजिस्टर के लिए नगर निगम ने काम शुरू कर दिया है, साथ ही एक ऐप भी बनाई जा रही है, जिसमें शहर के परिवार की पूरी डीटेल रखी जाएगी। इससे शहरवासियों को भी लाभ पहुंचेगा।
> **भूपेंद्र अत्री, आयुक्त नगर निगम शिमला।**

# कुफरी-फागू सड़क का निरीक्षण कर यातायात करवाया सुनिश्चित


डीसी अनुपम कश्यम कुफरी-फागू सड़क का निरीक्षण करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बुधवार को अन्य अधिकारीयों के साथ कुफरी-फागू सड़क का निरीक्षण किया और सुगम यातायात सुनिश्चित करवाया।

गत दिवस हुए ओलावृष्टि और हिमपात के कारण इस मार्ग पर फिसलन बढ़ने से यातायात प्रभावित हुआ था। इसके अतिरिक्त, खराब मौसम की वजह से जो रेत बर्फ पर डाली गई थी, वह भी धूल गई थी। उपायुक्त ने बुधवार को एडीसी (कानून एवं व्यवस्था) अजीत कुमार भारद्वाज, एसडीएम ठियोग मुकेश शर्मा और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ मार्ग का निरीक्षण किया। सभी के बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने से अब मार्ग पर वाहनों का सुगम आवागमन जारी है।

## स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का जिला स्तरीय परिणाम घोषित

# टुटू स्कूल के हितेश शर्मा ने झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एबीवीपी प्रदेश की ओर से आयोजित प्रदेश स्तरीय स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का जिला शिमला का परिणाम घोषित किया गया है।

प्रतियोगिता में क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल टुटू के 12वीं कक्षा के छात्र हितेश शर्मा ने जिलाभर में प्रथम स्थान हासिल किया है, वहीं क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल टुटू से 12वीं कक्षा की छात्रा सिमरन शर्मा ने द्वितीय स्थान तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटी से 11वीं कक्षा के सूरज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जिला संयोजक शिमला दुशाला संस्टा ने कहा है कि एबीवीपी ने पांच अक्तूबर, 2023 को पूरे प्रदेश पर में स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया था, जिसमें शिमला शहरी जिले में लगभग 57 स्कूलों से 3486 विद्यार्थियों ने पंजीकरण करवाया था और इस परीक्षा में कुल 2103 विद्यार्थी उपस्थित हुए थे, जिसका परिणाम आज घोषित किया गया है। दुशाला ने कहा कि जिले में पहले स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी को 11000 दूसरे स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी को 7100 तथा तीसरे स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थी को 5100 की नकद राशि के साथ सम्मानित किया जाएगा।

### 17 फरवरी को होगा विद्यार्थियों का पुरस्कार वितरण समारोह


हितेश शर्मा।


सिमरन शर्मा ।


सूरज ।

अभाविप शिमला जिला संयोजक ने कहा है कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला शिमला की ओर से इन सभी विद्यार्थियों का पुरस्कार वितरण समारोह 17 फरवरी को तय किया गया जहां विद्यार्थी परिषद इन सभी होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित करेगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला शिमला इन सभी विद्यार्थियों को एवं उनके परिजनों को परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित करती है, तथा इस परीक्षा में सहभागी सभी परीक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

## सीएम ने नौ को बुलाई मंत्रिमंडल की बैठक

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने दिल्ली दौरे के बाद नौ को मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई है। बैठक में विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल की तरफ से दिए जाने वाले अभिभाषण को मंजूरी मिल सकती है। विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण के बाद इस पर चर्चा आरंभ होगी। चर्चा में पक्ष-विपक्ष के विधायक हिस्सा लेंगे।

इसमें सत्तापक्ष जहां राज्यपाल के अभिभाषण को आधार बनाकर इसकी तारीफ करेगा, वहीं विपक्ष सरकार की खामियों को सामने लाने का प्रयास करेगा। बाद में सदन के नेता एवं मुख्यमंत्री सुक्खू राज्यपाल अभिभाषण पर हुई चर्चा का उत्तर देंगे। राज्यपाल के अभिभाषण को सरकार की तरफ से अंतिम रुप दे दिया गया है।


# एमपीडब्ल्यू पद के लिए अनुभव प्रमाण पत्र की शर्त को हटाया जाए

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

जल शक्ति विभाग में भरे जा रहे मल्टी टास्क वर्कर्स अर्थात् बेलदार के पद लिए छह माह का अनुभव प्रमाण पत्र मांगना तर्कसंगत नहीं है।

इसके अतिरिक्त युवाओं को इन पदों के बारे में आवेदन करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है, जोकि उचित नहीं है। प्रदेश किसान सभा के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप तंवर ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि बेलदार के पद के लिए छह माह का अनुभव मांगने के पीछे बेक डोर एंट्री की संभावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। जल शक्ति विभाग कसुपंटी मंडल में मल्टी टास्क वर्कर्स अर्थात् बेलदार के 29 पद भरे जाने हैं, विभाग की ओर से जेएसवी, लोक निर्माण विभाग, सीपीडब्ल्यूडी अथवा किसी ऑउट सोरस एजेंसी से छह माह का अनुभव प्रमाण पत्र मांगा गया है और साथ में यह भी शर्त लगाई है कि यह प्रमाण पत्र एक्सईएन से कांउटर साइन होना चाहिए।

### पदों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार भी नहीं हुआ



इन पदों के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार भी नहीं हुआ है। विभाग की ओर से केवल एक सप्ताह का समय आवेदन करने के लिए दिया गया, जो कि युवाओं की भविष्य के साथ एक सरासर खिलवाड़ है। डॉ. तंवर ने तर्क देते हुए बताया, जो युवा पहले ही जेएसवी, लोनिवि अथवा किसी ऑउट सोरस एजेंसी में कार्य कर रहे हैं वह इस पद के लिए आवेदन करेगें ही नहीं। दूसरी बात कि इस पद के लिए आम बेरोजगार युवा आवेदन नहीं कर पाएंगे। इन पदों के लिए यदि युवा की ओर से किसी रजिस्टर्ड ठेकेदार से अपना अनुभव प्रमाण बनाते हैं, उसे कोई भी अधिकारी कांउटर साइन नहीं करेगा। कुछ व्यथित बेरोजगार युवाओं का कहना है कि राजनीतिज्ञों और विभाग की मिलीभगत से इन पदों पर तैनाती होना प्रतीत होता है। इन युवाओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पहले भी विभाग की ओर से अपने चहेतों को ऐसे पदों पर तैनात करने के लिए अनुभव प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं।

# कोटखाई के 12 लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता की ग्रहण

**दशमी रावत, रोहड़ू**

कोटखाई तहसील की ग्राम पंचायत नगान से मुमेद चौहान, साहिल चौहान, नरेश चौहान, रीना चौहान, अनु चौहान, कुमारी मोनू चौहान, प्रंशुल चौहान, शुकुंतला चौहान, प्रोमिला चौहान, महावीर चौहान व ग्राम पंचायत बाघी से मोहिंद्र रोहटा व सीता रोहटा ने पूरे परिवार सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा छोड़ कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली है।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने सभी का कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया है कि उन्हें पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई ने सभी कार्यकर्ताओं का कांग्रेस पार्टी में विश्वास व्यक्त करने पर हार्दिक स्वागत किया। (अंनत ज्ञान)


कोटखाई के 12 लोग कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए।

## शिमला में यादगार पल...


शिमला के सर्द मौसम में बुधवार को गर्म कपड़े पहने पर्यटक फोटो खिंचवाते हुए।

# जुब्बल नावर कोटखाई के 133 बूथों पर प्रवास करेंगे कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू**

जुब्बल नावर कोटखाई भाजपा की ओर से गांव चलो अभियान के तहत गुम्मा में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अभियान के तहत भाजपा प्रवासी कार्यकर्ता बूथों में जाकर आम जनमानस से संपर्क साधेंगे तथा मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व विकासात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। गांव चलो अभियान के अंतर्गत जुब्बल नावर कोटखाई के 133 बूथों पर प्रवासी कार्यकर्ता प्रवास करेंगे।

### लोगों से सीधे जुड़ने का माध्यम बनेगा

अभियान बूथ स्तर पर लोगों से सीधे जुड़ने का माध्यम बनेगा। भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री सिद्धार्थन ने बताया कि अभियान के तहत गांव-गांव में भाजपा के प्रवासी कार्यकर्ता 24 घंटे प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने बूथ संयोजकों व प्रवासी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि गांव चलो अभियान में समस्त कार्यकर्ता बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाएं।

# दुकानदारों, वाहनों के किए चालान

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू**

उपमंडलाधिकारी रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत ने बुधवार को रोहड़ू बाजार का औचक निरीक्षण कर 100 से अधिक दुकानदारों व वाहनों के चालान किए। निरीक्षण के दौरान बाजार में दुकानदारों ने शटर के बाहर सड़क पर व दुकानों के आगे सामान सजाकर अतिक्रमण किया हुआ है।

दुकानों के आगे अतिक्रमण होने से बाजार की सड़क व पैदल रास्तों को संकरा कर दिया है, जिससे बाजार में आए दिन जाम लगने की स्थिति गंभीर हो गई है। वहीं, बाजार में खरीददारी करने के लिए गांव से आने वाले आम लोगों को पैदल रास्तों पर चलने फिरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में 30 फीसदी दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे की जगह 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से सबलैट की हुई है। ये दुकानदार अपनी दुकानों के सामने सड़क पर गाड़ियां खड़ी कर सड़क की चौड़ाई को कम कर रहे हैं, जिससे आए दिन जाम की स्थिति गंभीर बनी हुई है।


एसडीएम रोहड़ू विजय सारस्वत रोहड़ू बाजार का औचक निरीक्षण करते हुए।

एसडीएम रोहड़ू विजय वर्धन सारस्वत ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि बाजार में जाम की स्थिति से छुटकारा पाने के लिए सभी लोगों को अपने वाहन पेड पार्किंग व फ्री पार्किंग में खड़े करने होंगे। दुकानदारों को भी शापकीपर एक्ट के तहत अपना सामान दुकान के शटर के अंदर ही रखना होगा। एसडीएम ने कहा कि बाजार में औचक निरीक्षण की यह प्रक्रिया निरंतर चलती रहेगी। आने वाले समय में कानून की अवहेलना करने वाले लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। इस अवसर पर उनके साथ एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी, नगर परिषद रोहड़ू के कार्यकारी अधिकारी संदीप कुमार, सफाई निरीक्षक मनोज कुमार एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी व स्थानीय लोग शामिल रहे।

# महिला मंडल पनेवग में शौचालय निर्माण को एक लाख रुपए


पनेवग में जिला परिषद सदस्य उज्ज्वल सेन मेहता का स्वागत करते लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुमारसैन**

जिला परिषद सदस्य कुमारसैन उज्ज्वलसेन मेहता ने बुधवार को महिला मंडल पनेवग का दौरा किया। पनेवग पहुंचने पर महिला मंडल पनेवग की महिलाओं ने जिप सदस्य उज्ज्वल सेन मेहता का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

उन्होंने उज्ज्वल मेहता को हिमाचली टोपी और मफलर पहनकर सम्मानित किया। महिला मंडल पनेवग ने उज्ज्वल सेन मेहता के समक्ष महिला मंडल भवन के अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए धनराशि की मांग रखी। उज्ज्वल सेन मेहता ने महिला मंडल पनेवग को शौचालय निर्माण के लिए एक लाख रुपए की धनराशि देने की बात कही। इस दौरान उज्ज्वल सेन मेहता के साथ ग्राम डीब के प्रधान राज कुमार कौल,वार्ड सदस्य आशीष, महिला मंडल पनेवग की प्रधान सीमा वर्मा, सचिव देविंद्रा वर्मा,उप प्रधान यशोद्धा वर्मा, कोषाध्यक्ष शकुंतला वर्मा व महिला मंडल पनेवग की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# भारतीय सेना में भर्ती प्रक्रिया से ड्यूटी के दौरान कर्तव्य की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय सेना के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए सोलन के सेना पब्लिक स्कूल डगशाई में विशेष सेमिनार का आयोजन किया।

इसमें सेना भर्ती कार्यालय शिमला से भर्ती चिकित्सा अधिकारी मेजर विक्रम कुलकर्णी, सूबेदार मेजर सुरेश डी और सूबेदार मेजर घनश्याम सिंह यादव ने 194 छात्रों को भारतीय सेना में भर्ती प्रक्रिया से लेकर ड्यूटी के दौरान अपने कर्तव्य की विस्तृत जानकारी दी। मेजर विक्रम कुलकर्णी ने छात्रों को सेना में अधिकारी बनने के बारे में बताया। सूबेदार मेजर सुरेश डी ने अग्निवीर भर्ती के बारे में बताया। अग्निवीरों की भर्ती दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण में ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित लिखित परीक्षा व द्वितीय चरण में भर्ती रैली होगी। भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवार अपना नाम वेबसाइट पर पंजीकरण करें।


सेना भर्ती कार्यालय शिमला के अधिकारी डगशाई स्कूल के छात्रों को संबोधित करते हुए।

शिमला, सिरमौर, सोलन और किन्नौर जिले के जिन युवाओं का जन्म एक अक्तूबर 2003 से 30 अप्रैल, 2007 के बीच हुआ है और उन्होंने दसवीं या बारहवीं की कक्षा उत्तीर्ण की है या परिणामों की घोषणा की प्रतीक्षा कर रहे हैं, वे सभी आवेदन करने के पात्र हैं। ऑनलाइन सीईई में उपस्थित होने के लिए प्रवेश-पत्र परीक्षा शुरू होने से कुछ दिन पहले ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। इसकी सूचना उम्मीदवारों के मोबाइल पर एसएमएस और उनके पंजीकृत इमेल आईडी पर भी भेजी जाएगी।

**समस्या** निगम की ओर से तारों को अंडरग्राउंड करने की बात कही गई थी, लेकिन अभी कोई भी कार्य शुरू नहीं किया गया

# शहर में तारों के जंजाल आमजन के लिए बने मुसीबत

**आशिमा वैरागी, शिमला**

राजधानी शिमला में तारों के जंजाल से आमजन काफी परेशान हैं। यह तारें लोगों के लिए मुसीबत बन गई हैं। बाजार में जगह-जगह तारों के गुच्छे नजर आ रहे हैं। शहर में इससे नुकसान होने का भय बना रहता है।

निगम की ओर से तारों को अंडरग्राउंड करने की बात कही गई थी, लेकिन अभी कोई भी कार्य शुरू नहीं किया गया है। शहर में जगह-जगह लाइट के खभों पर तारों के बंडल पड़े रहते हैं, जिसे काफी साल हो गए हैं। इसमें आधे से ज्यादा तारें ऐसी हैं, जो काम की ही नहीं हैं, जो तारे खराब हो जाती हैं उन्हें काटने की बजाए वहां नई तारों को लगा दिया जाता है, जिससे तारों की संख्या बढ़ती जा रही है। इसको लेकर नवंबर माह में निगम ने केबल ऑपरेटर के साथ बैठक की थी, जिसमें एयरटेल, जियो, बीएसएनएल और केबल ऑपरेटर को बुलाया गया था। निगम महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि इन तारों ने शिमला की तस्वीर खराब कर दी है। यह निगम बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा। अब केवल ऑपरेटर और नेट के कनेक्शन की जांच की जाएगी और इसमें पार्षद भी उनका साथ देंगे। सुरेंद्र चौहान ने कहा कि अब इन्हें पेनल्टी देनी होगी, जिसमें वहां निगम को फीस देगा। स्मार्ट सिटी शिमला में तारों को अंडरग्राउंड करने के लिए फर्स्ट फेज में छोटा शिमला से सीटीओ तक 25 करोड़ की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा बिजली को तारों को अंडरग्राउंड किया जाना था। (अनंत ज्ञान)



### एमसी लगाएगा छोटे टावर्स

बैठक में निगम की आय बढ़ाने की बात भी की गई, जिसमें विभिन्न केबल ऑपरेटर और कंपनी से आए लोगों ने कहा कि शहर में छोटे-छोटे टावर लगाकर लोगों को सेवाएं दी जा सकती है। निगम अपनी संपत्ति में छोटे टावर लगाने के लिए रूपरेखा तैयार करेगा, जिससे नगर निगम की आय बढ़ेगी।

### 2019 में इस प्रोजेक्ट को मिल चुकी थी मंजूरी

शहर में लगने वाले अघोषित कट और लो वोल्टेज की समस्या से भी छुटकारा मिलना था। साथ ही बरसात और बर्फबारी के दौरान बिजली की तारें टूटने का खतरा भी नहीं होना था। शिमला की हालत अभी ऐसी है कि लोअर बाजार से लेकर वीआईपी रोड में भी हर जगह तारें लटकी हुई हैं। साल 2019 में इस प्रोजेक्ट को मंजूरी भी मिल चुकी थी, लेकिन करोड़ों की यह योजना बजट न मिल पाने की वजह से सिरे नहीं चढ़ पाई। इस बार प्रदेश सरकार ने मामले में गंभीरता दिखाते हुए मार्च महीने में जल्द से जल्द डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अभी भी प्रोजेक्ट की फाइल एक टेबल से दूसरे टेबल के चक्कर काट रही है।

### बिजली बोर्ड को लिखेंगे पत्र

निगम का कहना है कि जहां यह खंबे खड़े किए गए हैं। वह एमसीसी प्रॉपर्टी है। इसकी परमिशन बिजली बोर्ड ने दी है और इसके लिए 18 करोड़ रुपए कंपनियों ने बिजली बोर्ड को भी दिए हैं। एमसीसी प्रॉपर्टीज होने के बावजूद निगम को इसका एक रुपए भी नहीं मिल रहा।

> नगर निगम ने पिछले वर्ष तारों को लेकर बैठक की थी, जिसमें तारों को अंडरग्राउंड करने को कहा था। मार्च महीने में इसको लेकर डीपीआर तैयार की जानी है। शिमला शहर को खूबसूरत बनाने के अब पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। **सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

# शिमला ग्रामीण में विकास कार्यों में नहीं आने दी जाएगी कमी

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

शिमला ग्रामीण के विधायक विक्रमादित्य सिंह को शहरी विकास मंत्रालय मिलने पर नगर पंचायत सुन्नी के प्रतिनिधियों ने उनसे शिष्टाचार भेंट की और उन्हे शुभकामनाएं दी।

उनके शिमला स्थित सचिवालय कार्यालय में की गई भेंट के दौरान उन्होंने सुन्नीवासियों को सुन्नी और शिमला ग्रामीण में विकास कार्यों में किसी भी तरह की कमी न आने का आश्वासन दिया तथा कहा कि प्रदेश के लिए समर्पण भाव से कार्य किया है और करते रहेंगे। इस दौरान सुन्नी के प्रतिनिधियों ने उन्हें विश्वास दिलाया कि सुन्नी की जनता भी आपके के लिए समर्पित है और कंधे से कंधा मिलाकर हर संभव कार्य के लिए तत्पर हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत सुन्नी के अध्यक्ष प्रदीप शर्मा, उपाध्यक्ष श्यामा देवी, पार्षद कपिल गुप्ता, अमित वर्मा, रूप लाल, आशा कंवर, नरेश राय, निशा गुप्ता तथा अन्य प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### शिवाजी क्लब की क्रिकेट प्रतियोगिता 12 से



**पांवटा साहिब।** हर वर्ष शिवाजी स्पोर्ट्स एंड कल्चरल क्लब द्वारा आयोजित की जाने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता इस बार 12 फरवरी से शुरू होगी। शिवाजी क्लब के अध्यक्ष मधुकर डोगरी ने बताया कि इस मर्तबा शिवाजी क्लब वीर शिवाजी उत्तर भारत क्रिकेट ट्रॉफी का आयोजन करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन कांग्रेस नेता अवनीत सिंह लांबा करेंगे। उन्होंने बताया कि पिछले 25 सालों से वे इस प्रतियोगिता का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाएगी, उत्तर भारत से लगभग 15 क्रिकेट टीमें प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान दोनों ग्रुपों की विजेता टीमें फाइनल में खेलेंगी। विजेता टीम को ट्रॉफी व 31 हजार रुपए नकद व दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को ट्रॉफी के साथ 21 हजार रुपए का नकद राशि प्रदान की जाएगी।

### केंद्र में दोबारा लौटेगी भाजपा : रश्मिधर सूद



मीडिया से बात करतीं रश्मिधर सूद।

**नाहन।** आगामी लोकसभा चुनाव में हिमाचल प्रदेश में भाजपा महिला मोर्चा अहम भूमिका निभाएगा, वहीं भाजपा महिला मोर्चा का दावा है कि केंद्र सरकार को दोबारा सत्ता में लाने में महिलाओं की अहम भूमिका रहने वाली है। भारतीय जनता पार्टी का नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत नाहन में भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल व प्रदेश महिला मोर्चा प्रभारी रश्मिधर सूद विशेष रूप से मौजूद रहीं। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष रूप से मंथन किया गया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए रश्मि धर सूद ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल है और आने वाले समय में इसके परिणाम देखने को मिलेंगे।

### विनोद शर्मा कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत



**नाहन।** सिरमौर जिले के रेणुका चुनाव क्षेत्र के युवा भाजपा नेता विनोद शर्मा कल्मयाण को प्रदेश युवा भाजपा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है। गत दिवस प्रदेश भाजपा कार्यालय से भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलकराज शर्मा द्वारा गठित राज्य युवा भाजपा कार्यकारिणी में रेणुका से विनोद शर्मा कल्मयाण के साथ सिरमौर जिले के पांच युवा नेताओं सहित पूरे प्रदेश से युवा मोर्चा की कार्यकारिणी में 48 जुझारू युवाओं को शामिल किया गया है। विनोद शर्मा कल्मयाण आरएसएस हरिपुरधार जिला में सहसंयोजक के साथ-साथ रेणुका मंडल संघ के कार्यवाह का दायित्व भी संभाल रहे हैं और इससे पूर्व एबीवीपी के जिला संयोजक और डिग्री कॉलेज नाहन के एबीपी कैंपस अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी कार्य कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि गत दिवस गठित प्रदेश कार्यकारिणी में विनोद कल्मयाण के अतिरिक्त सिरमौर जिले के पच्छाद चुनाव क्षेत्र से प्रशांत ठाकुर और अंशुल पुंडीर, शिलाई से नरेंद्र प्रताप सिंह और नाहन चुनाव क्षेत्र से शुभम नेगी को प्रदेश युवा मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया है।

### छात्रों ने सीखे ऑन जॉब ट्रेनिंग स्किल्स



कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थी प्रशिक्षकों के साथ।

**नाहन।** सिरमौर जिले के ऐतिहासिक शमशेर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) नाहन के कक्षा 10वीं, 11वीं और 12वीं के छात्रों ने अपनी दैनिक पढ़ाई के अलावा ऑन जॉब ट्रेनिंग के गुर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, उपायुक्त कार्यालय परिसर सिरमौर स्थित कार्यालय नाहन में सीखे। प्रधानाचार्य राजकुमार चौहान ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं उनके व्यक्तित्व में निखार आता है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आठ फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। जिला राजस्व अधिकारी चेतन चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्कूल प्रभारी एवं नोडल अध्यापक दीपक ठाकुर एवं निकिता ठाकुर, आपदा प्रबंधन से विशेष प्रशिक्षक तथा अन्य उपस्थित रहे।

### फलदार पौधे लगाने का यह सही समय : विशेषज्ञ

**सोलन।** वर्षा व बर्फबारी से तापमान में आई गिरावट के कारण निचले क्षेत्रों में चिलिंग आवर्स के पूरे होने की पूरी संभावना बढ़ गई है। वर्षा तथा बर्फबारी से आई नमी के पश्चात बागवानों को डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के वैज्ञानिकों ने परामर्श दिया है कि वे अपने बागीचों में समय रहते फलदार पौधों के रोपण का कार्य पूरा कर लें। यह विशेष ध्यान रखें कि फलदार पौधों के कलम का जोड़ भूमि के धरातल से लगभग 20-25 सेंटीमीटर ऊंचा रहे तथा उनकी जड़ें सही दिशा में फैली रहे। स्व निष्फलता वाली किस्मों के साथ 25 से 33 प्रतिशत परागण किस्मों को अवश्य लगाएं। इसके अतिरिक्त अपने बागीचों में कांट-छांट का कार्य भी समय रहते पूरा कर लें। डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर स्थित फल विज्ञान विभाग, बीज विज्ञान विभाग तथा मॉडल फॉर्म में सेब की बहुत सी किस्मों तथा सेब के क्लोनल रूटस्टाक, आडू एवं अनार के पौधे अभी विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र कंडाघाट, कृषि विज्ञान केंद्र चंबा, बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, मशोबरा, बजौरा और शारबो में अभी सेब, प्लम आदि के नर्सरी पौधे विक्रय के लिए उपलब्ध हैं। अभी तक विश्वविद्यालय के विभिन्न केंद्रों से बागवान विभिन्न फलों के 1.40 लाख से अधिक पौधे खरीद चुके हैं।

### लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



रैली निकालते राजकीय महाविद्यालय अर्की के रोड सेफ्टी क्लब के सदस्य।

**अर्की।** राजकीय महाविद्यालय अर्की के रोड सेफ्टी क्लब ने नुक्कड़ नाटक एवं रैली के माध्यम से स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों को सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया। सड़क सुरक्षा क्लब के 40 विद्यार्थियों ने बातल चौक पर नुक्कड़ नाटक किया, साथ ही महाविद्यालय परिसर से बादल चौक तक रैली निकाली। रैली को महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. सुनीता शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर रोड सेफ्टी क्लब के प्रभारी प्रो. सोहन नेगी ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे समाज में सड़क सुरक्षा की जानकारी उपलब्ध करवाएं जिससे कम से कम दुर्घटनाएं घटित हों। यह जानकारी डॉ. राजन तनवर एसोसिएट प्रो. एवं मीडिया प्रभारी राजकीय महाविद्यालय अर्की ने दी।

### किड्स पैराडाइज स्कूल के मेधावी नवाजे



अतिथियों को सम्मानित करते स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी।

**पांवटा साहिब।** किड्स पैराडाइज स्कूल शमशेरपुर में नन्हे बच्चों का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह में 38 ग्रुप ऑफ कंपनीज के डायरेक्टर नीरज भाटिया बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे। कार्यक्रम में महक भाटिया विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचीं। इस दौरान स्कूल की डायरेक्टर पूनम गोयल सहित समस्त स्टाफ ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अन्य स्कूलों के प्रतिनिधि भी इस समारोह में शामिल हुए। स्कूल की प्रधानाचार्य चारुल गोयल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और कहा कि इस स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ कई प्रकार की गतिविधियां करवाई जाती हैं। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। देशभक्ति गाने पर नृत्य देख सभी ताली बजाने लगे। बच्चों ने लघु नाटिका भी पेश की। मुख्य अतिथि नीरज भाटिया ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। इस दौरान अरविंद गोयल, अंशुल गोयल, अर्पित गोयल, अंकुश गोयल, शिखा बंसल, दीपा पंवार, नीतू चौहान, दिव्या शर्मा, किरन बाला व विशाल आदि मौजूद रहे।

# ओल्ड डीसी चौक से कॉलेज तक बनेगा फुटपाथ

## राजगढ़ रोड से अतिक्रमण हटाने के बाद खुली हुई सड़क, तैयार की जा रही डीपीआर

**आर. मोहन चौहान, सोलन**



सोलन के ओल्ड डीसी चौक पर सर्वे करते एजेंसी कर्मी।

प्रशासन की तरफ से राजगढ़ रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से फुटपाथ बनाने का रास्ता साफ हो गया है। सड़क के दोनों तरफ से अतिक्रमण हटाए जाने से अब ट्रैफिक की आवाजाही सुगम हुई है, पर पैदल चलने वाले यात्रियों को अभी वाहनों की तेज रफ्तारी से दो चार होना पड़ता है।

व्यापार मंडल सोलन और स्थानीय लोगों की मांग को देखते हुए प्रशासन और नगर निगम की तरफ से अब ओल्ड डीसी चौक से कॉलेज तक निजी एजेंसी की मदद से फुटपाथ की डीपीआर तैयार की जा रही है। एजेंसी ने बाकायदा फुटपाथ का सर्वे शुरू कर दिया है। डीपीआर के मुताबिक फिलहाल सड़क के एक तरफ तीन फुट का फुटपाथ का निर्माण होगा। फुटपाथ बनने से स्थानीय लोगों सहित कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सुगमता होगी। इससे वाहन दुर्घटनाओं का खतरा भी कम होगा।

**सड़क के कई हिस्से पैदल यात्रियों के लिए खतरा :** शहर में बढ़ते ट्रैफिक के रश से सड़क के कई हिस्से पैदल यात्रियों के लिए खतरा बन चुके हैं। शहर के पुराना डीसी ऑफिस चौक की चौड़ाई कम होने से राजगढ़ की तरफ जाते पैदल रास्ते यात्रियों के लिए सुरक्षित नहीं रह गए हैं। पुराना डीसी आफिस चौक में सड़क के एक तरफ बने कुछ मीटर के फुटपाथ से लोगों को पैदल चलने की सुविधा तो मिली, पर दूसरी तरफ यात्रियों को लोहे की जाली के ऊपर से चलकर वाहनों की भीड़ के बीच जान जोखिम में डालनी पड़ रही है। चौक में राजगढ़ की तरफ मुड़ने वाले वाहनों के टायर अकसर नाली के ऊपर आ जाते हैं। इससे राह चलते स्कूली बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों की जान खतरे में पड़ जाती है।

सड़क के साथ बनी दुकानों के सामने सेटबेक एरिया नहीं छोड़ने से यहां पर वाहनों की रफ्तार से बचना मुश्किल हो रहा है। चौक का यह हिस्सा पैदल यात्रियों के लिए डेंजर जोन बनने के चलते सामाजिक संस्थाएं फुटपाथ की मरम्मत कर इससे पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित बनाने की मांग करते रहे हैं।

### कंट्रोल विड्थ से बाहर बनेगा फुटपाथ

प्रशासन की कार्रवाई से राजगढ़ रोड में कंट्रोल विड्थ से आगे बढ़े दुकानदारों को पीछे हटाया गया। साथ ही टेंपरेरी ढारो को भी गिराया गया। इसी तरह कण्ट्रोल विड्थ में लगाई गई रेलिंग और रैम्प भी तोड़े गए। अतिक्रमण हटने अब मुख्य सड़कों में यातायात की आवाजाही सुगम हो रही है। प्रशासन ने ओल्ड डीसी चौक से लेकर कोटला नाला की सड़क को वेंडर फ्री किया गया है। इन जगहों पर रेहड़ी फड़ी लगाना प्रतिबंधित रहेगा। ऐसे में यह व्यवस्था कारगर हो इसके लिए व्यापार मंडल पहले ही एक स्थाई निगरानी कमेटी की गठन की मांग कर चुका है। इससे शहर को सुव्यवस्थित, सुगम, स्वच्छ और सुंदर बनाने मदद मिलेगी।

> ओल्ड डीसी ऑफिस से डिग्री कॉलेज तक फुटपाथ का निर्माण प्रस्तावित है। निजी एजेंसी की मदद से फुटपाथ निर्माण की डीपीआर तैयार की जा रही है।
> -उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।

### गांव चलो अभियान के तहत हर ग्रामीण से संपर्क करेगी भाजपा



**सोलन।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष संजीव देष्टा ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से किसानों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे देश में गांव चलो अभियान चला रही है, जिसकी शुरुआत राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की थी। उन्होंने बताया कि भाजपा के कार्यकर्ता हिमाचल के 7790 बूथों पर जाएंगे। उन्होंने कहा कि 9,10 व 11 फरवरी को इस अभियान को लेकर भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे और सभी 7790 बूथों पर जाकर लोगों से बात करेंगे। वहीं उस गांव,उस बूथ पर जाकर लोगों से राय ली जाएगी कि लोकसभा चुनावों में भाजपा का मेनिफेस्टो कैसा होना चाहिए। झूठ का पुलिंदा लेकर कांग्रेस सत्ता में आ तो गई है, लेकिन लोस चुनावों में इसका जवाब जनता उन्हें देने वाली है।

# सेन-की-सैर गांव में घूम रहा तेंदुआ, लोग दहशत में

**अनंत ज्ञान, नाहन**



आबादी वाले क्षेत्र में बेखौफ घूमता तेंदुआ।

सिरमौर जिले के नाहन विधानसभा क्षेत्र में आने वाली सेन-की-सैर पंचायत में तेंदुए के दिखने से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्हें चहलकदमी करता हुआ तेंदुआ दिखाई दिया है। यह तेंदुआ गांव में कई पालतू जानवरों को अपना शिकार बना चुका है।

इतना ही नहीं तेंदुए ने लोगों के घरों में घुसकर पालतू कुत्तों को अपना निवाला बनाया है। तेंदुए की दस्तक से लोगों का उनके घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। हालांकि सेन की सैर निवासी अंकिता ठाकुर द्वारा इस बाबत कुछ दिन पूर्व वन विभाग को भी सूचित किया गया है। गौरतलब है कि करीब एक महीने से यह तेंदुआ इस गांव में बेखौफ घूम रहा है। दिन के उजाले में भी तेंदुआ लोगों को रास्ते में मिल रहा है। हालांकि तेंदुए ने अभी तक गांव के किसी भी व्यक्ति पर हमला नहीं किया है। यदि वन विभाग द्वारा इस तेंदुए को जल्द नहीं पकड़ा गया तो यह गांव के किसी व्यक्ति पर भी हमला कर सकता है।

# सोलन में शुरू हुई ई-वेस्ट कलेक्शन ड्राइव



अभियान का शुभारंभ करती नगर निगम की मेयर उषा शर्मा।

**तेजपाल नेगी, सोलन**

**नगर निगम मेयर उषा शर्मा ने दिखाई हरी झंडी**

पर्यावरण को साफ और स्वच्छ रखने के लिए सरकार कई अभियान चलाती रहती है और इसी कड़ी में सरकार ने ई-कचरा जागरूकता और संग्रह अभियान शुरू किया है। इसमें शहरवासियों से बिजली से चलने वाले सभी खराब चीजों को इकट्ठा किया जाएगा, ताकि उसे वैज्ञानिक ढंग से रिसाइकिल किया जा सके।

सोलन शहर में आज ई-वेस्ट कलेक्शन ड्राइव को नगर निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने भारत में सर्कुलर इकोनॉमी को सक्षम करने वाले संगठन करो संभव के सहयोग से बीते कल से सोलन में ई-कचरा जागरूकता और संग्रह अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत अब प्रत्येक वार्ड में जाकर अब लोगों से ई-कचरा इकट्ठा किया जाएगा और लोगों को जागरूक भी किया जाएगा कि ई-कचरे को जलाने से या सही रिसाइकिल न करने से क्या नुकसान होते हैं। इससे पहले यह अभियान शिमला में भी चलाया गया। ई-वेस्ट को रिसाइकिल करने के लिए बद्दी ले जाया जाएगा।

इस मौके पर सोलन नगर निगम ने सभी शहरवासियों से इस अभियान में अपना सहयोग देने की अपील की। (अमर उजाला)

### मौसम अनुकूल होते ही स्टोरेज टैंकों की होगी सफाई : मेयर



**नगर** निगम की मेयर उषा शर्मा ने पानी के स्टोरेज टैंकों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्टोरेज टैंकों की हालत ठीक है, लेकिन गर्मी का सीजन आने से पूर्व और मौसम अनुकूल होते ही टैंकों को साफ किया जाएगा तथा रंग-रोगन का कार्य करवाया जाएगा। शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए मेयर उषा शर्मा ने निगम अधिकारियों के साथ पानी स्टोरेज टैंकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टैंकों की सफाई, पानी की मात्रा आदि को देखा। उन्होंने पाया कि न तो पानी की मात्रा की समस्या है और न ही टैंकों में साफ-सफाई में कोई दिक्कत है। गौर रहे कि शहर में पानी की सप्लाई का जिम्मा नगर निगम के पास है जबकि निगम को जल शक्ति विभाग द्वारा अश्वनी खड्ड व गिरि पेयजल योजना से पानी मुहैया करवाया जाता है। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा, एसडीओ अल्पना ठाकुर, जेई विनोद पाल व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# साहब! योजना तो बन गई, पर पानी नहीं मिल रहा ग्रामीणों को

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता को ज्ञापन सौंपते शिवपुर के किसान।

शिवपुर के ग्रामीणों के लिए जल शक्ति विभाग और बिजली बोर्ड एक परेशानी का सबब बन गया है। पांवटा के शिवपुर में तीन सालों से पेयजल योजना बन रही थी जो कि अब तैयार हो चुकी है, लेकिन उसका पानी ग्रामीणों के लिए नसीब नहीं हो पा रहा है। ऐसे में लोगों को परेशानी हो रही है। इस विषय में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल अधिशाषी अभियंता से मिला और उन्हें ज्ञापन भी दिया।

हिमाचल किसान सभा के जिला सचिव गुरविंद्र सिंह गोपी ने बताया कि उनके इलाके में 2000 से अधिक किसानों की आबादी है और यहां पर जल शक्ति विभाग द्वारा पेयजल योजना भी तैयार की गई है, लेकिन उसका पानी किसानों को नहीं मिल पा रहा है। किसानों का कहना है कि जल शक्ति विभाग और बिजली बोर्ड किसानों को गुमराह कर रहे हैं। कभी कहते हैं आज हो जाएगा, कभी कहते हैं कल हो जाएगा।

किसानों ने बताया कि उन्हें अपनी फसलों की चिंता सताने लगी है। इतना ही नहीं गर्मियों का मौसम शुरू होने वाला है, लेकिन योजना बंद पड़ी है। इस संबंध में जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द करवाया जाएगा।

### नरेंद्र मोदी की हर योजना गरीबी उन्मूलन को लेकर बनी : कश्यप



**नाहन।** मिशन-2024 मोदी रिपीट को लेकर प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा ने तीन सूत्रीय फार्मूले पर मोर्चा संभाल लिया है। अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र कश्यप ने प्रेस वार्ता में बताया कि मोदी सरकार की तमाम योजनाओं और कार्यक्रमों का मुख्य केंद्र बिंदु गरीबी उन्मूलन रहा है। उन्होंने बताया कि 2014 से लेकर आज तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुसूचित जाति, जनजाति, ओबीसी, महिलाओं, युवाओं के उत्थान को लेकर तमाम योजनाएं बनाई हैं। उन्होंने कहा कि मिले कार्यक्रम के अनुसार मोर्चा प्रदेश की अनुसूचित जाति की बस्तियों में जाएंगे जहां वे स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं का समूह बनाकर वहां एक रात रुकेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर वह केंद्र की योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी स्थापित करेंगे। वहीं दूसरी रूपरेखा के तहत 13 फरवरी तक मोर्चा प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थाओं तथा छात्रावासों में रह रहे अनुसूचित जाति वर्ग के छात्रों से संवाद भी स्थापित करेंगे।

### छात्रों ने किया नौणी विश्वविद्यालय का नाम रोशन

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के वानिकी महाविद्यालय के आठ छात्रों ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) उत्तीर्ण और जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले छात्रों में प्रदीप पुरी और मुधुलिका ठाकुर सामाजिक विज्ञान विभाग के छात्र हैं, जबकि पंशुल और अंकुश पर्यावरण विज्ञान विभाग के विद्यार्थी हैं। मृदा विज्ञान और जल प्रबंधन विभाग के अनंतकृष्णन एस ने भी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके अतिरिक्त, सिल्वीकल्चर और एग्रोफोरेस्ट्री विभाग के छात्र रुशाल डोगरा और सौरभ ठाकुर को यूजीसी जूनियर रिसर्च फेलोशिप मिली है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। वानिकी महाविद्यालय के डीन डॉ. चमन ठाकुर एवं सभी वैज्ञानिकों ने भी छात्रों को बधाई दी।

### अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आवश्यक आदेश जारी

**सोलन।** वन मित्र योजना के तहत प्रतिभागियों का शारीरिक मापदंड एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण कार्यक्रम आठ व नौ फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इसके दृष्टिगत उपमंडलाधिकारी अर्की ने अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विभिन्न मार्गों पर वाहनों की आवाजाही के लिए आवश्यक आदेश जारी किए हैं। आदेशों के अनुसार राजकीय डिग्री कॉलेज अर्की से डांगरी मार्ग, वन विश्राम गृह दाड़लाघाट से पिपलूघाट मार्ग तथा वन विश्रामगृह कुनिहार से देवधार वन मार्ग पर आठ व नौ फरवरी को प्रातः 8.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक आपातकालीन वाहनों के अतिरिक्त अन्य वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। आदेशों के यातायात की सुचारु व्यवस्था के लिए वाहनों की आवाजाही वैकल्पिक मार्ग से होकर निकलेगी।

### 'हिम समाचार ऐप' बन रही लाभकारी

**सोलन।** व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से प्रदेश के जन-जन तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए समर्पित प्रदेश सरकार सूचना प्रौद्योगिकी के बेहतर इस्तेमाल से त्वरित जानकारी प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार के सूचना एवं जन संपर्क विभाग ने वेबसाइट, फेसबुक, व्हाट्स ऐप के साथ-साथ अब निशुल्क 'हिम समाचार ऐप' आरंभ की है जो प्रदेश सरकार के जन हितैषी निर्णयों और गतिविधियों को आमजन तक बस एक क्लिक पर पहुंचा रही है। इस ऐप पर जहां एक ओर समाचार बुलेटिन के माध्यम से रोजमर्रा के कल्याणकारी निर्णयों की जानकारी लोगों तक सुगमता से पहुंच रही है, वहीं मुख्यमंत्री का आमजन से ऐप के माध्यम से संवाद भी स्थापित हो रहा है। इस ऐप पर प्रतिदिन सायं छह बजे समाचार बुलेटिन और साप्ताहिक आधार पर हिमाचल डायरी के माध्यम से हिमाचल सरकार के निर्णयों की जानकारी मिल रही है। एंड्रोइड यूजर यह ऐप गूगल प्ले स्टोर से तथा ऐपल यूजर इस ऐप को ऐप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं।

### ग्रीन हिल्स इंस्टिट्यूट में एआई पर कार्यशाला आयोजित

**सोलन।** ग्रीन हिल्स ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट के सिविल इंजीनियरिंग विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें बीटेक थर्ड ईयर के छात्रों ने अपनी प्रेजेंटेशन दी। इसमें मिस अमृता और उनके समूह के सदस्यों प्रस्तुति सराहनीय रही। सिविल इंजीनियरिंग के एचओडी इंजीनियर दिनेश कश्यप ने कहा कि एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शब्द इन दिनों खूब प्रचलन में है। उन्होंने कहा जब आप कोई चीज नेट में सर्च करते हैं, भले ही वो चीज आपने खरीदी न हो, फिर भी कैसे आपको अपने फेसबुक-इंस्टाग्राम या किसी गेम में बार-बार उसके विज्ञापन दिखने लगते हैं, ये सब एआई की वजह से ही होता है। एचओडी दिनेश ने कहा कि एआई की सकारात्मक को स्वीकारा जा सकता है, जबकि नकारात्मकता से बचना भी जरूरी है।

### नशा निवारण की दिशा में स्वास्थ्य विभाग निरंतर कार्यरत, कर रहा निरीक्षण : डॉ. अजय



**सोलन।** नशे के बढ़ते प्रचलन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस विभाग के साथ स्वास्थ्य विभाग भी कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहा है। दिन-प्रतिदिन जिले में नशे का प्रचलन बढ़ता जा रहा है और युवा अपना भविष्य खराब कर रहे हैं। नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जन-जन को अवगत करवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग समय-समय पर जागरूकता अभियान के साथ-साथ पंचायत स्तर पर भी जाकर नशे के प्रति सभी को जागरूक कर रहा है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय सिंह ने बताया कि नशा निवारण के लिए जिला भर में छह नई दिशा केंद्र भी स्थापित किए गए हैं, जहां युवा आकर नशे की लत से खुद को बचा सकते हैं। उनका कहना है कि इसके साथ ही जिला भर में जितने भी निजी नशा मुक्ति केंद्र चल रहे हैं, शासनिक अधिकारियों की टीम और स्वास्थ्य विभाग की टीम समय-समय पर उनका भी निरीक्षण कर रही है, उसी दिन उन्हें रिपोर्ट दे दी जाती है और अगर अच्छी तरह की अनियमितताएं मिलीं तो आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए जा रहे हैं। डॉ. अजय का कहना है कि अगर हम सभी साथ मिलकर कार्य करें तो जल्द ही नशा मुक्त समाज बन जाएगा।

### रामलला के लिए शिला खोदने वाले पर जुर्माना लगाने से कांग्रेस की सोच आई सामने : विवेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा ने अयोध्या के भव्य राम मंदिर में भगवान रामलला की मूर्ति को बनाने के लिए शिला खोजने वाले श्रीनिवास नटराज पर कांग्रेस शासित कर्नाटक में जुर्माना लगाने की निर्णय को सनातन का विरोध करार दिया। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि सनातन विरोधी राजनीतिक दलों को आमजन के सामने बेनकाब किया जाए। शर्मा ने कहा कि राजनीतिक बयान देने वाले कांग्रेसियों ने श्रीनिवास नटराजन जैसे छोटे ठेकेदार पर रामदास की निजी भूमि पर खनन का मामला दर्ज करते हुए कर्नाटक सरकार ने 80 हजार का जुर्माना लगा दिया है। जिसे भरने के लिए नटराजन को अपनी धर्मपत्नी के गहने भी गिरवी रखने पड़े, बाद में रामभक्तों ने उसकी सहायता भी की। उन्होंने कहा कि हमें कांग्रेस का चाल, चरित्र और चेहरा समझना होगा।

# सैनवाला स्कूल ने देश के 100 विद्यालयों में बनाई अपनी जगह, मिलेगा अवॉर्ड

**अनंत ज्ञान, नाहन**



बच्चों के साथ स्कूल के अध्यापक।

विकास खंड के तहत आने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल सैनवाला ने भारत के शीर्ष 100 स्कूलों में अपनी जगह बनाई है। स्कूल को इको विज्ञान फाउंडेशन के तहत विप्रो अर्थियन सस्टेनेबिलिटी अवॉर्ड-2023 के खिताब से नवाजा जाएगा। विद्यालय ने इस उपलब्धि से न केवल सिरमौर बल्कि हिमाचल प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अयूब खान ने सभी अध्यापकों व बच्चों को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानाचार्य अयूब खान के कुशल निर्देशन में ही विद्यालय के छात्र इस मुकाम तक पहुंचे थे। वहीं, मार्गदर्शिका अंजना शर्मा (टीजीटी) प्रशिक्षित स्नातक (विज्ञान) ने भी इसमें अहम भूमिका निभाई। बता दें कि विद्यालय के छात्रों ने ऊर्जा संरक्षण व जल संरक्षण पर एक प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार की थी, जिसे पांच विद्यार्थियों ने पेश किया था। इसी प्रोजेक्ट के आधार पर विद्यालय को टॉप 100 में शामिल किया गया। प्रधानाचार्य ने विद्यालय के होनहार विद्यार्थी पीयूष, रिहान, कुणाल, पारस व संजीव को भी बधाई दी है। उन्होंने कहा कि बच्चों ने दिन-रात मेहनत करके विद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया है। छात्रों सहित मार्गदर्शक अध्यापकों को आगामी अप्रैल माह में सोलन में राष्ट्रीय अवॉर्ड समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

**सौगात** व्यापारियों के अंशदान से निर्मित वाटर फिल्टर का किया लोकार्पण

# स्वच्छ जलापूर्ति अच्छे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**



वाटर फिल्टर का शुभारंभ करते स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल।

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि सभी को पर्याप्त स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। डॉ. शांडिल गंज बाजार सोलन में व्यापारियों के अंशदान से निर्मित वाटर फिल्टर का लोकार्पण कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि देखने में भले ही यह एक उपकरण है परंतु इससे जहां व्यापारियों को स्वच्छ जल उपलब्ध होगा, वहीं आगंतुकों को भी पेयजल सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षित जलापूर्ति एक स्वस्थ अर्थव्यवस्था का आधार होती है। व्यापारियों की वाटर फिल्टर निर्माण की इस पहल से यहां के निवासियों को भी सुरक्षित जलापूर्ति का लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आमजन को स्वच्छ जल उपलब्ध करवाने के लिए विभिन्न योजनाएं आरंभ की जा रही हैं। राज्य सरकार द्वारा सभी पेयजल योजनाओं में फिल्टर और यूवी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग अनिवार्य किया गया है, ताकि सभी को पर्याप्त व स्वच्छ पेयजल पहुंचाया जा सके। डॉ. शांडिल ने गंज बाजार के व्यापारियों का वाटर फिल्टर निर्माण के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे पुनित कार्यों के लिए सभी नागरिकों को आगे आना चाहिए।

नगर निगर पार्षद सरदार सिंह ठाकुर, शहरी कांग्रेस अध्यक्ष अंकुश सूद, खंड कांग्रेस समिति के महासचिव कुनाल सूद, रोगी कल्याण समिति के सदस्य विनीश धीर, जिला शिकायत निवारण समिति की सदस्य संधीरा धुल्टा, उपमंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# खडेड़ा पंचायत को मिला नया भवन

## विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने किया शिलान्यास, 42 लाख रुपए से किया गया निर्माण

**अनंत ज्ञान, ककीरा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने 42 लाख रुपए की राशि से नव निर्मित पंचायत घर तथा पटवार वृत्त खडेड़ा के भवन का लोकार्पण किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने इस दौरान खडेड़ा-ओहरा संपर्क सड़क का शिलान्यास एवं मनोला-महोट संपर्क सड़क के विस्तार कार्यों का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि खडेड़ा-ओहरा संपर्क सड़क के निर्माण पर 20 लाख रुपए की राशि व्यय की जा रही है।

खडेड़ा-ओहरा संपर्क सड़क का निर्माण होने से इस क्षेत्र के लगभग 2000 से अधिक आबादी को सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा। इसी तरह मनोला-महोट संपर्क सड़क के विस्तार कार्यों पर 10 लाख रुपए व्यय होंगे। उन्होंने कहा कि होबार-खडेड़ा संपर्क सड़क को पक्का करने के लिए तीन करोड़ 12 लाख की राशि व्यय की जा रही है। कुलदीप सिंह पठानिया ने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि होबार-खडेड़ा संपर्क सड़क के कार्य को समयबद्ध सीमा के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। विधानसभा क्षेत्र भटियात को विकासात्मक दृष्टि से आदर्श बनाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार के मात्र एक वर्ष के कार्यकाल में ही 30 के करीब संपर्क सड़कों का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इन सड़क परियोजनाओं पर लगभग 134 करोड़ से अधिक की धनराशि व्यय की जा रही है। उन्होंने कहा कि नव निर्मित पंचायत घर तथा पटवार वृत्त खडेड़ा के भवन का लोकार्पण होने से स्थानीय लोगों को अब ग्रामीण विकास और राजस्व विभाग की विभिन्न सेवाएं सुगमता से उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विजय कंवर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुरेंद्र चाढक, एसडीम भाटियात पारस अग्रवाल, उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह चाढक, अधिशाषी अभियंता हर्ष पुरी, विद्युत पंकज राठौर, जल शक्ति राकेश ठाकुर, खंड विकास अधिकारी मनीष कुमार, स्थानीय पंचायत प्रधान रुमाला देवी सहित पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



खडेड़ा पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का स्वागत करते लोग।

**कहा- तीन करोड़ 12 लाख से पक्की होगी होबार-खडेड़ा संपर्क सड़क**

# एनसीसी कैडेट काजल का चंबा महाविद्यालय में सम्मान

## शिमला में राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में लिया था भाग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय महाविद्यालय चंबा की एनसीसी कैडेट काजल के सम्मान में महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा ने एनसीसी कैडेट काजल को सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा ने बताया कि यह बेहद हर्ष का विषय है कि महाविद्यालय चंबा में एक से बढ़कर एक प्रतिभाशाली छात्र अध्ययन कर रहे है।

उन्होंने कहा कि रोवर एवं रेंजर इकाई ने राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया। इंचार्ज प्रोफेसर अंकिता की अगुआई में यह कार्य हुआ रेंजर्स यूनिट की काजल का चयन मंडी में हुई प्री-आरडीसी में शिमला में होने वाली गणतंत्र दिवस की परेड में हुआ था। जिसमें कुल 78 लड़कियां चयनित हुई थी और पूरे चंबा से केवल एक ही छात्रा सिलेक्ट हुई थी। शिमला में 78 रेंजर्स में से 31 का चयन हुआ था उसमें से काजल भी एक रही। यह चंबा कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने छात्रा काजल को बधाई दी और उसके साथ ही रोवर्स एवं रेंजर्स के संचालक प्रोफेसर केवल कृष्ण और डॉ. शिवानी को भी बधाई दी।



काजल को सम्मानित करते महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विद्यासागर शर्मा।

## न्यूज ब्रीफ

### आईआरएडी पर आज होगी कार्यशाला


**चंबा।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय चंबा द्वारा इंटीग्रेटेड रोड एसिडेंट डाटाबेस आईआरएडी के तहत आठ फरवरी को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थय विभाग एवं हिमाचल पथ परिवहन निगम चंबा के कर्मचारियों को कार्यशाला में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### प्रेस क्लब ने दो मिनट का मौन रखा



मासिक बैठक के दौरान मौजूद प्रेस क्लब चंबा के सदस्य।

**चंबा।** चंबा प्रेस क्लब की ओर से मासिक बैठक का आयोजन प्रेस कक्ष चंबा में क्लब अध्यक्ष दीपक शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब से जुड़े विभिन्न मसलों पर जहां चर्चा की गई। वही प्रेस क्लब के सदस्य राजेश जहरी के पिता का निधन होने पर दो मिनट का मौन रखकर क्लब सदस्यों ने श्रद्धांजलि देने सहित पीड़ित परिवार के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर प्रेस क्लब पदाधिकारी व सदस्यों में इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट मीडिया के समस्त पत्रकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।



मिनी स्विट्जरलैंड खजियार में बर्फबारी के बाद प्राकृतिक सौंदर्य का मनमोहक दृश्य।

# रांग खडेड़ा स्कूल के मेधावी नवाजे

## वार्षिक समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने बांटे इनाम

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

राजकीय उच्च विद्यालय रांग खडेड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया गया। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र के दौरान बहुआयामी गतिविधियों में प्राप्त उपलब्धियां के लिए सम्मानित करने का अवसर होता है।

इस आयोजन से छात्रों में प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहन भी मिलता है। उन्होंने स्कूल परिसर में चार अतिरिक्त कमरों तथा शौचालय के निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि देने की घोषणा की। विधानसभा अध्यक्ष पठानिया ने विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भटियात विधानसभा में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, विद्युत आपूर्ति व्यवस्था इत्यादि क्षेत्रों में दिया गया विशेष अधिमान आज भटियात को संपूर्ण प्रदेश में एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। इस क्षेत्र में पेयजल की समस्या के समाधान को लेकर 16 करोड़ की डीपीआर तैयार की गई है तथा जल्द निविदा आमंत्रित की जा रही हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तलाटू गांव तक एंबुलेंस रोड तथा खेल मैदान बनाने के लिए सर्वेक्षण करने के निर्देश भी दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने स्कूल की सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए 21 हजार की धनराशि देने की घोषणा की।

उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी प्रदान किए। मुख्य अध्यापक जगन चाढक ने स्कूल का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने इस दौरान हिंदी, पंजाबी तथा पहाड़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब समां बांधा।



वार्षिक समारोह के दौरान मुख्य अतिथि को सम्मानित करते आयोजक।

### हिम समाचार ऐप करें डाउनलोड

**चंबा।** हिम समाचार ऐप पर अब सरकार की कल्याणकारी योजनाओं एवं मुख्यमंत्री के प्रवास कार्यक्रम की प्रतिदिन अपडेट जारी की जा रही है। जिला लोक संपर्क अधिकारी खेम चौहान ने बताया कि हिम समाचार ऐप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एक निशुल्क ऐप है। उन्होंने बताया कि यह एक विश्वसनीय समाचार ऐप है जो कि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इस ऐप में प्रदेश सरकार के सभी विभागों स्वास्थ्य विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता विभाग, बागवानी, कृषि, उद्योग, जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, भाषा एवं संस्कृति विभाग, शिक्षा विभाग, आयुष विभाग, तकनीकी शिक्षा, पशु पालन विभाग, वन विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग से जुड़ी सभी जानकारियां और प्रदेश सरकार द्वारा लिए गए सभी घोषणाओं की जानकारी इस ऐप के माध्यम से मिलेगी।

# गलथन-मासू सड़क हर पल दे रही हादसों को न्योता

**कच्ची सड़क और तंग मोड़ों पर हो रही समस्या**

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

कार्य आवंटन होने के छह वर्ष बाद भी गलथन-मासू सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। जगह-जगह कच्चा रोड व तंग मोड यहां पर सड़क हादसों को न्योता दे रहे हैं। चार किलोमीटर लंबी सड़क पर अभी तक कच्ची नालियों का नामोनिशान तक नहीं है।

जानकारी के अनुसार यह सड़क वर्ष 2017 में बड़ी परियोजना प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत स्वीकृत हुई थी। विभाग ने इस सड़क निर्माण की कार्य समाप्ति की सीमा वर्ष 2019 रखी हुई थी, लेकिन छह वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी तक इस सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है।

जगह-जगह तंग मोड व कच्ची सड़क यहां पर आए दिन हादसों को न्योता दे रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा स्वीकृत सड़क का निर्माण न होने के कारण यहां के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रधान ग्राम पंचायत छतराडी मंहदो राम ने कहा है कि इतने साल बीत जाने के बाद भी इस सड़क का सही निर्माण न होने के कारण विभाग की कार्यप्रणाली पर कई सवालिया निशान उठ रहे हैं।

उन्होंने विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस सड़क की सुध ली जाए ताकि यहां आने जाने के लिए लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। वहीं अधिशाषी अभियंता मंडल भरमौर मीत कुमार शर्मा ने कहा है कि उन्होंने हाल में ही भरमौर में ज्वाइन किया है। मामला ध्यान में आ गया है। वह स्वयं साइट पर जाकर इस सड़क का निरीक्षण करेंगे वह उचित से उचित कदम इस सड़क के निर्माण के लिए उठाए जाएंगे।

# रोडमैप जनता से साझा न करना निराशाजनक : सरीन

**आप के प्रदेश प्रवक्ता ने डलहौजी के विधायक को घेरा**

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने विधायक पर निशाना साधते हुए कहा की डलहौजी विधानसभा क्षेत्र की पूर्वकथित समस्याओं के समाधान के लिए मौजूदा विधायक का किसी भी किस्म का रोडमैप जनता से साझा न करना निराशाजनक है। मनीष सरीन ने हाल ही में प्रशासन पे सवाल उठाते हुए वक्तव्य दिया की डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के अधिकतर इलाके में हर वर्ष बर्फबारी होती है और हर साल क्षेत्र को समान ही समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं परंतु इन समस्याओं का समाधान दशकों से क्यों नहीं किया गया और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। बर्फ पड़ने के साथ ही क्षेत्र की सड़कें कई दिन तक बंद पड़ जाती हैं और स्थानीय जनजीवन व बाहरी सैलानी बुरी तरह से प्रभावित होते हैं, दशकों से आ रही इस समस्या का समाधान क्यों नहीं निकाला गया व इस असफलता के लिए जिम्मेदार कौन है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र कि अवाम अब खुद तय करे कि 2024 में भी डलहौजी विधानसभा क्षेत्र 1964 का जीवन क्यों जी रहा है और क्षेत्र को आधुनिकता के इस दौर में ये पिछड़ापन देने का जिम्मेदार क्या यहां का प्रशासन है, यहां का तथाकतित यशस्वी शासन है या फिर दोनों का मिलाजुला निकम्मापन है।



आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन।

### कलाकारों ने दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

**चंबा।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के साथ संबद्ध लोकनाट्य दल के कलाकारों द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जिला के सभी विधानसभा क्षेत्र में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कलाकारों ने लोगों को सरकार द्वारा शिक्षित युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने में राजीव गांधी सौर ऊर्जा स्टार्ट-अप योजना महत्वपूर्ण साबित होगी। इस योजना के माध्यम से बेरोजगार युवा अपनी भूमि पर 100, 200 व 500 किलोवाट का सौर ऊर्जा केंद्र स्थापित कर पाएंगे। इसके लिए संयंत्र संस्थापकों को आगामी 25 वर्षों तक प्रतिमाह क्रमशः 20 हजार, 40 हजार तथा एक लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे। कलाकारों ने उपस्थित युवाओं से योजना का लाभ उठाने का आग्रह किया।

# अब मस्ती नहीं, पढ़ाई पर दें ध्यान

## विधायक नीरज ने बाल स्कूल चंबा के छात्रों को दी सलाह

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय चंबा में वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चंबा सदर विधायक नीरज नैय्यर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। समारोह के दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने स्टाफ सहित उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस अवसर पर सदर विधायक ने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय चंबा में अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों में बहुत ही प्रतिभाएं शिक्षा से लेकर अन्य गतिविधियों में छिपी है। जिसका उदाहरण वर्षभर की गतिविधियों के रिपोर्ट कार्ड से ज्ञात होती है। उन्होंने कहा कि छात्रों में छिपी प्रतिभाओं को निखारना व उन्हें सामने लाने के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षक बधाई के पात्र है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वर्षभर हर गतिविधि व मनोरंजन में खूब मस्ती की, लेकिन मौजूदा समय वार्षिक परीक्षाओं का है जिसके लिए अब केवल शिक्षा की दिशा में ध्यान केंद्रित करना ही उनका एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए।

उन्होंने वार्षिक समारोह व सुनहरी भविष्य के लिए छात्रों को अपनी शुभकामनाएं दी। इससे पूर्व विधायक ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके समारोह का विधिवत शुभारंभ किया। वहीं प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर पाठशाला की उपलब्धियों का व्याख्यान किया। समारोह के दौरान छात्र व छात्राओं ने अपनी सांस्कृतिक व रंगारंग प्रस्तुतियां दी। समारोह के अंत में मेघावी विद्यार्थियों को सदर विधायक द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय चंबा के शिक्षकों, विद्यार्थियों सहित गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।



सदर विधायक नीरज नैय्यर को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह।

# क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल 10 से

## चंबा क्रिकेट कमेटी ने जारी की ट्रायल की तिथियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से इस वर्ष होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए तिथियां व स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। ऐसे में जिला चंबा क्रिकेट कमेटी की ओर से भी विभिन्न टीमों के लिए ट्रायल की तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं। जिला चंबा की वरिष्ठ क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल की तिथि 10 फरवरी निर्धारित की गई है।

ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 500 रुपए ट्रायल फीस के साथ जन्म प्रमाण पत्र, हिमाचली बोनाफाइड सहित अन्य जरूरी प्रमाण पत्र लाने होंगे। यह जानकारी क्रिकेट कमेटी के पदाधिकारी हरमीत भटियानी, कुलदीप व गौरव ने दी। उन्होंने बताया कि चंबा की टीम 24 फरवरी से अमतर क्रिकेट स्टेडियम में क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेगी। इसके अलावा जिला चंबा की अंडर 16 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल की तिथि 17 मार्च निर्धारित की गई है। टीम अपना पहला मुकाबला संतोषगढ़ में सात अप्रैल को खेलेगी। वहीं अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल की तिथि 14 अप्रैल निर्धारित की गई है। टीम अपना पहला डेज मुकाबला 28 अप्रैल को संतोषगढ़ में खेलेगी। इसी तरह जिला चंबा की वरिष्ठ क्रिकेट टीम वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए ट्रायल की तिथि पांच मई निर्धारित की गई है। वहीं अंडर-23 वनडे क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल की तिथि 19 मई निर्धारित की गई है। टीम अपना पहला मुकाबला संतोषगढ़ में दो जून को खेलेगी।

अंडर-16 क्रिकेट ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का जन्म पहली सितंबर 2008 या इसके बाद का होना चाहिए। अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का जन्म पहली सितंबर 2005 या इसके बाद का होना चाहिए। यह सभी क्रिकेट ट्रायल पुलिस ग्राउंड बारगाह स्थित जिला क्रिकेट सेंटर में आयोजित किए जाएंगे।

### महिला क्रिकेट टीम का दो जून को होगा चयन

महिला क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल की तिथि दो जून निर्धारित की गई है। टीम अपना पहला मुकाबला ऊना में 14 जून को खेलेगी। वहीं वरिष्ठ क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल की तिथि आठ जून को निर्धारित की गई है। टीम अपना पहला टी 20 मुकाबला 20 जून को बिलासपुर में खेलेगी। इसके अलावा अंडर-19 वनडे क्रिकेट टीम के लिए ट्रायल की तिथि 16 जून निर्धारित की गई है। टीम अपना पहला मुकाबला पहली जुलाई को संतोषगढ़ में खेलेगी। अंडर-14 ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का जन्म पहली सितंबर 2010 या इसके बाद का होना चाहिए।

**समस्या** आठ साल बाद भी पलाणी नाले पर नहीं हो पाया निर्माण, लोग दिक्कत में

# बजट मंजूर फिर भी आज दिन तक नहीं बना पुल

**ओपी शर्मा, भरमौर**

चंबा के भरमौर में बजट मंजूर होने के आठ वर्ष बाद भी पलाणी नाले पर पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। हालांकि इस पुल के निर्माण के लिए स्थानीय लोग कई बार विभाग, प्रशासन व सरकार के पास गुहार लगा चुके हैं। कई बार धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम करने का मन भी बन चुके हैं बावजूद इसके अभी तक इस पुल का निर्माण नहीं हो पाया है।

लिहाजा यहां पर पुल व सड़क निर्माण में इतनी लेट लतीफी होने से विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली पर लोगों ने सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। यहां पर सड़क व पुल न होने के कारण अब तक करीब एक दर्जन लोग हादसों का शिकार भी हो चुके हैं। भरमौर व बड़ग्राम को जोड़ने वाला पलानी पुल अब तक सत्ता बदलने के साथ अपने हालातों को नहीं बदल पाया है। जानकारी के अनुसार वर्ष 1987 में बडग्रां सड़क का काम शुरू हुआ था। लिहाजा 35 साल बीत जाने के बाद भी जहां अभी तक यहां सड़क नहीं बन पाई है।

सड़क न बनने का मुख्य कारण यहां पलानी नाले पर निर्माणाधीन पुल को बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पिछले आठ वर्ष पहले इस पुल का शिलान्यास करके इस पुल का निर्माण शुरू कर दिया था, लेकिन अभी तक इस पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। यहां पर पुल निर्माण न होने के कारण अब तक करीब एक दर्जन लोग दुर्घटनाओं में अपनी जान से हाथ धो बैठे हैं तो वहीं पर धार्मिक दृष्टि से भी यहां पर हर वर्ष सैकड़ों लोग यहां के प्रसिद्ध मंदिरों में शीश नवाने के लिए आते हैं। पुल निर्माण न होने के कारण अढ़ाई हजार से अधिक की आबादी सड़क सुविधा से पूरी तरह कटी हुई है। यहां आज भी लोगों को रोजमर्रा की चीजें पीठ पर उठाकर ले जानी पड़ती हैं। वहीं मरीजों व गर्भवती महिलाओं को भी काफी दिक्कतों का सामना आए दिन करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता डिवीजन भरमौर मीत शर्मा ने कहा है कि इस नाले पर बनने वाले पुल के लिए ठेकेदार को काम अलॉट कर दिया गया है और उसे जल्द काम खत्म करने के निर्देश दिए हैं। जिला परिषद सदस्य किलोवाट वार्ड ललित ठाकुर ने कहा कि वह इस मामले को कई बार जिला परिषद की बैठकों में उठा चुके हैं। इस पुल का निर्माण न होने को लेकर विभाग को लिखा है। उन्होंने कहा है कि जल्द इस पुल का निर्माण हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)



वर्षों से निर्माणाधीन पलानी पुल का अधूरा पड़ा काम।

### सरकार व विधायक से लगाई गुहार

प्रधान ग्राम पंचायत बडग्रां शुभा देवी व प्रधान ग्राम पंचायत पूलन अनीता कपूर ने इस पुल की धीमी गति से निर्माण होने को लेकर हैरानी जताई है। उन्होंने कहा है कि यहां पर पिछले आठ वर्षों से पुल का निर्माण पूरा ही नहीं हो पा रहा है। जिससे विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली सामने दिख रही है। उन्होंने सरकार व स्थानीय विधायक डॉ.जनकराज से मांग की है कि जल्द से जल्द इस पुल का निर्माण किया जाए।

# माइक्रोसॉफ्ट 20 लाख भारतीयों को एआई का देगी प्रशिक्षण

**एजेंसी, मुंबई**

दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट वर्ष 2025 तक 20 लाख से अधिक भारतीयों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के कौशल में दक्ष बनाने का प्रशिक्षण देगी। माइक्रोसॉफ्ट के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला ने बुधवार को मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान यह ऐलान किया।

नडेला एआई पर अमेरिका और भारत के बीच सहयोग से जुड़े एक सवाल पर कहा कि माइक्रोसॉफ्ट वर्ष 2025 तक भारत में 20 लाख लोगों को एआई में दक्ष बनने के अवसर मुहैया कराएगी। उन्होंने भारत को उच्च वृद्धि दर वाले बाजारों में से एक बताते हुए कहा कि एआई देश में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि को गति देने में मदद कर सकती है। उन्होंने



इस अवसर पर एआई से संबंधित नियमों और अन्य मानदंडों पर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग बढ़ाने की वकालत भी की।

भारत के दो दिवसीय दौरे पर आए नडेला ने कहा कि मुझे लगता है कि खास तौर पर भारत और अमेरिका के लिए यह जरूरी है कि वे इस पर सहयोग करने में सक्षम हों और संबंधित मानदंडों एवं नियमों को तय करें। उन्होंने कहा कि एआई पर भारत और अमेरिका के बीच व्यापक साझेदारी से आर्थिक वृद्धि के समान वितरण में भी मदद मिल सकती है।

### केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर चार से अमृत उद्यान के गेट 35 के बीच चलेगी

# अमृत उद्यान के लिए शटल बस सेवा शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अमृत उद्यान आने वालों की सुविधा के लिए बुधवार को केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से शटल बस सेवा को झंडी दिखाई। यह शटल सेवा केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन के गेट संख्या 4 से अमृत उद्यान के गेट संख्या 35 के बीच चलेगी। यह सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे तक हर 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध होगी।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति भवन का 'अमृत उद्यान' 2 फरवरी से आम लोगों के लिए खुला है। घूमने-फिरने के शौकीन लोग 31 मार्च तक सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यहां घूमने जा सकते हैं।



प्रत्येक सोमवार को रखरखाव के लिए उद्यान आम लोगों के लिए बंद रहेगा। सभी आगंतुकों के लिए प्रवेश और निकास राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 से होगा। आगंतुकों की सुविधा के लिए केंद्रीय सचिवालय मेट्रो स्टेशन से राष्ट्रपति भवन के गेट नंबर 35 तक शटल बस सेवा सुबह 9.30 बजे से शाम 5 बजे के बीच हर 30 मिनट के अंतराल पर उपलब्ध रहेगी। ऑनलाइन बुकिंग राष्ट्रपति भवन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर की जा सकती है और और साथ ही गेट नंबर 35 के बाहर स्थित सेल्फ सर्विस कियोस्क के माध्यम से भी स्लॉट की बुकिंग मुफ्त है।

### 22 फरवरी को दिव्यांगों के लिए खुलेगा अमृत उद्यान

**अमृत** उद्यान 22-23 फरवरी तथा 1 और 5 मार्च को विशेष श्रेणियों के लिए खुला रहेगा। यह 22 फरवरी को दिव्यांग व्यक्तियों, 23 फरवरी को रक्षा, अर्धसैनिक और पुलिस बलों के कर्मियों के लिए जबकि 1 मार्च को महिलाओं एवं आदिवासी महिला एसएचजी के लिए और 5 मार्च को अनाथालयों के बच्चों के लिए खुला रहेगा। आगंतुकों को सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे के बीच छह घंटे के स्लॉट में यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी। थीम गार्डन में 18 किस्मों के 42,000 ट्यूलिप लगाए गए हैं। बाहर निकलने पर उनके लिए फूड कोर्ट होंगे। यहां एक सुंदर सेल्फी पॉइंट भी बनाया है।

# यूक्रेन की करोलिना शिनो से छिना मिस जापान 2024 प्रतियोगिता का खिताब

**एजेंसी, टोक्यो**




पिछले माह की मिस जापान 2024 प्रतियोगिता की यूक्रेन में जन्मी विजेता करोलिना शिनो से खिताब छिन गया है। प्रतियोगिता के आयोजक शुकन बुनशुन ने सोमवार को एक पत्रिका की रिपोर्ट के बाद यह प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि करोलिना शिनो का एक विवाहित व्यक्ति के साथ संबंध था। यह पहली बार है जब किसी मिस जापान विजेता से खिताब वापस लिया गया है। इस खुलासे के बाद करोलिना शिनो ने खिताब वापस कर दिया। आयोजक ने कहा कि यह पद इस साल खाली रहेगा।

जापान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार शुकन बुनशुन ने पिछले बुधवार को बताया कि 26 वर्षीय शिनो एक डॉक्टर को डेट कर रही थी। वह डॉक्टर शादीशुदा है। हालांकि, आयोजक ने यह माना कि अविवाहित शिनो इस बात से अनजान थी कि वह जिसे डेट कर रही है, वह शादीशुदा है।

## वर्ल्ड न्यूज

### चिली के पूर्व राष्ट्रपति सेबेस्टियन पिनेरा का हेलिकॉप्टर दुर्घटना में निधन



**सैंटियागो (चिली)।** चिली गणराज्य के पूर्व राष्ट्रपति 74 वर्षीय सेबेस्टियन पिनेरा का मंगलवार को हेलिकॉप्टर दुर्घटना में निधन हो गया। राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने पिनेरा के निधन पर तीन दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की है। अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, पिनेरा सैन्य तानाशाही के खात्मे के बाद चिली के पहले रूढ़िवादी नेता बने। उन्होंने देश के लोकतंत्र को मजबूत करने में मदद की। रिपोर्ट के अनुसार, चार लोगों को ले जा रहा हेलिकॉप्टर दोपहर करीब साढ़े तीन बजे दक्षिणी चिली के लॉस रियोस क्षेत्र में रैंको झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का ईडी रिमांड पांच दिन और बढ़ा



**रांची।** रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट ने झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ईडी रिमांड की अवधि पांच दिनों के लिए बढ़ा दी है। ईडी उनसे 3 फरवरी से लगातार पूछताछ कर रही है। पूर्व में मंजूर की गई रिमांड अवधि पूरी होने के बाद सोरेन को बुधवार दोपहर 2.30 बजे कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पेशी के दौरान परिसर में झामुमो कार्यकर्ता और सोरेन के समर्थक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उन्होंने हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए। सोरेन की कोर्ट में पेशी के दौरान ईडी ने न्यायाधीश से कहा कि अभी सोरेन से पूछताछ पूरी नहीं हुई है। इसलिए रिमांड की अवधि सात दिन और बढ़ाई जाए। इस पर कोर्ट ने और पांच दिन की रिमांड मंजूर की।

### आतंकवादी लांडा और हरविंदर रिंदा के तीन साथी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने आतंकवादी लकबीर लांडा और हरविंदर रिंदा के तीन साथियों को गिरफ्तार किया है। लकबीर लांडा और हरविंदर रिंदा कनाडा और पाकिस्तान में रहते हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बुधवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए जाने वालों की पहचान जोबनजीत सिंह, बिक्रमजीत सिंह और कुलविंदर सिंह के रूप में हुई है। डीजीपी ने कहा कि जोबनजीत सिंह गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस अधिनियम और आईटी अधिनियम अपराधों में वांछित था और लंबे समय तक फरार रहा, जबकि अन्य एक से अधिक धारा 307 भारतीय दंड संहिता मामलों में वांछित था। उनके पास से दो पिस्तौल और 10 कारतूस बरामद किए गए।

# हमास ने इसराइल के सामने टेके घुटने, युद्धविराम का रखा प्रस्ताव

### तीन फेज में 135 दिन का सीजफायर मांगा, रूस, तुर्किये, इजिप्ट और कतर बनेंगे गारंटर

**एजेंसी, तेल अवीव**

पिछले 124 दिनों से इसराइल से जंग लड़ रहे हमास ने तीन चरणों वाले युद्धविराम का प्रस्ताव सौंपा है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने बुधवार को तीन चरण की युद्धविराम योजना का प्रस्ताव रखा है, जिससे गाजा में साढ़े चार महीने बाद बमबारी बंद हो सकती है।

अगर इसराइल ने हमास के तीन चरणों वाले प्रस्ताव को माना तो अंततः युद्ध समाप्त हो सकता है। हमास ने यह प्रस्ताव पिछले सप्ताह कतर और मिस्र के मध्यस्थों द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के जवाब में भेजा है। हमास ने तीन फेज में कुल 135 दिन का सीजफायर मांगा है। उसने कहा है कि इसके बाद पूरी तरह जंग खत्म करने का प्लान तैयार किया जाएगा। यूएन के अलावा रूस, तुर्किये, इजिप्ट और कतर इस सीजफायर प्रस्ताव के गारंटर बनेंगे।



#### नेतन्याहू की सहमति नहीं

इस प्रस्ताव को लेकर इसराइल की तरफ से अभी तक युद्धविराम प्रस्ताव पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। वैसे इसराइल कई बार कह चुका है कि जब तक हमास का सफाया नहीं हो जाता, वह गाजा से अपने सैनिकों को नहीं हटाएगा।

#### पहले फिलिस्तीनी महिलाओं-बच्चों की रिहाई

हमास के जवाबी प्रस्ताव के अनुसार, पहले चरण के 45 दिनों के दौरान इसराइली जेलों में बंद सभी फिलीस्तीनी महिलाओं और बच्चों की रिहाई के बदले हमास सभी इसराइली महिला बंधकों, 19 वर्ष से कम उम्र के पुरुषों, बुजुर्गों और बीमारों को रिहा करेगा। दूसरे चरण के दौरान शेष पुरुष बंधकों को मुक्त कर दिया जाएगा, और तीसरे चरण में लड़ाई में मारे गए राशि लोगों के अवशेषों का आदान-प्रदान किया जाएगा। प्रस्तावों के मुताबिक, हमास ने उम्मीद जताई है कि सीजफायर के तीसरे चरण के अंत तक दोनों पक्ष युद्ध की समाप्ति से जुड़े एक समझौते पर पहुंच जाएंगे। हमास ने युद्धविराम प्रस्ताव के एक परिशिष्ट में कहा है कि वह 1500 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई चाहता है, जिनमें से एक तिहाई को वह इसराइल द्वारा आजीवन कारावास की सजा पाने वालों की सूची से चुनना चाहता था। प्रस्ताव में कहा गया है कि संघर्ष विराम से गाजा पट्टी को भोजन और अन्य सहायता मिलने की रफ्तार तेज हो सकेगी।

#### एंटनी ब्लिंकन मिडिल ईस्ट के दौरे पर पहुंचे

इस बीच, अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन गाजा में संघर्ष विराम के मुद्दे पर इसराइली नेताओं से बातचीत कर रहे हैं। पिछले साल सात अक्टूबर को इसराइल पर हमास हमले के बाद से छिड़ी जंग के बीच एंटनी ब्लिंकन मिडिल ईस्ट के दौरे पर पहुंचे हैं।

### एआईडीएमके दल के 16 नेताओं ने थामा भाजपा का हाथ

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले तमिलनाडु की राजनीति को लेकर अहम खबर है। बुधवार को एआईडीएमके के 16 नेताओं ने भारतीय जनता पार्टी का हाथ थाम लिया। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई, राज्य मंत्री एल मुरुगन और राजीव चंद्रशेखर ने इन सभी को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इनमें पूर्व विधायक और पूर्व सांसद भी हैं। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वानती श्रीनिवासन भी मौजूद थीं।

### केनरा बैंक निदेशक मंडल 26 फरवरी को शेयर विभाजन के प्रस्ताव पर करेगा फैसला




**नई दिल्ली।** केनरा बैंक शेयर तरलता बढ़ाने के लिए अपने इक्विटी शेयरों के विभाजन की योजना बना रहा है। बैंक का निदेशक मंडल 26 फरवरी को होने वाली बैठक में इस प्रस्ताव पर निर्णय लेगा।

केनरा बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना बताया कि उसके निदेश मंडल की 26 फरवरी को होने वाली बैठक में शेयर विभाजन के प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। इस बैठक में उसके इक्विटी शेयरों के विभाजन के लिए निदेशक मंडल से सैद्धांतिक मंजूरी लेने की योजना है। हालांकि, यह निर्णय रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया एवं अन्य नियामकीय मंजूरियों के अधीन होगा। उल्लेखनीय है कि शेयर विभाजन की योजना के तहत कंपनी अपने शेयरों को दो हिस्से में विभाजित करती है।

### 19 साल की उम्र में हुई थीं कास्टिंग काउच की शिकार

# अंकिता लोखंडे ने बताई कास्टिंग काउच की घटना

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फिल्म इंडस्ट्री और कास्टिंग काउच के बारे में अक्सर सुनने को मिलता है। कुछ अभिनेत्रियों ने इस संबंध में अपने कड़वे अनुभवों को अक्सर शेयर भी किया है। अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने खुलासा किया कि एक साउथ फिल्म के दौरान उन्हें भी दो बार कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा। टीवी की स्टार एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे ने अपनी एक्टिंग से एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई है। अंकिता लोखंडे को भी सिने इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच का सामना करना पड़ा था। हाल ही में उन्होंने इस घटना के बारे में बताया। जब यह घटना घटी, तब अंकिता महज 19-20 साल की थीं। इतनी कम उम्र में भी वह कास्टिंग काउच जैसे संकट से उबरने में कामयाब रहीं।

एक्ट्रेस ने कहा था, 'मैं बहुत स्मार्ट थी और वहां उस कमरे में अकेली थी। उस समय मेरी उम्र 19 या 20 साल की रही होगी और मैंने उनसे पूछा- आपका प्रड्यूसर कैसा समझौता चाहता है? क्या मुझे पार्टियों में या डिनर के लिए जाना होगा?' अंकिता ने कहा कि वह ऐसी स्थिति से बचना चाहती थीं, जहां उन्हें सीधे तौर पर प्रॉड्यूसर के साथ सोने की बात कही जाए। उन्होंने कहा कि, 'और जैसे ही उसने यह कहा, मैंने उसकी बैंड बजा दी थी। दूसरी घटना के बारे में बात करते हुए अंकिता लोखंडे ने कहा, 'जब मैं फिल्मों में लौटी तो मुझे यह दोबारा महसूस हुआ। मैंने बस उस लड़के से हाथ मिलाया। मैं उनका नाम नहीं लेना चाहती, वह एक महान अभिनेता थे। उस पल मुझे बुरी अनुभूति हुई और मैंने तुरंत अपना हाथ हटा ली और चली गई।





## कार्यालय ग्राम पंचायत भरमोटी खुर्द
विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर ( हि.प्र. )

क्रमांक : 06 — दिनांक 07/2/2024

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गरमोटी खुर्द में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न शीर्षो के अंतर्गत स्वीकृत विकास कार्यों हेतु विभिन्न प्रकार की सामग्री आपर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं सील बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में पंजीकृत डाक द्वारा दिनांक 17.02.2024 तक पहुंच जानी चाहिए। खुले लिफाफे में तथा अस्पष्ट निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा दाता के पास जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। निविदाएं घन मीटर में तथा शैटरिंग की निविदा वर्ग फुट में होनी चाहिए। निविदाएं दिनांक 19.02.2024 को पंचायत कार्यालय में सुबह 11:00 बजे कमेटी के सामने खोली जाएंगी। स्वीकार हुई निविदा धारक को ग्राम पंचायत को धरोहर राशि मुल्य 10000-00 रुपए जमा करवाने होगें अन्यथा निविदा रद्द कर दी जाएगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताए रदद करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | इकाई/मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | रेता धूला | प्रति घन मीटर |
| 2. | रेता दरिया | प्रति घन मीटर |
| 3. | रेता क्रैशर | प्रति घन मीटर |
| 4. | बजरी क्रैशर 10 एमएम | प्रति घन मीटर |
| 5. | बजरी क्रैशर 20 एमएम | प्रति घन मीटर |
| 6. | लोकल सीमेंट फेरा खाद्य आपूर्ति विभाग के स्टोर से लेकर पंचायती घर तक | -------- |
| 7. | लोकल सीमेंट फेरा पंचायत घर से कार्यस्थल तक | -------- |
| 8. | बजरा क्रैशर 40 एमएम | प्रति घन मीटर |
| 9. | बजरा दरिया | प्रति घन मीटर |
| 10. | बोल्डर पत्थर/सोलिंग | प्रति घन मीटर |
| 11. | मिक्सर मशीन तेल सहित (रेता, बजरी सीमेंट मिलावट वाली) | प्रति दिन |
| 12. | शैटरिंग लकड़ी (रनिंग निर्माण नाली व डंगों के लिए) | प्रति वर्ग फुट |
| 13. | शैटरिंग स्टील प्लेट (रनिंग निर्माण नाली व डंगों के लिए) | प्रति वर्ग फुट |
| 14. | जेसीबी हैम्बर/ब्रेकर | प्रति घंटा |
| 15. | पानी का टैंक निर्माण कार्य स्थल पर लाने व ले जाने के लिए किराये सहित | प्रति दिन |
| 16. | इंटर लोक टायल 40 एमएम | प्रति टायल |
| 17. | इंटर लोक टायल 60 एमएम | प्रति टायल |
| 18. | ईंटें | ------- |

कार्यालय ग्राम पंचायत भरमोटी खुर्द
विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर ( हि.प्र. )

## कार्यालय ग्राम पंचायत पुतडीयाल
विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर ( हि.प्र. )

क्रमांक : -- — गणपूर्ति-6/7/अध्यक्षता-प्रधान गुरमीत कौर, दिनांक : 24/01/2024

**प्रस्ताव नं. 09 वर्ष 2024-25 हेतु पंचायत कार्यों के लिए कुटेशनें आमंत्रित करने बारे:-**

अध्यक्ष महोदय ने प्रस्ताव रखा की आचार संहित को मध्यनजर रखते हुए ग्राम पंचायत वर्ष 2024-25 हेतु विकास कार्यों के लिए कुटेशनें आमंत्रित करें। जिससे की विकास कार्यों में कोई रुकावट न आए।
प्रस्ताव सर्व सम्मति से पास किया जाता है तथा प्रतिलिपि कुटेशनों के प्रकाशन के लिए तीन समाचार पत्रों को भेजी जाती है। जिससे फरवरी माह में इनको पास किया जा सके।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | इकाई/मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | रेता धूला | प्रति घन मीटर |
| 2. | रेता दरिया | प्रति घन मीटर |
| 3. | रेता क्रैशर | प्रति घन मीटर |
| 4. | बजरी क्रैशर 10 एमएम | प्रति घन मीटर |
| 5. | बजरी क्रैशर 20 एमएम | प्रति घन मीटर |
| 6. | लोकल सीमेंट फेरा खाद्य आपूर्ति विभाग के स्टोर से लेकर पंचायती घर तक | -------- |
| 7. | लोकल सीमेंट फेरा पंचायत घर से कार्यस्थल तक | -------- |
| 8. | बजरा क्रैशर 40 एमएम | प्रति घन मीटर |
| 9. | बजरा दरिया | प्रति घन मीटर |
| 10. | बोल्डर पत्थर/सोलिंग | प्रति घन मीटर |
| 11. | मिक्सर मशीन तेल सहित (रेता, बजरी सीमेंट मिलावट वाली) | प्रति दिन |
| 12. | शैटरिंग लकड़ी (रनिंग निर्माण नाली व डंगों के लिए) | प्रति वर्ग फुट |
| 13. | शैटरिंग स्टील प्लेट (रनिंग निर्माण नाली व डंगों के लिए) | प्रति वर्ग फुट |
| 14. | जेसीबी हैम्बर/ब्रेकर | प्रति घंटा |
| 15. | पानी का टैंक निर्माण कार्य स्थल पर लाने व ले जाने के लिए किराये सहित | प्रति दिन |
| 16. | इंटर लोक टायल 40 एमएम | प्रति टायल |
| 17. | इंटर लोक टायल 60 एमएम | प्रति टायल |
| 18. | ईंटें | ----- |

कार्यालय ग्राम पंचायत पुतडीयाल
विकास खंड नादौन, जिला हमीरपुर ( हि.प्र. )


# कांग्रेस नेता हरक सिंह और आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक के घर पर भी ईडी की छापेमारी

**देहरादून।** फॉरेस्ट लैंड स्कैम मामले में ईडी ने बुधवार की सुबह कांग्रेस नेता हरक सिंह रावत के साथ ही 10 अन्य लोगों के ठिकानों पर भी छापेमारी की। इसमें कई फॉरेस्ट विभाग के आईएफएस अधिकारियों की भी संलिप्तता पाई गई थी। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरक सिंह रावत के अलावा वन विभाग के वरिष्ठ आईएफएस अधिकारी सुशांत पटनायक के घर पर भी ईडी की रेड पड़ी है। बता दें कि इससे कुछ दिन पहले ही सुशांत पटनायक पर एक युवती से छेड़छाड़ करने का आरोप लगा था। जिसके बाद वो इस मामले में चर्चाओं में आए थे। युवती से छेड़छाड़ मामले में मुख्यमंत्री धामी ने संज्ञान लेते हुए सुशांत पटनायक को तुरंत मुख्यालय में अटैच करने के निर्देश जारी कर दिए थे। उन पर इस मामले में अब जांच भी चल रही है। दूसरी तरफ कॉर्बेट टाइगर रिजर्व में अवैध निर्माण और पेड़ कटान के मामले में भी डीजी फॉरेस्ट की जांच में सुशांत पटनायक का नाम आया है।

## अनंत ज्ञान — आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(8 फरवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :** 1945 (शोभकृत), **मास :** माघ, **तिथि :** त्रयोदशी 11:19 सुबह तक, **नक्षत्र :** उत्तराषाढ़ा (02:45 सुबह), **पक्ष :** कृष्ण, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:13 से 12:57 दोपहर तक) **राहुकाल :** 1:58-3:20 दोपहर तक।

**विशेष दिन**

- मासिक शिवरात्रि आज।
- मौनी अमावस्या कल।

**मेष :** आज का दिन उत्कृष्ट परिणामदायक है। प्रतियोगी परीक्षा से नौकरी की तलाश करने वाले या अपना व्यवसाय शुरू करने वालों को सतत प्रयास करते रहना चाहिए।

**वृषभ :** बदलती परिस्थितियों के कारण आज आप नई रणनीति चुन सकते हैं। आपकी छवि में निखार आएगा। आपका स्वास्थ्य संतोषजनक रहेगा।

**मिथुन :** आज आप महत्वपूर्ण निर्णय, सोच-विचार के बाद ही लें। आपके लिए किसी प्रियजन का स्वास्थ्य चिंता का कारण बन सकता है। आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क :** आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है। संपत्ति के सौदे आपको लाभ देंगे। नौकरीपेशा जातकों के लिए तरक्की के आसार बन सकते हैं।

**सिंह:** व्यावसायिक एवं आर्थिक परिवेश में आज लाभ के मार्ग प्रशस्त रहेंगे। वित्तीय मामलों के लिए आज का दिन आपके लिए अच्छा है।

**कन्या :** आज के दिन चल रही परियोजनाओं में बाधाएं संभव हैं। निवेश को स्थगित करना अच्छा रहेगा। संपत्ति के सौदे से पहले दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें।

**तुला :** आप एक महत्वाकांक्षी योजना में प्रवेश कर सकते हैं। राजनीति या सामाजिक कार्यों में शामिल लोगों की प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** कार्यस्थल पर आपका सकारात्मक विकास होगा। आज आपका वित्तीय लाभ संभव है। यदि विदेश जाने के इच्छुक हैं तो अपने प्रयासों को आगे बढ़ाएंगे।

**धनु:** आज वित्तीय लाभ उम्मीद से बेहतर होगा। आप भूमि या शेयर मार्केट में निवेश कर सकते हैं। घरेलू मोर्चे पर वांछित काम समय पर पूरा होगा।

**मकर :** परीक्षा के माध्यम से उच्च अध्ययन के लिए प्रवेश पाने वाले व्यक्ति आज सफल होंगे। आज आप जटिल समस्याओं का समाधान पाएंगे।

**कुंभ :** आज घर की खरीद या नवीनीकरण के लिए शुभ समय है। वित्त, कानून या विज्ञान से जुड़े लोगों के लिए नए रास्ते खुलेंगे। निजी यात्रा आपके लिए लाभप्रद रहेगी।

**मीन :** आज खुशियों के साथ दिन की शुरूआत हो सकती है। आपकी वित्तीय स्थिति में सुधार और आय में वृद्धि के मजबूत संकेत हैं।

# यूएई में पहले हिंदू मंदिर का 14 को उद्घाटन करेंगे मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबूधाबी का पहला हिंदू मंदिर पूरी तरह से बनकर तैयार है। इस मंदिर में विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान 14 फरवरी को पूरा होगा। उसी दिन बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण (बीएपीएस) संस्था के प्रमुख संत स्वामी महाराज के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंदिर का उद्घाटन करेंगे। रेगिस्तान में मंदिर निर्माण की कल्पना 27 वर्ष पूर्व बीएपीएस संस्था के प्रमुख संत स्वामी महाराज ने की थी।

नई दिल्ली के अक्षरधाम स्थित बीएपीएस रिसर्च इंस्टीट्यूट के सहायक निदेशक साधु ज्ञानानंद स्वामी ने बताया कि वैसे तो संस्था ने विश्व के कई देशों में 1100 से अधिक मंदिर बनवाए हैं लेकिन अरब मुस्लिम देश में हिंदू मंदिर का निर्माण अपने में ऐतिहासिक है। अबू मुरीखाह जिले में स्थित अल वाकबा में यह मंदिर भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच दोस्ती, सांस्कृतिक सद्भाव और सहयोग की भावना का प्रतीक है। यहां मंदिर का निर्माण यूएई सरकार और उसके शासकों की उदारता से ही संभव हो सका है।

साधु ज्ञानानंद स्वामी ने बताया कि अबूधाबी में दो देशों की संस्कृतियों के प्रतीक के रूप में मंदिर निर्माण के लिए बीएपीएस संस्था के लगातार प्रयास के बाद क्राउन प्रिंस शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने वर्ष 2015 में मंदिर के लिए जमीन देने की घोषणा की थी।

# ओपिनियन

> कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने लंबे हैं, क्योंकि आप अपने आने वाले कल को नहीं देख सकते। – अज्ञात



## देवभूमि उत्तराखंड ने यूसीसी लागू कर रचा इतिहास

**देवभूमि** उत्तराखंड ने आखिर इतिहास रच दिया। मंगलवार का दिन इस राज्य के लिए खास रहा, जो सदियों तक यादगार बना रहेगा। उत्तराखंड समान नागरिक संहिता जिसे यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी यूसीसी भी कहते हैं, लागू करने वाला आजाद भारत का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि बुराइयों के खात्मे के लिए उत्तराखंड यूसीसी लागू करने के लिए देश में सबसे अच्छा राज्य है।

इस बिल का मकसद एक ऐसा कानून बनाना है, जो शादी, तलाक, विरासत और गोद लेने से जुड़े मामलों में सभी धर्मों पर लागू हो। धामी ने छह फरवरी को विधानसभा में यह बिल पेश किया और इसके अगले ही दिन यानी सात फरवरी को यह पारित भी हो गया। अब बिल पास होने के बाद राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। राज्यपाल की मुहर लगते ही यह बिल कानून बन जाएगा। कानून बनने के बाद प्रदेश के सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलेंगे।

भाजपा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में यूसीसी लाने का वादा किया था, जिसे अब जाकर पूरा किया है। अब उत्तराखंड में लिव इन रिलेशन में रह रहे लोगों को रजिस्ट्रेशन कराना भी जरूरी हो जाएगा। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो उन्हें छह महीने तक की सजा हो सकती है। इसके अलावा पति या पत्नी के जीवित रहते हुए दूसरी शादी भी गैर-कानूनी मानी जाएगी।

यूनिफॉर्म सिविल कोड कानून सभी के लिए समानता का कानून है। इसके बारे में लोगों की बेशक अलग-अलग धारणाएं हों, लेकिन कानून के बाद लोग अब इसके बारे में ज्यादा बात नहीं कर पाएंगे। यह कानून किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि यह कानून उन माताओं, बहनों और बेटियों के लिए है जिन्हें जीवन में कई कुरीतियों के कारण यातनाओं का सामना करना पड़ता था। कानून बच्चों के भी हित में है और मातृशक्ति के भी हित में। दरअसल, किसी भी देश में दो तरह के क्रिमिनल कानून और सिविल कानून होते हैं।

क्रिमिनल कानून में चोरी, लूट, मारपीट, हत्या जैसे आपराधिक मामलों की सुनवाई की जाती है। इसमें सभी धर्मों या समुदायों के लिए एक ही तरह की कोर्ट, प्रोसेस और सजा का प्रावधान होता है। शादी-ब्याह और संपत्ति से जुड़ा मामला सिविल कानून के अंदर आता है। भारत में अलग-अलग धर्मों में शादी, परिवार और संपत्ति से जुड़े मामलों में रीति-रिवाज, संस्कृति और परंपराओं का खास महत्व है। यही वजह है कि इस तरह के कानूनों को पसर्नल लॉ भी कहते हैं, जैसे मुस्लिमों में शादी और संपत्ति का बंटवारा मुस्लिम पर्सनल लॉ के जरिए होता है। वहीं, हिंदुओं की शादी हिंदू मैरिज एक्ट के जरिए होती है। इसी तरह ईसाई और सिखों के लिए भी अलग पर्सनल लॉ हैं।

यूनिफॉर्म सिविल कोड के जरिए पर्सनल लॉ को खत्म करके सभी के लिए एक जैसा कानून बनाए जाने की मांग हमेशा होती रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास से विपक्ष में बेचैनी



आशीष वशिष्ठ
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने पांच फरवरी को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण में कहा कि हमारा तीसरा कार्यकाल 1,000 सालों की नींव रखने का काम करेगा और उसमें बहुत बड़े फैसले होंगे। इससे पहले दो फरवरी को 'इंडिया मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो' के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने तीसरे कार्यकाल की योजनाओं के बारे में बताया था। उनके तीसरे कार्यकाल की बात करने पर लोग लगातार तालियां बजाते रहे। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्कुराते हुए कहा कि समझदार को इशारा ही काफी होता है।

26 जुलाई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के प्रगति मैदान में नए इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भारत मंडपम के उद्घाटन के अवसर पर कहा था कि मेरे तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक होगा, यह मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे और भाषणों में झलकता आत्मविश्वास विपक्ष की बेचैनी का बड़ा कारण है। बीते साल प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर ऐलान किया था कि अगले साल वे फिर लाल किले की ऐतिहासिक प्राचीर से देश को संबोधित करेंगे और अपनी उपलब्धियों का ब्यौरा पेश करेंगे, लेकिन यह अहंकार नहीं है। यह बिलकुल वैसी ही बात है, जैसी बात विपक्षी पार्टियां कर रही हैं। वास्तव में यह अहंकार का नहीं, बल्कि दोनों तरफ आत्मविश्वास का मामला है। एक तरफ विपक्ष इस आत्मविश्वास से भरा है कि अगले लोकसभा चुनाव में उसकी जीत होगी तो दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी इस भरोसे में हैं कि वे तीसरी और ऐतिहासिक जीत हासिल कर पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे।

केवल प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों में ही नहीं, बल्कि उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी वर्ष में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश अंतरिम बजट में भी सरकार का आत्मविश्वास झलकता है। उसमें देश को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का परिचय भी मिलता है। यह एक ऐसा अंतरिम बजट है, जिसमें सरकार ने चुनाव जीतने के लिए मतदाताओं को रिझाने के लिए कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं की। ध्यान रहे 2019 के अंतरिम बजट में कई लोकलुभावन घोषणाएं की गई थीं। इस बार ऐसा कुछ नहीं किया गया। इसका मतलब है कि सरकार मानकर चल रही है कि जनता को उस पर भरोसा है कि वह देशहित में सही दिशा में काम कर रही है। विकास की राजनीति का यह एक नया उदाहरण है। जब सामने लगातार तीसरी पारी की लड़ाई का मैदान सज रहा हो और यह अपेक्षा हो कि लोकलुभावन घोषणाओं का तड़का लगेगा, तब नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से सामाजिक न्याय व समानता के अवसर पैदा करते हुए भविष्य के विकसित भारत का संकल्प दोहराना यह स्पष्ट करता है कि केंद्र में वापसी का विश्वास लबालब है।

प्रधानमंत्री मोदी लोकलुभावन घोषणाओं के जरिए नहीं बल्कि अपने दस साल के ट्रैक रिकॉर्ड, 'जो कहा सो पूरा किया' के नारे के साथ ही जनता से समर्थन चाहते हैं। मोदी-2 की सरकार ने आते ही जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की विदाई कर दी। राम मंदिर का रास्ता साफ किया और सीएए, एनआरसी जैसे कानून लेकर आई। मोदी-2 कार्यकाल की विदाई के चार महीने पहले अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो गई। पिछले दिनों आई एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले दस वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी की मार से बाहर निकले हैं। ग्रामीण स्तर पर वह सारी सुविधाएं पहुंच रही हैं, जो पहले छोटे शहरों में उपलब्ध नहीं थीं। आयुष्मान योजना के परिणाम भी बहुत अच्छे हैं। सड़क, रेल और हवाई यातायात का परिदृश्य बदल रहा है। मैन्युफैक्चरिंग के कारण रोजगार के नए रास्ते खुल रहे हैं। लोगों की औसत आय में 50 फीसद की बढ़ोतरी हुई है और सामान्य रूप से यह विमर्श बना है कि देश बदल रहा है, आने वाले समय में दूसरों के लिए पथ प्रदर्शक बनेगा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि देश आत्मविश्वास से भर रहा है और गौरव से भर रहा है। आज पूरे विश्व में भारत को लेकर सकारात्मकता, आशा, भरोसा बढ़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी की अपार लोकप्रियता और अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर बने माहौल को देखते हुए केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनना लगभग तय है। ब्रिटेन के प्रमुख अखबार द गार्डियन में यह संभावना जताने के साथ ही कहा गया है कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान में जीत ने पार्टी की ताकत को और बढ़ाया ही है। अखबार में हन्ना एलिस पीटरसन के कॉलम में कहा गया है कि तीन राज्यों की जीत लोकसभा में भाजपा की संभावनाओं को और मजबूत करने वाली है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री मोदी खुद इस विधानसभा चुनाव की जीत को 2024 में जीत की गारंटी बता चुके हैं। लेख में कहा गया है कि विपक्षी दलों की तरफ से कुछ ही माह पहले बनाया गया गठबंधन भले ही सामूहिक रूप से भाजपा के खिलाफ लड़ने की प्रतिबद्धता जता रहा हो, लेकिन वह अभी भी एकजुट नहीं हो पाया है। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मविश्वास के पीछे का कारण केवल खोखली राजनीतिक बयानबाजी नहीं है। इसके ठोस कारण हैं। पिछले दस सालों में जिस तरह से अलग-अलग क्षेत्रों में भारत आत्मनिर्भर हुआ है, उसने यह शक्ति प्रधानमंत्री मोदी को दी है। न सिर्फ घरेलू मोर्चे पर भारत की उत्पादकता बढ़ी है, बल्कि उसने कई क्षेत्रों में निर्यात भी शुरू किया है। अब से कुछ दशक पहले भारत हर छोटी-बड़ी चीज के लिए विश्व के उन देशों का भी मुंह ताकता रहा, जो किसी न किसी तरीके से अपना हित साधने के लिए तमाम अंतरराष्ट्रीय उठापटक के लिए जिम्मेदार होते थे। मोदी सरकार की नीतियों ने ऐसे देशों की शक्ति और वर्चस्व वास्तव में कम की है और भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के तौर पर विश्व पटल पर खड़ा किया है।

आज विश्व के तमाम बड़े, शक्तिशाली और उन्नत देश भी भारत की बढ़ती शक्ति, वर्चस्व और प्रभाव को स्वीकार रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी 'भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण' को देश का सबसे बड़ा दुश्मन मानते हैं। उन्होंने अपने कार्यों के दम पर समूचे विपक्ष को इन्हीं तीन चीजों के दायरे में समेटा है। विपक्ष को इसका उत्तर देशवासियों को देना होगा। इसके अलावा सरकार की योजनाएं हैं, करोड़ों लाभार्थी हैं, भाजपा की मशीनरी है, संसाधन हैं, मोदी का व्यक्तित्व है, उनकी प्रचार करने और भाषण देने की अद्भुत क्षमता है और ऐसी अनेक चीजें हैं, जो उनको आत्मविश्वास देती हैं।

मोदी सरकार सिर्फ रिपोर्ट कार्ड के साथ लोकसभा चुनाव के लिए सजाए जा रहे मैदान में उतरने वाली है। विपक्षी गठबंधन का हाल देश की जनता देख ही रही है। सीटों के बंटवारे और तुच्छ स्वार्थों के लिए जिस तरह विपक्षी दल आपस में लड़ रहे हैं, उससे उनकी नीति और नीयत साफ तौर पर दिखाई देती है। विपक्षी दल जनता की सेवा करने या उसके मुद्दे उठाने की बजाए खुद को भ्रष्टाचार से बचाने की जुगत में लगे हैं। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। जैसे-जैसे उनकी यात्रा आगे बढ़ रही है, वैसे-वैसे इंडी गठबंधन में अविश्वास भी बढ़ रहा है। इंडी गठबंधन लगभग खत्म होने की कगार पर है।

विपक्ष को यह समझ नहीं आ रहा है कि वह देश के सामने किस मुद्दे को लेकर जाए और किस मुद्दे पर मोदी सरकार को घेरे। वास्तव में लोकसभा चुनाव की लड़ाई विश्वास की होगी। अब यह देशवासियों को तय करना है कि उनका भरोसा किस पर है-विकसित भारत की मोदी गारंटी पर या विपक्ष पर।

## नजरिया
# स्वार्थ की अंधी दौड़ में मनुष्य भूला मानवता की पहचान



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

**ईश्वर** कभी भेदभाव नहीं करता। हर प्राणी को जीवन देता है। जन्म-मृत्यु ईश्वर के हाथ में है, लेकिन कर्म तो मानव को ही करना पड़ेगा। ईश्वर मानव को धरती पर भेजता है। कर्मों के अनुसार कोई गरीब के घर जन्म लेता है, तो कोई अमीर के घर जन्म लेता है। जन्म के बाद उसे कर्म करने पड़ते हैं। जन्म से ही उसका खाता लिखा जाता है।


मनुष्य उम्रभर अच्छे-बुरे कर्म करता रहता है। आज बच्चे, जवान और बुजुर्ग अकाल मृत्यु के शिकार हो रहे हैं। कोई दुर्घटनाओं से मृत्यु को प्राप्त हो रहा है, तो किसी की बीमारी से मौत हो रही है। सड़क हादसों में कई लोगों की मृत्यु हो रही है। छोटे-छोटे बच्चे अनाथ हो रहे हैं।

छोटी उम्र में बेटियां विधवा हो रही हैं। सुहाग उजड़ने से उनका जीवन तबाह हो जाता है। जिंदगी काटनी मुश्किल हो जाती है। मौत एक शाश्वत सत्य है। जीवन-मृत्यु में सिर्फ चंद सांसों का फासला है। मानव को हमेशा अच्छे कर्म करने चाहिएं। अच्छे कर्म करेंगे, तो अभी पुण्य होगा। मनुष्य को करनी का फल जरूर मिलता है। जैसा बीज बोया जाएगा, वैसा ही काटना पड़ेगा। सुख-दुख आते रहते हैं। समय बदलता रहता है, लेकिन मानव कभी ईश्वर को याद नहीं करता। दुख में तो सब याद करते हैं, अगर एक संतुलन बना रहे तो ईश्वर जिंदगी बख्श देते हैं। मानव आज खुद ही मौत को गले लगा रहा है। साधन संपन्न लोग गरीबों का खून चूस रहे हैं और कर्मों का फल भुगत रहे हैं। गरीबों की बददुआ लगती है, तो लोहा भी भस्म हो जाता है।

दूसरों का हक खाने वालों को रोटी खाने का समय नहीं है। लोग लाइलाज बीमारियों से ग्रस्त हैं। ईश्वर ने धरती बनाई और इंसान ने सरहदें बना दी हैं। आज भाईचारा खत्म हो रहा है। संवेदनाएं मर चुकी हैं, इसलिए अच्छे कर्म करते रहिए, दान-पुण्य करते रहिए, भूखे को रोटी खिलाते रहिए और प्यासे को पानी पिलाते रहिए, तभी कर्म सुधर सकते हैं। आज भागदौड़ की जिंदगी में मनुष्य को भगवान की ओर ध्यान देने का समय तक नहीं है। यह पैसा, दौलत, शोहरत की आस ही मानव के दुख का सबसे बड़ा कारण है।

## अंदाज-ए-बयां
### आशिकाना गुलाब

*परवाने की फितरत है शमा*
*आगे जल कर मर जाना।*
*कली की फितरत है मौसमे*
*बहार में गुलाब बन जाना।।*
*जमाने की फितरत है प्यार करने*
*वालों की बातें चलाना।*
*दिलरुबा की फितरत है माशूक*
*के ख्यालों में डूब जाना।।*
*आंखों की फितरत है दिल की*
*गहराई में उतर जाना।*
*दिल की फितरत है जगा के*
*भावों को जिगर में समा जाना।*
*हर किसी की फितरत है फूलों*
*के महक में बहक जाना।*
*इश्क हकीकी की फितरत है*
*गुलाब महक से बहक जाना।*
*माशूकों की फितरत है मुस्कान*
*से गाल को गुल कर जाना।।*
*इश्क के सनम की फितरत*
*मुस्कान से गले से रकीब*
*को लगाना।।*



हीरा सिंह कौशल, महादेव सुंदरनगर, जिला मंडी

# राजनीति बदल रही है, राजनीति में मठाधीशी समाप्त होगी और नए चेहरे जगह पाएंगे



लेखक : संजय तिवारी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

**भारतीय** जनता पार्टी ने 2024 के लोकसभा चुनाव को एक अवसर मानते हुए अगले 25 वर्ष की नई राजनीतिक अवधारणा पर कार्य करना शुरू कर दिया है। इस बार के चुनाव में युवाओं और महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर टिकट देकर आगामी 25 वर्षों के लिए अत्यंत ऊर्जावान और क्रियाशील टीम भारत का आधार तैयार करने की रणनीति पर कार्य शुरू हो चुका है। यह सब विजन मोदी के सफल क्रियान्वयन के लिए आवश्यक भी है। इसके संकेत स्वयं प्रधानमंत्री के संसद के बजट सत्र में दिए गए विस्तृत संबोधन में भी दिखे हैं।

इसको समझने के लिए प्रधानमंत्री के अमृतकाल की परिधि को भी समझना होगा। वर्ष 2047 तक के कालखंड को अमृतकाल मानते हुए भारत को विश्व गुरु बनाने का लक्ष्य निर्धारित हो चुका है। तब भारत अपनी स्वाधीनता के 100 वर्ष पूरे कर रहा होगा। उस समय तक राष्ट्र को सक्षम और अयंत ऊर्जावान राजनीतिक टीम की जरूरत होगी। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभी से संकेत दे दिया है कि नई लोकसभा में अब अत्यधिक युवा चेहरों की जरूरत है। इसमें युवा नारी शक्ति की भी बहुत जरूरत होगी। यद्यपि महिला आरक्षण के रूप में नारी शक्ति वंदन कानून पास हो चुका है, लेकिन उसको आधिकारिक रूप से लागू होने में अभी कई तकनीकी कार्य शेष हैं। ऐसे में अपने टिकट बंटवारे में भाजपा नारी शक्ति वंदन के संकेत स्पष्ट मानकर महिला प्रतिनिधित्व भी बढ़ा सकती है। यह कदम भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले दलों के लिए सांसत जैसा होगा, क्योंकि वे हल्ला तो बहुत करते हैं, लेकिन महिलाओं को वैसा प्रतिनिधित्व देते नहीं हैं।

इससे भाजपा देश की महिलाओं को स्पष्ट संदेश देकर आधी आबादी को स्वयं से जोड़ सकती है। इस बार का चुनाव वैसे भी बहुत अलग होने जा रहा है। इसका संकेत प्रधानमंत्री का अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समय का वह उद्बोधन है, जिसमें वह बार-बार कालचक्र के परिवर्तन और अगले एक हजार वर्ष की भारत की सनातन यात्रा की नींव की चर्चा करते हैं। यह पारंपरिक राजनीति के गणित के फार्मूले सिद्ध करने वाले कथित राजनीतिक भविष्यवक्ताओं की समझ से परे हैं। इसका संकेत स्वयं प्रधानमंत्री ने संसद में कर दिया, जब उन्होंने कहा कि उनका तीसरा कार्यकाल बहुत बड़े और बहुत कड़े फैसलों का होने वाला है। इसके संकेत समझिए। अब राजनीति बदल रही है। राजनीति में मठाधीशी समाप्त होगी और नए क्रियाशील चेहरे जगह पाएंगे। ऐसा भाजपा के टिकट बंटवारे में भी दिख सकता है।

पारंपरिक राजनीति की परिभाषा में बहुत दिग्गज माने जाने वाले चेहरे अगर टिकट की सूची में स्थान नहीं पा सके तो चौंकने की जरूरत नहीं है। टीम भारत के निर्माण में नए, सांगठनिक समर्पण वाले ऊर्जावान चेहरे जरूरी हैं। वैसे भी यह चुनाव केवल एक ही चेहरे का है। हर टिकट पर नरेंद्र मोदी की छाप होनी है। चुनाव चिन्ह पर वोट मिलने हैं, ऐसे में किसी दिग्गज को भ्रम भी नहीं होना चाहिए कि कोई विजय उसकी है।

# उद्योगपति मजदूरों का बीमा अवश्य करवाएं



लेखक : सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

**विदेशी** निवेशकों को प्रदेश सरकार उद्योग स्थापित करने का निमंत्रण देकर आई है। हिमाचल प्रदेश में कुछेक उद्योगपति नियमों को ताक पर रखकर मजदूरों की जिंदगियों से किस तरह खिलबाड़ कर रहे हैं, इसका खुलासा हो चुका है। अवैध स्टोन क्रशरों का उत्पन्न हुआ विवाद अभी थमा नहीं था। बद्दी परफ्यूम फैक्टरी में आगजनी घटना से प्रदेश सरकार सहित उद्योग मालिकों को सबक लेने की सख्त जरूरत है।

उद्योगों में काम करने वाले मजदूरों की आपातकाल में कोई मौत हो जाती तो उसका मुआवजा कौन देगा, आज बड़ा सवाल सरकार के लिए खड़ा हुआ है। कायदे अनुसार उद्योगों में काम करने वाले मजदूरों का इंश्योरेंस बीमा कंपनी प्रबंधकों को करवाना होता है। मगर जो उद्योग मालिक सरकार की अनुमति बगैर ही जहरीली गैसों का इस्तेमाल करके परफ्यूम बनाते रहे हों, वे क्या तमाम मजदूरों का इंश्योरेंस करवाए होंगे। प्रदेश सरकार की आर्थिक स्थिति बिलकुल ठीक नहीं है, ऊपर से इस हादसे की वजह से दिक्कतें और अधिक बढ़ गई हैं।

बद्दी परफ्यूम फैक्टरी आगजनी में सरकार के संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली भी कटघरे में खड़ी हो गई है। फैक्टरी में कुल कितने मजदूर काम कर रहे, श्रम विभाग सहित कंपनी प्रबंधकों के पास भी कोई आंकड़ा नहीं है। परफ्यूम एक फ्लेमेवल आइटम है, जो बहुत जल्दी आग पकड़ लेती है। इस जलीय पदार्थ को अपने घरों, कार्यालयों और गाड़ियों में रखना लोगों ने अपनी पहली पसंद बना लिया है। शरीर को महकाने वाले कुछेक परफ्यूम आत्मघाती भी हो सकते हैं, यह स्मरण रखना होगा। बद्दी परफ्यूम फैक्टरी में मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कैसा प्रबंध होगा, आज बड़ा सवाल है?।

बद्दी परफ्यूम फैक्टरी में आगजनी की घटना होना वेहद दर्दनाक है। इस आगजनी में पांच मजदूरों का मौत का ग्रास बनना फैक्टरी प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में एक मृतक महिला की बहन ने जिस तरह कंपनी प्रबंधन खिलाफ आरोप लगाए हैं, यह गंभीर जांच का विषय हैं। फैक्टरी में काम करने वाले मजदूरों ने छतों से कूदकर अपनी जान बचाई है। हैरानी इस बात की कि किसी स्टॉफ और सुरक्षा कर्मियों के हताहत होने की कोई सुर्खी नहीं है। फैक्टरी में जब आग लगी तो क्यों उस पर समय रहते अंकुश नहीं पाया गया? फैक्टरी में क्या इमरजेंसी दरवाज नहीं थे, जिसकी वजह से मजदूरों को छत्तों से कूदना पड़ा। फैक्टरी का आपातकाल प्लान क्या था? क्या अग्निसंयंत्र फैक्टरी में मौजूद नहीं थे?

अमूमन आगजनी की घटना समय तमाम मजदूरों को वाहर असेंबली प्वाइंट में भेजा जाता है। सुरक्षा कर्मी क्यों आग पर समय रहते काबू पाने में नाकाम रहे। फैक्टरी से निकलते हुए काले कार्बन डाइआक्साइड धुएं पर गौर किया जाए तो यही संकेत मिलता है कि आग स्टोर में रखे कचरे की बजह से लगी, जिसने विकराल रूप धारण कर लिया। परफ्यूम एक जलीय पदार्थ है, जो गैस की तरह बाहर निकलता है। परफ्यूम से निकलने वाली गैस अगर आग पकड़ती तो उसका काला धुआं बाहर नहीं निकलता है।

गैस सिलेंडर लीक होने की अवस्था में सिर्फ आग ही बाहर निकलती है। क्या कभी ऐसा माना जा सकता कि गैस सिलेंडर लीक होने पर उसमें से काला धुआं भी निकलता हो। ठीक उसी तरह परफ्यूम से निकलने बाली गैस कभी काला धुआं नहीं छोड़ती है। आग बुझाने में निपुण लोग ही इस आगजनी के सही कारणों का आकलन कर सकते हैं। फैक्टरी में आग साल्ड फायर रबड़, गत्ता, प्लास्टिक और कचरे की वजह से पहले लगी है।

इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि कचरे से उत्पन्न हुई आग को परफ्यूम की गैस ने और अधिक भड़काया। ऐसी साल्ड फायर पर पानी और गैसों पर फोम ही उचित रहती है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर उद्योगों, सरकारी कार्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध पुख्ता नहीं होते, ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है। उद्योगों में सुरक्षा प्रबंध इस कदर मजबूत बनें कि बद्दी परफ्यूम फैक्टरी जैसी आगजनी की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। उद्योगों में इमरजेंसी प्लान इस कदर बने की समय रहते ही आग पर काबू पाया जाए। अगर किन्हीं कारणों से आगजनी पर काबू पाने में असमर्थ रहें तो कम से कम जानमाल का नुकसान होने से सर्वप्रथम बचा जा सके। उद्योगों में प्राइवेट सिक्योरिटी को प्राथमिकता आधार पर रखा जाए। इमरजेंसी टीम का गठन, आपातकाल दरवाजे सदैव खाली रहें।

उद्योगों में अग्निशमन यंत्र आधुनिक तकनीक के रखें जिनकी समय रहते सर्विस की जाए। फैक्टरी के स्टोरों में बिना बजह कचरा रखने की आदत में बदलाव लाने पर आगजनी की घटनाओं पर काबू पाया जा सकता है। अगर बात सरकारी कार्यालयों की करें तो कहने को अग्निशमन यंत्र देखने को मिलते हैं। अग्निशमन यंत्रों पर जमीं धूल ही उनकी स्थिति का अंदाजा लगाने के लिए काफी होती है।

अग्निशमन यंत्र उपयुक्त तापमान में रखे जाते हैं, अन्यथा वे निष्क्रिय हो जाते हैं। अग्निशमन यंत्रों की जांच तीन महीने के अंतराल में किया जाना जरूरी माना गया है। अधिकतर जगहों में देखने को मिलता की इंसान के जानमाल की सुरक्षा करने वाले अग्निशमन यंत्र कचरे के डस्टबिन साथ ही रखे होते हैं। कुछेक को अनउपयुक्त जगहों पर रख दिया जाता जिसकी वजह से उनका कई बार आपातकाल समय उपयोग नहीं किया जाता है। फर्स्ट एड बाक्स सदैव अप टू डेट रखना चाहिए।

आग लगने के तीन कारण माने जाते फ्यूल, हीट और ऑक्सीजन। उद्योगों में सामान हमेशा कुछ अंतराल के बाद ही रखना चाहिए। हिमाचल प्रदेश सरकार बद्दी परफ्यूम फैक्टरी आगजनी की घटना में घायल मजदूरों की हरसंभव मदद कर रही है। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान का कहना है कि आगजनी की घटनाओं पर रोकथाम लगाने के लिए विशेष योजना बनाई जाएगी।

# स्त्री और पुरुष; समानता के हक में है यूसीसी



ब्लॉगर

लेखक : डॉ. मयंक चतुर्वेदी
(लेखक, हिंदुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**उत्तराखंड** में चल रहे विधानसभा सत्र के बीच अपने घर से निकलते समय संविधान की मूल प्रति को लेकर सदन पहुंचने के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह कहकर देश में नई बहस शुरू कर दी है कि देश के संविधान निर्माताओं की अपेक्षाओं के अनुरूप भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 को सार्थकता प्रदान करने की दिशा में आज का दिन देवभूमि उत्तराखंड के लिए विशेष है।

देश का संविधान हमें समानता और समरसता के लिए प्रेरित करता है और समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की प्रतिबद्धता इस प्रेरणा को साकार करने के लिए एक सेतु का कार्य करेगी। इसके साथ सदन में पहुंचकर उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक को सदन के पटल पर रख यह बता दिया है कि प्रत्येक नागरिक की समानता को लेकर जो शुरुआत उत्तराखंड से हुई है, वह अब अनेक राज्यों में होते हुए केंद्र तक जाएगी।

देहरादून स्थित जामा मस्जिद शहर काजी मोहम्मद अहमद कासमी, मुस्लिम सेवा संगठन के अध्यक्ष नईम कुरैशी, ईमाम संगठन के अध्यक्ष मुफ्ती रईस, नुमाइंदा ग्रुप याकूब सिद्दीकी, लताफत हुसैन और राज्य बेग, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी, बोर्ड के महासचिव मोहम्मद फजलुर्रहीम मुजद्दीदी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी समेत देश भर में मुस्लिम रहनुमाई का दम भरने वाले आज कई नेता हैं जो कि यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) का खुलकर विरोध कर रहे हैं। वास्तव में इन सभी की छोटी मानसिकता से साफ समझ आ रहा है कि वह भारत के तमाम मुसलमानों को गुमराह करने के कार्य रहे हैं। कहना होगा कि आज कहीं न कहीं ये सभी और इन जैसे भारत में मुसलमानों को इस्लाम के नाम पर मजहब को ऊपर रख देश को तोड़ने का ही कार्य कर रहे हैं। जब ये लोग कहते हैं कि मुसलमान का मतलब अपने आपको अल्लाह के हवाले करना है, इसलिए हमें पूरी तरह शरीअत पर अमल करना है। तब ये सभी यह भी मंशा जाहिर कर देते हैं कि उन्हें देश के कानून से कोई लेना-देना नहीं है।

पर्सनल लॉ बोर्ड तो सीधे धमकी देने तक पर उतर आया है, कह रहा है 'मुल्क में अगर भाईचारा खत्म हो गया तो मुल्क का इत्तेहाद पार हो जाएगा। अगर नफरत के जहर को नहीं रोका गया तो ये आग ज्वालामुखी बन जाएगी और मुल्क की तहजीब, उसकी नेकनामी, इसकी तरक्की और इसकी नैतिकता सब को जलाकर रख देगी।' अब इनसे कोई पूछे, कौन फैला रहा है नफरत? देश के कई राज्यों में आज 'सर तन से जुदा' के नारे क्यों लग रहे हैं? हम सबको याद है कि 1948 में जब हिंदू कोड बिल संविधान सभा में पहली बार पेश किया गया, तब कुछ लोगों ने इसका जमकर विरोध किया, किंतु डॉ. भीमराव अंबेडकर अपने उद्देश्य से डिगे नहीं। वे भारत की स्त्रियों को हर स्थिति में समान अधिकार दिलाने के लिए संकल्पित थे।

इस दिशा में उत्तराखंड सरकार ने जो पहल सदन में बिल पेश कर की है, उसके कानून बनते ही यहां की विशेषकर आधी मुस्लिम आबादी के साथ न्याय हो सकेगा। अच्छा हो कि इसकी खूबियों को सभी मुस्लिम समझें, विरोध छोड़ धामी सरकार के इस निर्णय पर उसकी प्रशंसा करने आगे आएं। वहीं, आज जरूरत इस बात की भी है कि जो पहल उत्तराखंड से शुरू हुई है, वह रुके नहीं। देश के अन्य राज्य और केंद्र सरकार भी जल्द इस पर कानून बनाए।

## अपनी बात

**बीस** दिन अस्पताल में दाखिल रहने के बाद आज दोपहार बाद छुट्टी होने पर श्यामू अपनी पत्नी को घर वापस ला रहा था। बीमारी के इलाज में उसकी जमा-पूंजी लगभग खर्च हो गई थी, अब रुपए कम होने के कारण बस से ही घर आना पड़ रहा था। एक तो बस अड्डे पर बहुत भीड़ थी, दूसरे सिमरो खड़े-खड़े सफर भी नहीं कर सकती थी।

श्यामू की विनम्र प्रार्थना को दरकिनार कर बस में दो सीटों का किराया देने पर भी बीमार सिमरो को लेटकर सफर कराने हेतु परिचालक सीट देने को तैयार नहीं हुआ था। इस कारण बीमारी के कारण कमजोर पड़ी सिमरो को बहुत परेशानी हुई। उसी रूट पर चलने वाली एक अन्य बस के परिचालक ने उनकी मजबूरी हो समझते हुए इंसानियत के नाते उन्हें आराम से बैठने योग्य सीट उपलब्ध कराकर उनकी दुआएं प्राप्त कर लीं। आज महीने भर बाद सिमरो पति संग फिर मेडिकल चैकअप हेतु शहर आए थे।

वापसी के समय वे पहले चलने वाली बस को छोड़कर आधे घंटे बाद चलने वाली उस दयावान परिचालक की बस में सफर करके घर से सटे बस ठहराव केंद्र पर उतर चुके थे। उस बस से आगे चल रही खाली सीटों वाली बस का परिचालक बड़ी देर बाद उन सवारियों का अगली बस में सफर न करने का कारण जान कर अपने किए पर बहुत पछताता हुआ समय की ताकत की वर्णमाला सीख चुका था तथा वह दंपती उसको सबक सिखाकर मंद-मंद मुस्करा रहे थे।

–रवि कुमार, साहित्यकार/पुस्तक समीक्षक, बिलासपुर

## आपकी डायरी

नदी में समाते नाले
झरने, पत्थर
रेत बजरी कंकर
मिट्टी राख
नश्वर शरीर मिलता,
खो देते अस्तित्व अपना
ठीक वैसे ही जैसे समुद्र
मिल
खो देती नदी
नामोनिशान अपना।



डॉ. कमल के प्यासा।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 'सुंदरनगर अगेंस्ट ड्रग्स' रहेगा राज्य स्तरीय नलवाड़ मेले का थीम

**एसडीएम गिरीश समरा ने लोगों से मांगे सुझाव**


बैठक में मेला कमेटी के सदस्यों को संबोधित करते एसडीएम।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

राज्य स्तरीय नलवाड़ एवं देवता मेला-2024 के आयोजन को लेकर सुंदरनगर प्रशासन ने स्थानीय लोगों से सुझाव आमंत्रित किए है।

राज्य स्तरीय नलवाड़ एवं देवता मेला कमेटी सुंदरनगर के चेयरमैन एवं एसडीएम गिरीश समरा ने बुधवार को बैठक के दौरान कहा कि इस बार राज्य स्तरीय नलवाड़ एवं देवता मेले को एक नया स्वरूप देने के लिए नई गतिविधियां आयोजित की जानी प्रस्तावित है। राज्य स्तरीय नलवाड़ मेला-2024 की थीम सुंदरनगर अगेंस्ट ड्रग्स रहेगा और मेले की विभिन्न गतिविधियों से नशे पर अंकुश लगाने का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस बार प्रशासन द्वारा मेले के आयोजन के साथ बॉडी बिल्डिंग, क्विज प्रतियोगिता, सौंदर्य प्रतियोगिता, किसान मेले के तहत गोष्ठी, जागरूकता अभियान, कृषि के उन्नत तकनीक के उपकरणों की प्रदर्शनी आदि गतिविधियां प्रस्तावित हैं। मेले के दौरान आयोजित होने वाले दंगल को भी नया स्वरूप देते हुए अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के पहलवानों को आमंत्रित किया जाएगा। गिरीश समरा ने कहा कि मेलों के दौरान आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं को महिला और पुरुष वर्ग के लिए इस बार पंचायत स्तर पर आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। कला के क्षेत्र को लेकर इस बार मंडी कलम के स्लोगन को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाना प्रस्तावित है। इसके साथ नशे को लेकर सुंदरनगर अगेंस्ट ड्रग्स के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हाफ मैराथन दौड़ के साथ पहली बार साइकिल रैली का भी आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। राज्य स्तरीय नलवाड़ एवं देवता मेला-2024 के आयोजन को लेकर आम बैठक जल्द ही की जाएगी।

## कर्मचारी महासंघ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**मंडी।** हिप्र नई पेंशन स्कीम कर्मचारी महासंघ ने बुधवार को उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री को प्रदेश के कर्मचारियों के एनपीएस के 9000 करोड़ को जल्द देने बारे ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर राज्य सलाहकार कन्हैया राम, जिलाध्यक्ष लेखराज, रजनीश, वीरेंद्र, होशियार, हंसराज, विक्रांत, सुरेश, भूप सिंह, पंकज तथा कश्मीर सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पुरानी पेंशन बहाल करके ऐतिहासिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के पश्चात केंद्र सरकार के अधीन एनएसडीएल के पास 9000 करोड़ प्रदेश के कर्मचारियों और प्रदेश सरकार का शेष है जिसे वापस नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही यदि यह पैसा वापिस नहीं आता तो प्रदेश में बड़े आंदोलन की रूपरेखा भी बनाई जाएगी।

# तीन जलेब निकलेगी, छह सांस्कृतिक संध्याएं होंगी

## उपायुक्त ने शिवरात्रि के प्रबंधों की समीक्षा के लिए अधिकारियों की बैठक ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला 2024 को अब एक महीने से कम समय रह गया है। इसे देखते हुए छोटी काशी मंडी में आयोजन को लेकर तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने आयोजन से जुड़े प्रबंधों की समीक्षा के लिए बुधवार को अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने सभी के सहयोग से मेले के भव्य आयोजन की बात कही। अपूर्व देवगन ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले की पहली जलेब नौ मार्च को निकाली जाएगी। मध्य जलेब 12 को ओर तीसरी व अंतिम जलेब 15 मार्च को निकलेगी। इनमें आकर्षक झांकियां भी शामिल की जाएंगी। वहीं, नौ से 14 मार्च तक छह सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन होगा। उपायुक्त ने कहा कि मेले में परंपरागत कला संस्कृति को प्रोत्साहन दिया जाएगा।

उन्होंने सभी विभागों से इस अवसर को जन जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर जन जागरूकता लाने में उपयोग करने को कहा। मेले में स्वच्छता, बाल एवं महिला कल्याण, नशा निवारण, स्वीप गतिविधियों, मताधिकार के प्रयोग, सुखाश्रय योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर जन जागृति के लिए इनके व्यापक प्रचार प्रसार पर बल देने को कहा। अपूर्व देवगन ने मेले के आयोजन को लेकर गठित सभी उप समितियों को शीघ्र अपनी बैठकें करके आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार, नगर निगम के आयुक्त एचएस राणा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे।


उपायुक्त अपूर्व देवगन बैठक को संबोधित करते हुए।

### स्वच्छता व्यवस्था का रखें ध्यान

उपायुक्त ने मेले के दौरान पड्डल समेत पूरे शहर में स्वच्छता व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने को कहा। यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न हो। दुकानदारों को गीला तथा सूखा कचरा अलग रखने को लेकर जागरूक करें। स्थान चिन्हित करके पर्याप्त संख्या में कूड़ेदान लगवाएं जाएंगे।

### हर पहलू पर विस्तार से चर्चा

बैठक में मेले के आयोजन से जुड़े हर पहलू पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान जलेब, शहर तथा मंदिरों की सजावट, वित्तीस स्रोत प्रबंधों, पड्डल मैदान के आवंटन तथा अन्य व्यवस्था, देवी-देवताओं के आदर-सत्कार तथा ठहराने के अच्छे प्रबंधों, सांस्कृतिक संध्याओं के आयोजन, खेलकूद प्रतियोगिता, स्मारिका प्रकाशन, विभागों की विकासात्मक प्रदर्शनी, मेहमानों के स्वागत, साफ-सफाई व स्वच्छता व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, बिजली-पानी के समुचित प्रबंध, सुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री, स्वास्थ्य प्रबंध, अग्निशमन की व्यवस्था, सड़कों की मरम्मत, स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के प्रचार-प्रसार विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

**अंतरराष्ट्रीय मेले को लेकर छोटी काशी में तैयारियां तेज**

### देवी-देवताओं की आवभगत में नहीं होगी कोई कमी

उपायुक्त ने कहा कि मेले में पधारने वाले देवी-देवताओं की आवभगत में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। उनके आदर सत्कार के साथ ही उनके साथ आए देवलुओं के ठहरने के उपयुक्त प्रबंध होंगे। उन्होंने ठहरने के स्थानों पर बिजली-पानी समेत अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था के समुचित प्रबंध करने को कहा। बता दें, अंतराष्ट्रीय शिवरात्रि मेले के लिए 216 पंजीकृत देवी-देवताओं को प्रशासन की ओर से पूरे विधि विधान के साथ 'न्यूंद्रा' दिया जाता है।

### उत्सव के रंग में खिलेगी छोटी काशी

अपूर्व देवगन ने मेले के लिए मंडी शहर तथा मंदिरों की विशेष साज सज्जा करने को कहा। सभी कार्यालय भवन तथा मंदिर उत्सव के रंग में खिलेंगे। शहर के मुख्य द्वारों, पुलों, भवनों, मंदिरों में विशेष लाइटिंग तथा सजावट की जाएगी। मेले में जिले के स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के प्रचार प्रसार पर भी बल रहेगा। इन उत्पादों की विशेष पैकेजिंग करके मेहमानों को भेंट किया जाएगा। वहीं, शिवरात्रि दौरान ही शहर में सरस मेले का आयोजन भी होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### न्यू क्रिसेंट स्कूल में मेरिट सर्टिफिकेट बांटे

**जोगिंद्रनगर।** न्यू क्रिसेंट सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर स्थित गरोरू के दसवीं कक्षा के 50 विद्यार्थियों द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में शानदार तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर शिक्षा बोर्ड की तरफ से मैरिट सर्टिफिकेट दिए गए। मेरिट सर्टिफिकेट पाने वालों में अदिति ठाकुर, अंशिका ठाकुर, अनिल ठाकुर, दिशा, दिव्या, कशिश, कशिश, कशिश ठाकुर, काव्या, मालवी , नव्या, निधि, रितिका, रिया, रिया ठाकुर, सोनाली, स्वाति, तान्या, तनिष्का, वंशिका, विभा राज, अभिषेक, आदर्श, आदित्य, आदित्य, अक्षांश, अमित, अपूर्व, अर्नव, अर्शित, आर्यन, आर्यन, आशीष, अथर्व, आयुष, दीपेश्वर, गौरव, हर्षित, ईशांत, कृष, पीयूष, पुनीत, राजदीप, ऋजुल, सजल, शिवांश कटोच, सूजल, विपिन कुमार प्रमुख रूप से रहे। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य ने कहा कि स्कूल की दसवीं कक्षा के 50 विद्यार्थियों को मेरिट प्रमाण पत्र मिलना गौरव की बात है। स्कूल निदेशक विजय शर्मा तथा प्रधानाचार्य शशि किरण ने मेरिट प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले सभी छात्रों तथा उनके माता पिता, अध्यापकों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### नारला में आपदा से निपटने के गुर बताए

**पधर।** डिग्री कॉलेज द्रंग नारला में बुधवार को एसडीआरएफ पंडोह के जवानों ने सामुदायिक जागरूकता और आपदा प्रतिक्रिया प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को आपदा प्रबंधन के गुर सिखाए। एसडीआरएफ के सब इंस्पेक्टर यशवंत सिंह ने बताया कि पिछली बरसात में उपमंडल पधर के आसपास क्षेत्र के कई गांव प्राकृतिक आपदा का नुकसान झेल चुके हैं। प्रशिक्षण के दौरान एसडीआरएफ के सदस्यों ने कॉलेज के छात्र-छात्राओं को राहत कार्य शुरू करने भूकंप के दौरान बचाव, भूस्खलन, बाढ़ आदि आपदाओं के दौरान बचाव के लिए अपनाए जाने वाले तरीके बताए। प्रशिक्षण एवं जागरूकता के साथ-साथ टीम के द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रदर्शनी के माध्यम से अत्याधुनिक उपकरणों की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर एसडीआरएफ टीम के सब इंस्पेक्टर यशवंत सिंह, हेड कांस्टेबल बलविंदर, एलएचसी प्रिंस, कांस्टेबल नीरज, मुनीश नड्डा व गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य बंदना वैद्य व समस्त स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### लडभड़ोल कॉलेज में एनएसएस शिविर शुरू

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय महाविद्यालय लडभड़ोल में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का आरंभ हुआ। सर्वप्रथम कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राचार्य संजीव कुमार ने स्वयंसेवियों को शिविर की जानकारी दी। विशेष शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। शिविर के पहले दिन स्वयंसेवियों ने स्थानीय गांव बनांदर में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। कार्यक्रम के दूसरे भाग में स्थानीय पुलिस चौकी के अधिकारी अनिल कटोच, एएसआई विजय परमार, हेड कांस्टेबल व संजय मंढोतरा मुख्य स्रोत व्यक्तियों के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए तथा स्वयंसेवियों को विभिन्न नियमों व कानूनों के प्रति जागरूक किया।

### भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

**सुंदरनगर।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले हिमाचल प्रदेश में भाजपा अपना कुनबा बढ़ाने में जुट गई है। विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर से वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव लड़ चुके पूर्व प्रत्याशियों ने भाजपा का दामन थाम लिया है। बहुजन समाज पार्टी के नारायण सिंह और राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के रणविजय सिंह ने अपने समर्थकों सहित भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस मौके पर प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं सुंदरनगर विधायक राकेश जम्वाल ने दोनों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई और हार पहनाकर पार्टी में समर्थकों सहित स्वागत किया।

### लांगणा स्कूल के होनहार नवाजे

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लांगणा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। पाठशाला प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि को टोपी, शॉल व मोमेंटो भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे स्कूल के होनहारों को इनाम बांटे। इस दौरान उपस्थित युवाओं एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने कहा की हमें अपने जीवन में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए।

### नई शिक्षा नीति को नर्सरी से लागू किया जाए

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर के एक निजी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के माता-पिता उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा मंडी से अपनी मांगों को लेकर मिले। इसमें सभी ने न्यू नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के कारण उनके बच्चों को आ रही दिक्कतों से अवगत करवाया। अभिभावकों में शिवानी शर्मा, निशा, ज्योति, निशांत, सोनल, अजय और अमित ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नई नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 को इसी साल से लागू करने के आदेश दे दिए हैं। इसके तहत यह पॉलिसी पहली कक्षा से लागू की जा रही है। जबकि न्यू नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के नियम अनुसार पॉलिसी को नर्सरी कक्षा से लागू किए जाने की बात कही गई है जिस पर सरकार बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रही है। अभिभावकों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि जो बच्चे पहले से ही नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी कक्षा में पुराने नियमों के तहत दाखिला ले चुके हैं उन बच्चों को पुरानी पॉलिसी के तहत अगली क्लास में दाखिला दिया जाए।

### सरकाघाट मंडल भाजपा की कार्यशाला संपन्न

**सरकाघाट।** गांव चलो अभियान के अंतर्गत मंडल भाजपा के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय कार्यशाला बुधवार को मंडल भाजपा अध्यक्ष सुदेश चंदेल की अध्यक्षता में शिव विलास होटल सरकाघाट में आयोजित की गई। इस बैठक में सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर व किसान मोर्चा हिमाचल प्रदेश के प्रदेश महामंत्री अखिलेश कपूर विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला महामंत्री राजेंद्र भुट्टो सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### फसल विविधिकरण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

**सुंदरनगर।** भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के अंतर्गत राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो क्षेत्रीय केंद्र दिल्ली द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर में तीन दिवसीय फसल विविधीकरण पर पायलट योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को किया गया। यह कार्यक्रम डॉ. अशोक कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक, राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, क्षेत्रीय केंद्र दिल्ली द्वारा आयोजित किया जा रहा है। तीन दिन तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मंडी के किसान, कृषि प्रसार अधिकारी, विकास अधिकारी तथा इनपुट डीलर्स मुख्य रूप से भाग ले रहे हैं।

# जिला स्तरीय किसान मेला पधर की तैयारियां शुरू


किसान मेला पधर की बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम।

**अनंत ज्ञान, पधर**

पधर में 15 से 19 अप्रैल तक मनाए जाने वाले जिला स्तरीय किसान मेले के आयोजन को लेकर एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपमंडल पधर के सभी विभागों ने और स्थानीय ग्राम पंचायत के उपप्रधान और व्यापार मंडल के प्रधान उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य समस्त विभागों का इस मेले के आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना और उपमंडल पधर प्रशासन को सहयोग देना है। एसडीएम ने कहा की मेले के आयोजन स्थल को लेकर स्थानीय ग्राम पंचायत के उपप्रधान और व्यापार मंडल के प्रधान से चर्चा की गई।

जिला स्तरीय किसान मेले के आयोजन को लेकर विभिन्न उपसमितियां गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं का भी आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार पधर पूर्ण चंद कौंडल अन्य विभागों के अधिकारी और स्थानीय ग्राम पंचायत उपप्रधान गोपाल सिंह और स्थानीय व्यापार मंडल प्रधान लाभ सिंह उपस्थित रहे।

## रोपडी पंचायत में स्वास्थ्य जांच शिविर, 60 ने करवाई जांच

**जोगिंद्रनगर।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य एंबुलेंस टीम ने बुधवार को लडभड़ोल क्षेत्र की ग्राम पंचायत रोपडी में एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। इस शिविर के दौरान बजुर्गों महिलाओं व स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर के दौरान निशुल्क उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी किया गया। इस शिविर के दौरान लगभग 60 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच डॉक्टरों द्वारा की गई। इस स्वास्थ्य सेवा का लाभ जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की प्रयास संस्था द्वारा आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत रोपडी की प्रधान क्षमा देवी ने बताया कि पंचायत परिसर में यह शिविर आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि एक दिवसीय सांसद मोबाइल स्वास्थ्य एंबुलेंस जांच शिविर लगाया गया। उन्होंने बताया कि 60 लोगों ने यहां आकर अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई।

## चुनाव 10 को

मंडी। सामान्य वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष शक्ति चंद चौहान ने कहा कि सामान्य वर्ग जिला मंडी के त्रैवार्षिक चुनाव 10 फरवरी को मंडी में होंगे। इसमें जिला की 10 विधानसभा क्षेत्र के उपमंडलीय अध्यक्ष को 10 सदस्यों के ऊपर एक प्रतिनिधि को चुनाव में भाग लेने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# प्रशासन ने दी छंटाई की अनुमति काट डाला पूरा पेड़, लकड़ी गायब

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**बनाल पंचायत के डिडणू गांव का है मामला**

सरकाघाट उपमंडल की बनाल पंचायत के डिडणू गांव में एक व्यक्ति द्वारा आम के विशाल पेड़ से घर को खतरा बता कर काटने और लकड़ी गायब करने का मामला सामने आया है। जिस पर ग्रामीणों ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई मांगी है। वन विभाग को दी गई शिकायत में मनोहर लाल पुत्र सुदामा राम निवासी गांव डिडणू ने आरोप लगाया है कि इसी गांव के रहने वाले नरेश कुमार पुत्र बाली राम ने सरकारी भूमि पर एक विशाल आम के पेड़ को काट कर लकड़ी खुर्द बुर्द कर डाली है। यह पेड़ शिकायतकर्ता के पूर्वजों ने लगाया था और नरेश कुमार के घर से करीब 10-12 मीटर की दूरी पर था तथा उसके मकान को इस पेड़ से कोई खतरा नहीं था। सरकारी भूमि के खसरा नंबर 1141/1 पर आरोपी ने गत पांच नवंबर को यह पेड़ काट दिया। छह नवंबर को इसकी शिकायत वन परिक्षेत्र अधिकारी कार्यालय धर्मपुर में दर्ज करवाई गई। वन कर्मियों ने मौके पर जाकर लकड़ी पर हैमर लगाए, लेकिन आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। जनवरी में नरेश कुमार ने उस पेड़ के स्लीपर बनाए और मजदूर लगा कर सारी लकड़ी गायब कर दी। मनोहर लाल का कहना है कि आरोपी ने सरकारी जमीन पर मकान बना रखा है जिसकी शिकायत राजस्व विभाग से भी की गई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पेड़ काटने के आरोपी नरेश कुमार ने प्रशासन से गुहार लगाई थी कि उसके घर के समीप आम का पेड़ कभी भी गिर कर नुकसान कर सकता है। उपमंडलाधिकारी धर्मपुर ने मामले की सुनवाई करते हुए 12 जुलाई 2023 को आम के पेड़ की प्रुनिंग करने के निर्देश जारी किए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि एसडीएम के आदेशों की अवहेलना करते हुए आरोपी ने पेड़ ही काट दिया। सूचना देने के बावजूद वन विभाग के कर्मचारियों ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की।

> मामले की शिकायत मिलने पर तहसीलदार धर्मपुर को जमीन की निशानदेही के लिए लिखा गया है। रिपोर्ट आने के बाद अगर सरकारी जमीन पाई गई तो आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। आम की लकड़ी पर हैमर लगाकर नरेश कुमार से सुपुर्दगी रिपोर्ट ली गई है। यदि लकड़ी गायब करने का दोषी पाया गया तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
>
> **पवन कुमार, वन परिक्षेत्र अधिकारी, धर्मपुर।**

## 863 अभ्यर्थियों में से 696 ने दी परीक्षा

**सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश वन विभाग द्वारा वन मित्र भर्तियों को लेकर सुकेत वन मंडल सुंदरनगर के अंतर्गत बुधवार को चयन प्रक्रिया जारी रही। इस मौके पर चयन प्रक्रिया में वन विभाग के सीसीएफ मंडी अजीत ठाकुर भी मौजूद रहे। डीएफओ सुकेत राकेश कटोच ने कहा कि बुधवार को सुकेत वन मंडल के तहत झुंगी व जयदेवी वन रेंज के वन मित्र के लिए चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इसमें संबंधित वन रेंज से 611 पुरुष व 252 महिलाओं सहित 863 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें से 696 ने परीक्षा में भाग लिया। इनमें 467 पुरुष और 229 महिला अभ्यार्थी शामिल हैं। वहीं आयोजित की गई शारीरिक मापदंड व दक्षता परीक्षा में 373 पुरुष व 208 महिलाओं सहित 581 अभ्यार्थी सफल हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया में 167 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

## निजी वाहन में ठूंस-ठूंस भरे थे बच्चे, चालान काटा

**सरकाघाट।** सरकाघाट में निजी वाहनों में सवारियों को अवैध रूप से लाने ले जाने का धंधा दिन प्रतिदिन बढ़ ही रहा है, जबकि पुलिस और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। ऐसा ही एक मामला बुधवार को जै माता नौबाही देवी टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष प्यार चंद सहित अन्य सदस्यों ने धर्मपुर सड़क मार्ग पर वन विभाग के नजदीक लगाए गए नाके के दौरान थौना से आ रहे एक निजी वाहन टाटा सूमो को रोका, जिसमें से जरूरत से ज्यादा स्कूली बच्चे बैठाए गए थे। यह बच्चे आईटीआई पपलोग में किसी कार्यक्रम के लिए जा रहे थे, उनके साथ एक अध्यापिका भी थी। इसी विषय को लेकर यूनियन के पदाधिकारियों ने पुलिस को सूचित किया जिस पर पुलिस एचएएसआई राम चंद भारद्वाज और पवन कुमार गुलेरिया मौके पर पंहुचे और ड्राइवर से गाड़ी के कागजात दिखाने को कहा। गाड़ी की इंश्योरेंस न होने तथा अवैध रूप से स्वारियों लाने पर गाड़ी का चालान काटा गया। इस मौके पर यूनियन के सदस्य संजय, रितेश, विजय, अशोक, विनय, संजय, विपन, विनोद, जगन, नीरज, ज्ञान, दिनेश आदि भी उपस्थित रहे।

## लोक निर्माण विभाग को दो गाड़ियां समर्पित

**जोगिंद्रनगर।** प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बुधवार को जोगिंद्रनगर में लोक निर्माण विभाग मंडल जोगिंद्रनगर को सरकार द्वारा दी गई दो गाड़ियों की विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर हरी झंडी दिखा कर लोक निर्माण विभाग को समर्पित किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए जीवन ठाकुर ने कहा कि वह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हैं कि उनकी कृपा दृष्टि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र पर बनी हुई है जिसके चलते जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि आज जोगिंद्रनगर लोक निर्माण विभाग को दो गाड़ियां प्रदेश सरकार द्वारा समर्पित की गई है जिसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि आज प्रदेश में आर्थिक तंगी के बावजूद प्रदेश के मुख्यमंत्री का आशीर्वाद जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र पर बना हुआ है। जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र पर मुख्यमंत्री की नजर है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास की दृष्टि से किसी भी प्रकार की कोई भी कमी आने नहीं दी जाएगी।

# सांसद प्रतिभा सिंह ने सांसद निधि से 48 लाख की राशि जारी की

**अनंत ज्ञान, मंडी**


नगर निगम के पार्षद नितिन भाटिया।

मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद प्रतिभा सिंह ने अपनी सांसद निधि से विभिन्न विकास कार्यों के लिए 48 लाख रुपए से अधिक की राशि आवंटित की हैं। उन्होंने नगर निगम मंडी के मनोनीत पार्षद नितिन भाटिया के आग्रह पर वार्ड नंबर 13 में वुडलैंड शोरूम के पीछे रास्ते के निर्माण के लिए तीन लाख रुपए तथा पार्षद राजेंद्र मोहन के आग्रह पर नेला में वर्षाशालिका के निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। नगर निगम मंडी के इन दोनों पार्षदों ने इस राशि को स्वीकृत करने के लिए उनका आभार जताया है। इसके अलावा सांसद ने द्रंग विधानसभा क्षेत्र के बरोट में पवेलियन निर्माण के लिए दो लाख रुपए, मझारनू में संपर्क मार्ग के लिए तीन लाख, नेरघरवासड़ा पंचायत में संपर्क मार्ग के लिए तीन लाख, जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कथौण के गांव कनारग में सुरक्षा दीवार के लिए 2.50 लाख रुपए, सदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाड़ीगुणाणु में संपर्क मार्ग के लिए दो लाख रुपए, बल्ह विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सरध्वार में सामुदायिक हाल के लिए दो लाख रुपए, गांव छोनाला में सुरक्षा दीवार निर्माण के लिए एक लाख रुपए, द्रंग विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बह के लिए फर्नीचर के लिए एक लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। इसके अतिरिक्त जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत चौतंड़ा, ढेलू, सगनेहड़, एहजू, सैंथल, मैनभरोला तथा टिकरू के 15 महिला एवं युवक मंडलों को खेल तथा अन्य गतिविधियों के लिए उपकरण खरीदने के लिए प्रत्येक को सात-सात हजार रुपए स्वीकृत किए हैं।

**सख्ती** चुराग कार्यालय में उद्यान विभाग की टीम ने की कार्रवाई

# करसोग में सेब के पांच हजार पौधे किए नष्ट

**अनंत ज्ञान, करसोग**

बाहरी राज्य से अवैध रूप से करसोग लाए गए, सेब के लगभग पांच हजार पौधों को उद्यान विभाग करसोग की टीम द्वारा विभाग के चुराग स्थित कार्यालय में नियमानुसार आग में जलाकर नष्ट किया गया। विभाग द्वारा यह कार्रवाई हिमाचल प्रदेश फल पौध पंजीकरण व विनियमन अधिनियम-2015 की धारा 17 की उपधारा दो के अंतर्गत की गई। विभाग के करसोग स्थित विषय विशेषज्ञ उद्यान डॉ. जगदीश वर्मा ने बताया कि सेब के ये पौधे करसोग क्षेत्र के ही एक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से जम्मू एडं कश्मीर से गाड़ी में करसोग लाए जा रहे थे।

विभाग को मामले की सूचना मिलने पर विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए 29 जनवरी को अवैध रूप से लाए जा रहे इन पौधों को पकड़ा था। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई को विभाग द्वारा गठित टीम की अगुआई में फल पौधशाला पंजीकरण अधिनियम के अनुसार पूर्ण किया गया।


अवैध रूप से लाए गए पौधों को नष्ट करती विभाग की टीम।

जिसमें डॉ. मोनिका शर्मा, डॉ. नारायण ठाकुर व जूनियर टेक्नीशियन जगदीश शामिल थे। उन्होंने बताया कि प्रदेश के कुछ लोग इस तरह के अवैध फल पौधों के कारोबार में संलिप्त है, जो प्रदेश के भोले-भाले बागवान किसानों को ठगी का शिकार बनाते है। उन्होंने बागवानों को ऐसे लोगों से सतर्क रहने की सलाह देते हुए आग्रह किया है कि इस प्रकार के गैर पंजीकृत पौध उत्पादकों से फलदार पौधे न खरीदें और पंजीकृत नर्सरी से ही फलदार पौधों की खरीद करे ताकि पौधों की गुणवता को सुनिश्चित किया जा सके और बागवानों को नुकसान न उठाना पड़े। उन्होंने क्षेत्र के किसान बागवानों से आग्रह किया है कि अवैध फल पौधों के कारोबार में संलिप्त लोगों की सूचना विभाग को अवश्य दें ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके।

इस तरह के कारोबार में यदि कोई संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी अमल में लाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि कानून के अनुसार दोषी पाए जाने पर, ऐसे कारोबारी को 50 हजार रुपए तक जुर्माने व एक वर्ष के कारावास का भी प्रावधान है। डॉ. जगदीश वर्मा ने बताया कि बाहरी राज्यों से फल पौधों की खरीद के लिए नर्सरी का लाइसेंस, पौधों का बिल, हिमाचल प्रदेश सरकार की पौध लाने की परमिशन के अतिरिक्त जिस राज्य से फल पौधों की खरीद की जा रही है, उस राज्य के उद्यान विभाग से फल पौधे बीमारी रहित होने का प्रमाण पत्र भी होना आवश्यक है।

## न्यूज ब्रीफ

### आइना विशिष्ट ने शतरंज में जीता कांस्य पदक



**हमीरपुर।** राजकीय कॉलेज हमीरपुर की द्वितीय वर्ष की छात्रा आइना विशिष्ट ने बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी झांसी में आयोजित उत्तर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता है। मारवाड़ी यूनिवर्सिटी राजकोट (गुजरात) में आयोजित ऑल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी शतरंज प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व भी किया। कॉलेज पहुंचने पर शारीरिक शिक्षा विभाग के स्टूडेंटस, खिलाड़ियों तथा प्राध्यापक वर्ग ने आइना का फूल माला पहनाकर स्वागत किया तथा मिठाइयां भी बांटी। शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक प्रो. पवन कुमार वर्मा ने बताया कि इससे पहले आइना चार बार राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हिमाचल प्रदेश की टीम का हिस्सा रह चुकी है। प्रिंसिपल डॉ. प्रमोद पटियाल ने आइना विशिष्ट और उसके कोच अनिल कुमार को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### कामधेनु गोशाला जाहू में भागवत कथा शुरू

**जाहू।** कामधेनु गोशाला जाहू में देवी भागवत कथा एवं गो कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन कलश यात्रा से बुधवार को शुरू हो गया। प्रधान रतन शर्मा ने बताया कि 15वीं बार भागवत कथा का आयोजन हो रहा है। इस कथा में राजेंद्र आचार्य जी प्रवचन कर रहे हैं। कथा का आयोजन 14 फरवरी तक होगा। 14 फरवरी को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कथा प्रवचन दोपहर 12 बजे से लेकर सायं चार तक किया जाएगा। गो पूजन, देव पूजन प्रतिदिन प्रातः साढ़े नौ बजे से लेकर 11 बजे तक होगा। कथावाचक राजेंद्र आचार्य ने प्रवचन में कहा कि समाज का कल्याण बिना गो पूजा के नहीं हो सकता है। हमारे हिंदू धर्म में गाय को मां का दर्जा दिया गया है।

### गरीब असहाय सहायता संस्था ने की लोगों की मदद

**भोरंज।** भोरंज उपमंडल की गरीब असहाय सहायता संस्था जो 2003 से लोगों की सेवा में काम करती आ रही है और हमेशा गरीब व असहाय लोगों की मदद करने में आगे रहती है। संस्था ने किरणा देवी पत्नी स्व. प्रीतम चंद को लड़की की शादी के लिए 5100 रुपए, शंकर लाल पुत्र जौणी राम को मकान की मरम्मत के लिए 5000 रुपए, किरणा देवी पत्नी पृथी चंद को लड़की की शादी हेतु 5100 रुपए, अनीता देवी पत्नी स्व. राजकुमार को लड़की की शादी हेतु 5100 रुपए, अनीता देवी पत्नी स्व. प्रीतम चंद को लड़के की दिमागी बीमारी के इलाज करवाने के लिए 10000 रुपए की मदद की।

### केंद्र की योजनाओं बारे किया जागरूक

**नादौन।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से नादौन की पंचायत जलाड़ी में वित्तीय समावेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप में पंचायत प्रधान, उपप्रधान सहित करीब 50 लोगों ने भाग लिया। जानकारी देते हुए केंद्रीय समन्वयक रेखा गौतम व ब्लॉक समन्वयक अंजना कुमारी ने बताया कि कैंप में लोगों से आग्रह किया कि वे भारत सरकार द्वारा आम लोगों के उत्थान के लिए चलाई जा रही बैंक व बीमा संबंधी योजनाओं का लाभ उठाएं।

### विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे लखनपाल

**बिझड़ी।** विधायक इंद्रदत्त लखनपाल वीरवार को जल शक्ति विभाग के लगभग 78 लाख रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास करेंगे। जल शक्ति विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनपाल गांव बतलाऊ और साथ लगते क्षेत्रों की पेयजल योजना के सुदृढ़ीकरण के लिए शुक्कर खड्ड में नए परकोलेशन वैल का शिलान्यास करेंगे जिस पर लगभग 41.30 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। विधायक जल शक्ति विभाग के बड़सर मंडल के मंडलीय भंडार की आधारशिला भी रखेंगे। इस भवन के निर्माण पर लगभग साढ़े 36 लाख रुपए की लागत आएगी। लखनपाल ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए कई नई योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र की पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए भी व्यापक कदम उठाए जा रहे हैं।

### रमाबाई को पुष्पांजलि अर्पित कर किया याद

**भरेड़ी।** संविधान निर्माण डॉ. भीमराव अंबेडकर की पहली पत्नी रमाबाई अंबेडकर का जन्म दिवस बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। भोरंज विधानसभा क्षेत्र की थिरड़ पंचायत के नगरोटा बूथ व महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज भरेड़ी में रमाबाई को पुष्पांजलि अर्पित करके याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोरंज भाजपा मंडल अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी भागीरथ ने की तथा जिला उपाध्यक्ष एवं प्रदेश वेलफेयर बोर्ड के पूर्व सदस्य दिनेश भाटिया बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। थिरड़ पंचायत के बूथ नंबर 67 नगरोटा में महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि रमाबाई अंबेडकर का संघर्षमय जीवन महिलाओं को आगे बढ़कर समाज में परिवर्तन लाने के लिए प्रेरित करता है। इसके बाद महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज भरेड़ी में भी कार्यक्रम का आयोजन किया तथा उनके जीवन के हर पहलुओं से अवगत करवाया गया। इस दौरान स्टूडेंट्स से सवाल-जवाब किए गए। इस अवसर पर थिरड़ पंचायत ब्लॉक समिति सदस्य रीता देवी, एससी मोरचा उपाध्यक्ष जगत राम, प्रकाश चंद, जीवन कुमार, कर्म चंद, होशियार सिंह, मंजू देवी, मीना कुमारी, गरीब दास, कमलजीत, रवि कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को बताएंगे उपभोक्ता अधिकार

**हमीरपुर।** ग्रामीण उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए 15 मार्च को विश्व उपभोक्ता दिवस जिला के किसी गांव में मनाया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके। यह बात दी हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया ने आयोजित संगठन की बैठक के दौरान संबोधित करते हुए कही। कालिया ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के जागरूकता के अभाव में लोग अपने अधिकारों के प्रति सचेत नहीं है, जिन्हें संगठन द्वारा जागरूक करने का निर्णय लिया गया है। कालिया का कहना है कि कोहली के निकट कोरा रोड के पास जलशक्ति विभाग की पीने के पानी की पाइप टूटी हुई है, जिस कारण काफी दिनों से पेयजल व्यर्थ बह रहा है तथा किसानों के खेतों में जा कर उनकी फसलें बर्बाद कर रहा है। उन्होंने विभाग से इस टूटी हुई पाइप को शीघ्र ठीक करने का आह्वान किया ताकि किसानों की फसलें खराब न हो। इस अवसर पर संगठन के महासचिव मनोहर लाल कानूनगो, ओपी नंदा, देशराज आदि उपस्थित थे।

### नारी शक्ति को आत्मनिर्भर बना रही प्रयास संस्था

**हमीरपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के मार्ग-दर्शन में बड़सर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत जोड़े अंब, कड़साई, एवं चकमोह में स्थानीय युवतियों एवं मातृ शक्ति के रोजगार कौशल एवं उधमिता कौशल को बढ़ाने की मुहिम के तहत प्रयास संस्था ने अपने ब्यूटी एवं वेलनेस प्रोग्राम में महिलाओं को मुफ्त प्रशिक्षण दे कर ब्यूटीशियन का व्यवसाय करने के लिए उन्हें सशक्त बनाया। यह ट्रैनिंग अनुभवी प्रशिक्षकों के द्वारा प्रदान की गई। 35 दिनों की अवधि का प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को संस्था द्वारा निःशुल्क प्रदान किया गया। प्रयास संस्था द्वारा गीता पैलेस में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र व ब्यूटी किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा ने शिरकत की व बड़सर विधानसभा के पूर्व विधायक बलदेव शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रयास संस्था के संयोजक संजीव राजपूत ने कार्यक्रम की रूपरेखा विस्तृत रूप में बताई। कार्यक्रम में सभी महिलाओं को प्रमाण पत्र व ब्यूटी किट भी वितरित किए। इस अवसर पर बड़सर भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवीर पटियाल, माया शर्मा, प्रधान रजनी, प्रधान किरण शर्मा व अन्य महिलाओं ने भाग लिया।

# डिमार्केशन के बाद जिला परिषद भूमि से हटाया अवैध कब्जा

## अब यहां बनेंगे आवास, चुनाव सामग्री स्टोर और पार्किंग

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी इलाके में स्थित जिला परिषद कार्यालय की बगल में वर्षों से किए गए अवैध कब्जे को हटा दिया गया है।

अब यहां पर रिहायशी आवास, चुनाव सामग्री स्टोर और पार्किंग स्थल का निर्माण किया जाएगा। पिछले कई सालों से इस अवैध कब्जे को हटाने के प्रयास तो हो रहे थे, लेकिन कामयाबी नहीं मिल पा रही थी। यहां एक खोखानुमा दुकान भी बनाई गई थी। जिसे कुछ समय पहले बंद करवा दिया गया था, लेकिन बुधवार को जेसीबी चलाकर इस सारे अवैध कब्जे को हटा दिया गया है।

**जिला परिषद भवन के साथ नालटी रोड पर वर्षों से था अवैध कब्जा**



जेसीबी से अवैध कब्जे को हटाते हुए व मौके पर मौजूद उपाध्यक्ष नरेश दर्जी।

इस सारी कार्रवाई में जिला परिषद के उपाध्यक्ष नरेश कुमार दर्जी ने भी अहम रोल अदा किया है। अवैध कब्जा होने के बाद यह मामला अदालत में पहुंच गया था, लेकिन जिला परिषद को अब अदालत से जब राहत मिली, तो उसके बाद इस कब्जे को हटा दिया गया है। कब्जा हटाने की इस कार्रवाई के मौके पर उपाध्यक्ष नरेश दर्जी भी मौजूद थे। यह अवैध कब्जा जिला परिषद भवन के पास था। उसके अगल-बगल में निजी लोगों की जमीन भी है, लेकिन अब यह मसला हल हो गया है। अब यहां पर जल्दी ही निर्माण किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### लड़ाई लड़कर मिली जिला परिषद को कामयाबी

यह जगह नालटी रोड पर स्थित है, क्योंकि यह प्राइम लैंड है और यदि अवैध कब्जे की जद में आ जाए, तो फिर उसे छुड़ाना इतना आसान भी नहीं रहता है। अब लंबी लड़ाई लड़कर जिला परिषद को जो कामयाबी मिली है, उससे जमीन का प्रॉपर सदुपयोग होगा। जिला परिषद के उपाध्यक्ष नरेश कुमार दर्जी का कहना है कि है और बहुत जल्दी यहां पर परिषद ने जिस निर्माण की सोच भिड़ाई हुई है, उसे अमलीजामा पहना दिया जाएगा।

# डीसीसी अध्यक्ष ने भाजपा नेताओं पर कसा तंज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

**किसी भी लोकतंत्र में चुने हुए प्रतिनिधियों की नाकामियों को उजागर करना विपक्ष का काम**

किसी भी लोकतंत्र में चुने हुए प्रतिनिधियों की नाकामियों को उजागर करना विपक्ष का काम होता है, लेकिन भाजपाई अपने नेताओं को छूईमुई की तरह समझते हैं, जिन पर कोई अंगूली नहीं उठा सकता।

मुख्यमंत्री रहते हुए हमीरपुर जिला के लिए पूर्व मुख्यमंत्री क्या विकास नहीं करवा पाए, केंद्रीय मंत्री रहते हुए अनुराग ठाकुर क्या विकास नहीं करवा पाए, यह उजागर करना हमारा काम है तथा आने वाले समय में और अधिक ताकत से इसको उठाया जाएगा, इसमें किसी प्रकार से किसी भाजपा नेता को बख्शा नहीं जाएगा। मर्यादा में अगर भाजपाई रहे तो कांग्रेस भी मर्यादा नहीं छोड़ेगी। यह बात कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुमन भारती ने यहां जारी प्रेस बयान में कही।



सुमन भारती।

भारती का कहना है कि जिला भाजपा के छुटभैया नेताओं के अनुसार जिला में चांद और सूरज भी अनुराग ठाकुर और प्रेम कुमार धूमल के कारण ही निकल रहे हैं। इनके आने से पहले जिला अंधकार में डूबा हुआ था। अनुराग ठाकुर पर जरा-सी बात कर देने से भाजपा के ये नेता इस तरह से बौखला जाते हैं, जैसे कि उन्हें सच्चाई नामक बिच्छु ने डंक मार दिया हो। अपनी बौखलाहट में यह लोग शब्दों की मर्यादा भूल जाते हैं, लेकिन अब ये जिस लहजे में बात रखेंगे, उन्हें उसी लहजे में जवाब मिलेगा।

उन्होंने कहा कि अभी तो हमने केवल पूर्व मुख्यमंत्री धूमल और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की नाकामियों पर छोटा-सा प्रकाश डाला था, लेकिन भाजपाई तिलमिला उठे।

# बजट सत्र तक नहीं हुआ मांगों का समाधान, तो रणनीति करेंगे तैयार : शर्मा



हिम आंचल पेंशनर्स संघ की कांगू में हुई बैठक में भाग लेते पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

पेंशनर्स के लंबित देय आर्थिक लाभ जारी करने हेतु बजट सत्र तक सरकार की ओर से घोषणा का इंतजार किए जाने का निर्णय लिया गया है और अगर सरकार द्वारा पेंशनर्स की अनदेखी की गई, तो फिर संघ को गंभीरता से रणनीति तैयार करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा। यह बात हिम आंचल पेंशनर्स संघ की कांगू में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए नादौन ब्लॉक के प्रधान जगदीश चंद शर्मा ने कही।

उन्होंने सदस्यों को पांच फरवरी को पेंशनर्स भवन हमीरपुर में हुई प्रदेश इकाई की कोर कमेटी की बैठक में लिए गए निर्णयों बारे विस्तार से जानकारी दी। उनका कहना है कि विभिन्न विभागों में पेंशनर्स के चिकित्सा बिलों के भुगतान न हो पाने, महंगाई भत्ता की चार किस्तें लंबित होने, पेंशन संशोधन की देय बाकाया राशि का एकमुश्त भुगतान करने आदि लंबित मांगों के समाधान हेतु पदाधिकारी शीघ्र ही सरकार के समक्ष रखेंगे। बैठक में पेंशनर्स की व्यक्तिगत समस्याओं पर भी मंथन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक महासचिव जगदीश चंद शर्मा, सलाहकार अवनीश कुमार, अमरनाथ शर्मा, किशोरी चंद, जगदीश शर्मा, माधो राम, सुखदेव शर्मा, ब्रह्म दास आदि उपस्थित रहे।

# 29 तक करवाएं ई-केवाईसी

**हमीरपुर।** राशनकार्ड धारकों की ई-केवाईसी के लिए निर्धारित अंतिम तिथि को 29 फरवरी तक बढ़ा दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा ने बताया कि सरकार के निर्देशों के अनुसार विभाग ने प्रदेश भर में राशनकार्ड धारकों की ई-केवाईसी करने का अभियान चलाया है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य द्वारा अपनी ई-केवाईसी उस उचित मूल्य की दुकान में करवानी है, जहां से वे राशन लेते हैं। ई-केवाईसी प्रक्रिया के दौरान प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य को अपना नाम, जन्म तिथि आदि का मिलान अपने आधार डाटा के साथ करना है। अब यदि कोई उपभोक्ता 29 फरवरी तक भी अपना ई-केवाईसी प्रमाणीकरण नहीं करवाता है तो उसका राशन कार्ड ब्लॉक किया जा सकता है।

# महावीर दंगल कमेटी ने निकाली शोभायात्रा



महावीर दंगल कमेटी द्वारा निकली गई शोभायात्रा में मौजूद मेहर चंद पटियाल व अन्य।

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा धरोड़ (चमराल) में आज छिंज मेले का शुभारंभ किया गया। इस मेले का शुभारंभ सेवानिवृत्त प्रिंसिपल मेहर चंद पटियाल के कर कमलों द्वारा किया गया।

इस दौरान महावीर दंगल कमेटी धरोड़ (चमराल) के प्रधान सुदर्शन जरियाल, महासचिव परमजीत डोगरा, ब्लॉक समिति नादौन के वाइस चेयरमैन वीरेंद्र पठानियां, जिला परिषद सदस्य आशीष डोगरा, पंचायत बड़ा के उपप्रधान अशोक कुमार महावीर दंगल कमेटी के सदस्य सुरिंद्र ठाकुर सुन्नी, कुलदीप पटियाल, बरिंदर सिंह, विनोद कुमार, जगदीश पटियाल एवं सर्व समाज कल्याण सभा बड़ा के सदस्यों के अतिरिक्त क्षेत्र के ओर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। पीर बाबा के नाम पर आयोजित इस छिंज मेले के दौरान महावीर दंगल कमेटी द्वारा सर्व प्रथम पंचायत बड़ा के गांव अंदारा में पीर बाबा की पूजा-अर्चना की गई।

उसके उपरांत अंदारा से छिंज मेला के अखाड़ा स्थल तक कमेटी द्वारा कस्बा बड़ा से होते हुए शोभायात्रा निकाली। कमेटी के प्रधान सुदर्शन जरियाल ने बताया कि इस बार सभी क्षेत्रवासियों ने अपना भरपूर जन सहयोग दिया। 11 फरवरी को महावीर दंगल कमेटी द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# झूठ की राजनीति करने पर सुजानपुर के विधायक को किया जाना चाहिए सम्मानित : भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सुजानपुर भाजपा मंडल में कहा है कि झूठ की राजनीति ओर झूठे वादे करने वाले को भी राज्य सरकार सम्मानित करने का प्रावधान करे। इस कड़ी में सबसे पहले सुजानपुर के विधायक को यह सम्मान मिले।





विक्रम राणा व विनोद ठाकुर।

मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा और जिला भाजपा सचिव विनोद ठाकुर ने स्थानीय विधायक राजेंद्र राणा पर तंज कसते हुए कहा कि वर्तमान में सुजानपुर के विधायक की सरकार में क्या स्थिति है। इस बात से हर कोई भली-भांति परिचित है। विधायक के इतने बुरे दिन आ जाएंगे कि उन्हें अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं से अपने आपको सम्मानित करवाना पड़ेगा यह बात किसी ने सोची नहीं थी।

उन्होंने कहा कि दो दिन पहले सुजानपुर शहर में उनका नागरिक अभिनंदन उनकी ही पार्टी के एक कार्यकर्ता द्वारा किया गया जो बेहद हास्यास्पद बात है, लेकिन अब विधायक को अपना सम्मान इसी तरह करवाना पड़ेगा। सरकार में उनकी दाल गल नहीं रही है, प्रदेश का मुखिया उनकी बात को सुनता तक नहीं है। यही कारण है कि विधायक को अपनी ही सरकार में अपनी बात रखने के लिए खुले पत्र लिखने पड़ रहे हैं।

# भाजपा मंडल सुजानपुर ओबीसी मोर्चा का हुआ गठन

**सुजानपुर।** भाजपा मंडल सुजानपुर द्वारा ओबीसी मोर्चा की कमान चंद्रशेखर को सौंपी गई है। सुजानपुर भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी सुधीर भटनागर ने बताया कि होशियार सिंह, सुधीर मेहरा, सुभाष चंद, राम कष्ण को उपाध्यक्ष संजीव कुमार अशोक कुमार, प्यार चंद धीमान, अजय कुमार को सचिव राम सिंह, विशन चौधरी को मीडिया संयोजक रजनीश कुमार सहसंयोजक, दलीप कुमार कोषाध्यक्ष आदि सदस्य नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बनाई गई कार्यकारिणी के तमाम सदस्य आने वाले लोकसभा चुनाव के लिए धरातल पर उतरकर काम करेंगे।

# अजय शर्मा बने एपीएमसी हमीरपुर के चेयरमैन



चुनाव सभा के लिए इकट्ठे हुए डीसी हेमराज बैरवा के साथ अजय शर्मा व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

यहां हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस के युवा नेता अजय शर्मा को कृषि उपज मंडी समिति (एपीएमसी) हमीरपुर का चेयरमैन बनाया गया है। बुधवार को डीसी हेमराज बैरवा ने हमीरपुर से पदभार छोड़ने से पहले एचपीएमसी के नए सदस्यों की बैठक बुलाई और उसमें यह चुनाव सभा आयोजित की गई। जिसमें अजय को आम सहमति से चेयरमैन चुन लिया गया।

इस अवसर पर एडीसी मनेश यादव, उद्यान विभाग के उपनिदेशक एवं एपीएमसी के सरकारी सदस्य डॉ. राजेश्वर परमार, पशुपालन विभाग के सहायक निदेशक डॉ. देवेंद्र कतना, एपीएमसी की सचिव अरुणा कुमारी, गैर सरकारी सदस्य विजय बन्याल, नीलम ठाकुर, संतोष कुमार, सुनील कुमार, रमेश चंद, सिकंदर कुमार, केवल शर्मा, दीप चंद और अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। मंडी समिति के इस चुनाव का लंबे समय से इंतजार हो रहा था, लेकिन सदस्यों की अधिसूचना जारी होने में सत्ता के गठन के बाद काफी समय लग गया। अब क्योंकि पिछले सप्ताह ही सदस्यों की अधिसूचना जारी हुई थी और पिछले कुछ दिनों से हमीरपुर के डीसी हेमराज बेरवा जिनका कांगड़ा जिले में तबादला हो चुका है वह छुट्टी पर चल रहे थे।

आज जैसे ही शिमला से नए डीसी के रूप में अमरजीत सिंह हमीरपुर पहुंचे तो हेमराज बेरवा भी अपने ऑफिस आए और सबसे पहले उन्होंने मंडी समिति के सदस्यों के साथ बैठक की और चुनाव संपन्न करवाया उसके बाद नए डीसी में भी ज्वाइन किया। चुनाव सभा से पहले ही कांग्रेस के कई नेता डीसी ऑफिस पहुंचे हुए थे। चुनाव के बाद कार्यकर्ताओं ने अजय शर्मा को हार पहनाकर उनका स्वागत किया इसके अलावा समिति के सभी सदस्यों को भी कार्यकर्ताओं ने सम्मानित किया।

# सड़कों पर लगे मिट्टी के ढेरों से लोग परेशान

**शशि सोनल, नादौन**

एनएचआई मटौर-ज्वालाजी-नादौन-शिमला फोर लेन निर्माण के दौरान बरती जा रही लापरवाही की वजह से लोगों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के घरों और गांव के पुराने रास्ते बंद हो रहे हैं। जिसके चलते लोगों को अपने घरों में आने-जाने के लिए वाहनों द्वारा तो दूर पैदल आने जाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यही नहीं सिंचाई एवं पेयजल विभाग की पाईप लाइनों को फोर लेन के निमार्ण के दौरान उखाड़ दिया गया है। जिस वजह से लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है।



फोरलेन निर्माण के दौरान रास्तों पर फेंकी मिट्टी व उखड़ी पानी की पाइपें।

नादौन के पट्टे जलाड़ी गांव के सुरेंद्र कुमार गौतम ने इस बारे एसडीएम नादौन को शिकायत की है जिसमें फोरलेन की वजह से लोगों को हो रही परेशानियों से निजात दिलाने का आग्रह किया है। शिकायत पत्र में कहा है कि हमारा गांव पट्टे जलाड़ी का सरकारी रास्ता तीन महीनों से बाधित है। बड़े-बड़े मिट्टी के ढेर रास्ते में लगा दिए हैं। फोरलेन के किनारे करीब छह फीट की ऊंची-ऊंची दीवारें लगाई जा रही हैं। जिससे प्राचीन सरकारी रास्ता एनएच-88 से भी पुराना है बंद हो गया है। पानी की पाइपें जो उखाड़ी जा रही हैं उन्हें कई-कई दिनों तक लगाया नहीं जा रहा है। इस बारे में एनएचआई के अधिकारियों व कर्मचारियों से जब बात की जाती है तो आश्वासन देकर पल्लू झाड़ लिया जाता है।

उन्होंने सरकार व विभाग से आग्रह किया है कि नेशनल हाई-वे वालों को फोर लेन या टू लाइन जो भी बनाना है एक बार ही बनाएं ताकि जनता को परेशानी न हो। गांव वासियों का आग्रह है कि इन पाइनों को जोड़कर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा रास्तों से मिट्टी के ढेरों को हटाया जाए, ताकि लोगों को आने-जाने की समस्या से निजात मिल सके। एसडीएम अपराजिता चंदेल ने कहा कि इस बारे में शिकायत आई है। एनएचआई के अधिकारियों को मौका पर जाकर लोगों की समस्याओं को सुनने व समाधान किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# जिले को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए होंगे हरसंभव प्रयास : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

प्रदेश सरकार ने उन्हें हमीरपुर जैसे महत्वपूर्ण जिले की जिम्मेदारी सौंपी है। यह जिला विकास के विभिन्न मानकों में अग्रणी रहा है। मुख्यमंत्री के मार्ग-दर्शन तथा सभी के सहयोग से वह जिला को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। यह बात हमीरपुर के नए डीसी अमरजीत सिंह ने कार्यभार संभालने के बाद कही।



हमीरपुर के नए डीसी अमरजीत सिंह।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए वह विभागीय अधिकारियों से ताजा स्थिति की जानकारी लेंगे और आवश्यकतानुसार कदम उठाएंगे। डीसी ने कहा कि हमीरपुर में लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग और अन्य विभागों के जोनल स्तर के कार्यालय भी हैं। वह इन विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके जिला के लिए बड़ी परियोजनाओं की रूपरेखा भी तय करेंगे। आम लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न सेवाओं के आधुनिकीकरण एवं डिजिटाइजेशन पर भी जोर दिया जाएगा। निवर्तमान डीसी हेमराज बैरवा ने दोपहर बाद अमरजीत सिंह को जिला का कार्यभार सौंपा। हेमराज बैरवा जिला कांगड़ा के डीसी का कार्यभार संभालेंगे। कार्यभार संभालने से पहले अमरजीत सिंह ने सुबह डीसी कार्यालय परिसर में स्थित सभी शाखाओं एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने एक-एक कार्यालय एवं शाखा में जाकर अधिकारियों-कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी ली। अमरजीत सिंह प्रदेश के विभिन्न जिलों और राज्य सचिवालय शिमला में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य कर चुके हैं। प्रशासनिक अधिकारी के रूप में उनका बहुत लंबा अनुभव रहा है। इस अवसर पर एडीसी मनेश यादव, डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कालेज हमीरपुर के अतिरिक्त निदेशक जितेंद्र सांजटा व अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

**समस्या** दर्जनों दोपहिया व चौपहिया वाहन बिना किसी रोक-टोक के रोजाना हो रहे हैं पार्क

# हमीरपुर बस स्टैंड में नो पार्किंग जोन में पार्क की जा रही गाड़ियां

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

वर्तमान में बस स्टैंड हमीरपुर छोटा पड़ता जा रहा है, दिन-प्रतिदिन बस स्टैंड में प्राइवेट और सरकारी बसों को लगाने के लिए जगह कम पड़ती जा रही है, इसलिए एचआरटीसी हमीरपुर द्वारा बस स्टैंड में रूट पर जाने से पहले 15 मिनट बस स्टैंड में लाने के निर्देश दिए हैं, जिससे बस स्टैंड के पास जाम न लगे और आसानी से सभी बसें अपने रूटों पर जा सकें।

इसके अलावा बस स्टैंड के अंदर प्राइवेट गाड़ियां और दोपहिया वाहन पार्क किए जा रहे हैं, जिससे बस चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बस स्टैंड में रोजाना सैकड़ों सरकारी व प्राइवेट बसें अपने रूटों पर जाती हैं। बसों की संख्या बढ़ने से काउंटर पर लगाने के लिए जगह नहीं मिलती है। इसका मुख्य कारण है कि बस स्टैंड की नो पार्किंग जोन में दर्जनों दोपहिया व चौपहिया वाहन बिना किसी रोक-टोक के रोजाना पार्क हो रहे हैं। वह भी पुलिस चौकी के बाहर, जहां उन्हें चालान का भी कोई डर नहीं है, क्योंकि उन्हें फ्री में वाहन पार्क करने की सुविधा मिल रही है। हैरानी की बात यह है कि प्राइवेट गाड़ियां काम एचआरटीसी स्टाफ की गाड़ियां ज्यादा पार्क हो रही है कि पुलिस चौकी से लेकर पेट्रोल पंप तक दोपहिया व चौपहिया वाहन दर्जनों के हिसाब से दिन भर पार्क हो रहे हैं। बस स्टैंड हमीरपुर में डीडीएम राज कुमार पाठक ने 10 दिन पहले जितनी भी गाड़ियां बस स्टैंड में पार्क होती थी, उन्हें बस स्टैंड से बाहर निकाला था। उन्होंने निर्देश जारी किए थे कि यदि कोई वाहन चालक बस स्टैंड में गाड़ी पर करता है तो उसका चालान किया जाएगा। बावजूद इसके प्रतिदिन नो पार्किंग जोन में गाड़िया पार्क हो रही हैं। इस बारे में उपमंडलीय प्रबंधक राज कुमार पाठक का कहना है कि है अगर बस स्टैंड के नो पार्किंग जोन में गाड़ियां पार्क हो रही है तो उनका प्रावधान किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



हमीरपुर बस स्टैंड में नो पार्किंग जोन में पार्क किए वाहन।

### बस पास बनाने के लिए उमड़ रही स्टूडेंट्स की भीड़

**महाविद्यालय** में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स की बस स्टैंड में दिनभर पास बनाने के लिए स्टूडेंट्स की खासी भीड़ उमर रही है। बस काउंटर पर अगले कुछ दिनों तक स्टूडेंट्स की भीड़ लगी रहेगी इसके लिए एचआरटीसी ने स्टूडेंट्स को बस पास बनाने के लिए कोई भी असुविधा न झेलनी पड़े इसका पूरा प्रबंध कर लिया है। बस स्टैंड में पास बनाने के लिए सुबह से ही स्टूडेंट्स की लाइनों में पास बनाने के लिए लग रही, ताकि जल्दी से जल्दी पास बन जाए। प्रतिदिन सुबह 10 बजे से लेकर शाम को चार बजे तक लगभग 250 स्टूडेंट्स के पास बनाए जा रहे हैं।

# अली खड्ड से पानी उठाने वाली योजना के नाम पर न हो राजनीति : रामलाल

## खड्ड से पानी उठाने वाली योजना को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए, तीसरी बार किया जा रहा प्रयास

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

काफी दिनों से चले आ रहा अली खड्ड से पानी उठाने के मुद्दे पर पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने अब हस्तक्षेप किया है।

रामलाल ठाकुर ने कहा कि इस मुद्दे पर राजनीति की जा रही है और भाजपा के नेता इसकी आड़ में आकर अपनी राजनीति रोटियां सेंक रहे हैं। बुधवार को बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के इस मुद्दे पर किसी भी तरह की राजनीति नहीं करने दी जाएगी। कुछ नेता लोकसभा चुनाव को निकट देखकर इस मुद्दे पर राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं।



बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करते हुए पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर।

संघर्ष समिति के अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने अपनी बात उनके समक्ष रखी है। उन्होंने जानकारी दी कि इस तरह का मामला 1992-93 में भी सामने आया था कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और वह मंत्री थे। उस समय तत्कालीन गुजरात अंबुजा ने पानी उठाने के लिए आईपीएच विभाग को राशि जमा करवाई थी और तत्कालीन आईपीएच मंत्री चंद्र कुमार ने इस योजना का कार्य शुरू करवाया था। उसे समय भी उन्होंने स्वयं जाकर मंत्री से बात की, लेकिन मंत्री ने इस मामले में कुछ भी करने से इनकार किया, तब वह तत्कालीन मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के पास गए थे और उन्हें इस योजना से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी थी। उस समय वीरभद्र सिंह ने इस योजना को बंद करने के आदेश दिए थे, अब भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और इस मामले में वह मुख्यमंत्री तथा उपमुख्यमंत्री से आग्रह कर रहे हैं कि जनता की भावनाओं को मध्य नजर रखते हुए इस योजना का कार्य बंद करवाया जाए। अगर यह योजना चला दी जाती है, तो इस क्षेत्र की 35 सिंचाई एवं पेयजल योजनाएं प्रभावित होंगी।

### लोगों की भावनाओं से क्यों किया जा रहा खिलवाड़ ?

विभाग जलशक्ति विभाग के चीफ इंजीनियर और एक्सईएन को पूछा जाए कि लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ क्यों किया जा रहा है। गुजरात अंबुजा, अल्ट्राटेक जैसी कंपनियां बिलासपुर जिले के रमणीक स्थल बहादुरपुर से पत्थर उठा रही हैं, लेकिन इस मायनिंग का सारा पैसा सोलन जिला प्रशासन को जा रहा है, जबकि बिलासपुर को कुछ नहीं दिया जा रहा। नियमों के अनुसार प्रोजेक्ट से 10 किलोमीटर क्रॉफ्लाई क्षेत्र में मायनिंग का पैसा संबंधित पंचायत को मिलना चाहिए। इस तरह से बिलासपुर की 12 पंचायतें इसमें आती हैं, लेकिन उन्हें पैसा नहीं दिया जा रहा, जबकि सड़क बिलासपुर की टूट रही है और बिलासपुर के क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं।

# पूर्व मंत्री से पेयजल योजना के विरोध में मांगा सहयोग

बिलासपुर। बिलासपुर और सोलन की सीमा त्रिवेणीघाट में चल रही पेयजल योजना के विरोध को लेकर बुधवार को ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर से मुलाकात की। ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री से पेयजल योजना के विरोध में उनका सहयोग मांगा। इस दौरान अली खड्ड बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अधिवक्ता रजनीश शर्मा ने कहा कि 2021 से यह विवाद चल रहा है। स्थानीय लोग लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। इसके साथ ही अर्की उपमंडल की नवगांव पंचायत के लोग भी इस योजना का लंबे समय से विरोध कर रहे हैं। वहां पर सिर्फ चार से पांच लोग ही इसके समर्थन में हैं। विभाग का कहना है कि माइनिंग प्रभावित आठ पंचायतों को यह पानी दिया जा रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है। दो से तीन बार इन पंचायतों के नाम बदले, जिसमें दाड़लाघाट और नवगांव को शामिल किया गया, लेकिन यह क्षेत्र माइनिंग प्रभावित नहीं है।

# ग्रीन ऑडिट पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली का प्रारंभिक हिस्सा



ग्रीन ऑडिट विषय पर आयोजित की गई कार्यशाला में मौजूद लोग।

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल आइक्यूएसी की ओर से ग्रीन ऑडिट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य ग्रीन ऑडिट और नैक के मानदंड सात में सुधार लेन हेतु आवश्यक जानकारियां एकत्र करना था। इस कार्यशाला के विशेषज्ञ संसाधक व्यक्ति गौरव प्रकाश राजा, संस्थापक सह सतत विकास विशेषज्ञ एमएस द रिज एनवायरनमेंट कंसल्टेंट्स लिमिटेड थे। उन्होंने अपने व्याख्यान में ग्रीन ऑडिट विषय पर विस्तार से चर्चा की। ग्रीन ऑडिट पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली का एक प्रारंभिक हिस्सा है, जिसका उपयोग सतत् विकास सुनिश्चित करने के मूल दृष्टिकोण के साथ पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए पद्धतिगत रूप से किया जाता है।

ग्रीन ऑडिटिंग को पर्यावरण ऑडिटिंग के रूप में भी जाना जाता है। ग्रीन ऑडिट के उद्देश्य नियामक या वैधानिक आवश्यकता और नेट पॉजिटिवध्न्यू जीरो या कार्बन न्यूट्रल कैंपस है। प्राचार्य राम कृष्ण ने उपस्थित सभी प्राध्यापकों के साथ मानक संचालन प्रक्रिया को लागू करने की बात कही।

# डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री आए दिन कर रहे हवा में बातें : गोपाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

- कहा- पेंशनर्स रूल्स में सरकार नहीं बल्कि केंद्र सरकार करती है बदलाव
- लोगों को भ्रमित कर रही सरकार, लोकसभा चुनावों में नहीं दिया जाएगा साथ

हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री आए दिन हवा में बातें करके प्रदेश की जनता को भ्रमित कर रहे हैं। अभी हाल ही में उपमुख्यमंत्री की ओर से कहा गया कि प्रदेश में पेंशनर्स रूल्स में बदलाव किया जाएगा, परंतु उपमुख्यमंत्री को आज तक यह नहीं पता है कि यह बदलाव प्रदेश सरकार नहीं, बल्कि केंद्र द्वारा किया जाता है।

कांग्रेस सरकार के आते ही प्रदेश के विकासात्मक कार्य रुक गए हैं, हालात ऐसे हो गए हैं कि पेंशनर्स को समय पर अपनी पेंशन व अन्य भत्ते नहीं मिल रहे हैं। यह बात बुधवार को बिलासपुर में प्रेसवार्ता करते हुए प्रदेश राज्य कर्मचारी पेंशनर मजदूर श्रमिक बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल दास वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि एनपीएस को ओपीएस में लाने के लिए कार्य किया और उसे सरकार ने लागू भी किया, लेकिन 50 प्रतिशत को ओपीएस मिलनी चाहिए थी, लेकिन वह 30 प्रतिशत को ही मिल रही है। इसके अलावा लीव इनकैशमेंट ग्रेच्युटी तथा अन्य किसी भी प्रकार के भत्ते कर्मचारियों को नहीं मिल रहे हैं। लोगों को ठग कर सत्ता हासिल करने के बाद 14 महीना में 14000 करोड़ रुपए का कर्ज वर्तमान सरकार ले चुकी है, लेकिन एक भी कार्य कर्मचारियों के हित में नहीं किया गया है। मेडिकल रिंबर्समेंट तक भी नहीं मिल रही है। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि चार साल बाद प्रदेश को उच्च स्तर पर ले जाएंगे, लेकिन वह समझ में नहीं आता कि किस तरह होगा क्योंकि 10 गारंटी की बात कहकर उन्हें लागू नहीं कर पाना इस सरकार की क्या मजबूरी है।

### कर्मचारी और पेंशनर्स अब चुप बैठने वाले नहीं



इस बारे में भी सरकार श्वेत पत्र जारी करे। सभी कर्मचारी और पेंशनर्स अब चुप बैठने वाले नहीं है। कुछ पेंशनर्स बिना इलाज के ही मर गए क्योंकि उन्हें मेडिकल रिंबर्समेंट नहीं दिया गया। इसमें लगभग 25 करोड़ रुपए की राशि मेडिकल रिंबर्समेंट के रूप में सरकार द्वारा देय है, लेकिन वह नहीं दी जा रही है। कांग्रेस के सभी नेता झूठ बोलते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2012 में जब वीरभद्र सिंह मुख्यमंत्री बने थे, तो उन्होंने भी यह कहा था कि हर घर को रोजगार दिया जाएगा, लेकिन वह रोजगार नहीं दिया गया। इसी तरह वर्तमान सरकार भी झूठ के सहारे राजनीति कर रही है, जो कि अधिक समय तक चलने नहीं दी जाएगी।

# सौरव गौतम व देवेंद्र ठाकुर महामंत्री, शेर सिंह कोषाध्यक्ष

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

- भारतीय जनता युवा मोर्चा की सदर मंडल कार्यकारिणी का गठन किया

भारतीय जनता युवा मोर्चा की सदर मंडल कार्यकारिणी का गठन कर दिया गया है।

युवा मोर्चा के सदर मंडल अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, सदर भाजपा मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर और भाजयुमों के जिला अध्यक्ष मनोज ठाकुर के साथ सलाह-मशविरा करने के बाद बुधवार को अपनी टीम का ऐलान किया। कार्यकारिणी में सदर विधानसभा क्षेत्र के सभी इलाकों को प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया है।

अक्षय ने बताया कि भाजयुमों की सदर मंडल कार्यकारिणी में राज कुमार, साहिल ठाकुर, अनुवेष ठाकुर, संजीव कुमार, रवि धीमान व राजेंद्र कुमार को उपाध्यक्ष, सौरव गौतम व देवेंद्र ठाकुर को महामंत्री, साहिल मेहता, हितेश ठाकुर, विक्रमजीत, रोहित चौधरी, लोकेश ठाकुर, अश्वनी शर्मा व उज्ज्वल कैंथ को सचिव, शेर सिंह को कोषाध्यक्ष, पंकज धीर, अनिल कुमार, विवेक ठाकुर, राजेश जोशी व हितेश कुमार को सहसचिव, विनय चौहान को कार्यालय सचिव, नवीन सोनी को मुख्य प्रवक्ता, मनोज पाठक, विपन कुमार, रवि ठाकुर व अजय ठाकुर को प्रवक्ता, अभय चौधरी को आईटी प्रभारी, प्रवीण को आईटी सह प्रभारी, चंदन ठाकुर को सोशल मीडिया प्रभारी, प्रसन्न मिश्रा व सौरव चंदेल को सोशल मीडिया सह प्रभारी, अनिल कुमार को मीडिया प्रभारी, सतीश, अभिषेक सोनी व विवेक को मीडिया सहप्रभारी तथा अभिनव चौधरी, पंकज ठाकुर व मुनीष कुमार भारद्वाज को कानूनी सलाहकार बनाया गया है।

अभय कटोच को युवा मोर्चा की बिलासपुर शहरी इकाई की कमान सौंपी गई है। वहीं, अभिषेक वर्मा, अविनाश चौहान, निखिलेश ठाकुर व अश्वन कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

## शक्तिपीठ श्री नयनादेवी जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई

# रंग-बिरंगे फूलों से सजा मंदिर



रंग-बिरंगे फूलों, गुब्बारों से सजा माता श्री नयना देवी का मंदिर ।

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी

विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी में आज माता श्री नयना देवी जी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

माता श्री नयना देवी मंदिर को जहां पर रंग-बिरंगे फूलों गुब्बारों से सजाया गया। वहीं पर श्रद्धालुओं ने मंदिर के क्षेत्र में भंडारों का भी आयोजन किया गया। पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली और अन्य प्रदेशों से माता की जयंती मनाने के लिए श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचते रहे, हालांकि ठंड के कारण श्रद्धालुओं की भीड़ कम रही। मंदिर प्रशासन के द्वारा भी श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। मंदिर के सुरक्षाकर्मियों ने श्रद्धालुओं को लाइनों में माता के दर्शन के लिए भेजा गया। मंदिर अधिकारी विपिन ने बताया कि माता जी की जयंती को लेकर मंदिर न्यास के द्वारा पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। जहां पर मंदिर की साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त की गई थी।

# व्यास गुफा के बचाव के प्रबंध करने के बाद ही निर्माण कार्य किया जाए



एनएसयूआई ने शहर में लोगों से बात कर ज्ञापन पर उनके हस्ताक्षर करवाए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

ऐतिहासिक धरोहर व्यास गुफा को रेल लाइन निर्माण कार्य के प्रभाव से बचाने के लिए एनएसयूआई ने कंपनी के परियोजना प्रबंधक को ज्ञापन भेजा।

उन्होंने मांग रखी कि व्यास गुफा के बचाव के प्रबंध करने के बाद ही निर्माण कार्य शुरू किया जाए। परियोजना प्रबंधक को भेजे गए ज्ञापन में एनएसयूआई पदाधिकारी ईशान ठाकुर सहित अन्य सदस्यों ने बताया कि बिलासपुर में भानुपल्ली-बैरी रेल लाइन का कार्य तेजी से चल रहा है। शहर के डियारा सेक्टर के साथ बिलासपुर की ऐतिहासिक धरोहर व्यास गुफा मौजूद है। परियोजना के निर्माण कार्य के दौरान इसके क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी हुई है। लोगों ने आग्रह किया कि निर्माण कार्य से पहले इस ऐतिहासिक धरोहर के बचाव की व्यवस्था की जाए। उसके बाद ही निर्माण कार्य शुरू किया जाए। इसके लिए एनएसयूआई ने शहर में लोगों से बात कि और ज्ञापन पर उनके हस्ताक्षर भी करवाए। लोगों ने उनके इस कार्य की सराहना की साथ ही निर्माणाधीन कंपनी से व्यास गुफा के बचाव की मांग की।

# रोहित बने हमीरपुर जिला के प्रभारी

## प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों, संसदीय क्षेत्र व जिला प्रभारियों की घोषणा की

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा ने प्रदेश नेतृत्व से चर्चा के उपरांत प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों, संसदीय क्षेत्र प्रभारी व जिला प्रभारियों की घोषणा कर दी है।

इसमें प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों में 48 और चार संसदीय क्षेत्र प्रभारी व 17 युवाओं को जिला प्रभारियों की जिम्मेदारी सौंपी है। इस सूची में बिलासपुर की सदर विधानसभा हरनोड़ा क्षेत्र से संबंध रखने वाले रोहित ठाकुर को हमीरपुर जिला का प्रभारी नियुक्त किया है। वर्तमान में रोहित प्रदेश युवा मोर्चा की कार्यकारिणी में सचिव भी हैं तथा इससे पूर्व जिला भाजपा युवा मोर्चा कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष बतौर सेवाएं दे चुके हैं। अभी हाल ही में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सामाजिक सेवा युवा कार्य, शिक्षा, संस्कृति के क्षेत्र से प्रतिष्ठित व्यक्ति के श्रेणी के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र संगठन से संदर्भित युवा कार्यक्रम में रोहित ठाकुर को जिला सलाहकार समिति डीएसीवाईपी का बतौर सदस्य के लिए भी नियुक्ति दी गई है। रोहित ने हमीरपुर जिला के प्रभारी की नियुक्ति की घोषणा पर हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि इससे पार्टी को नई ऊर्जा मिलेगी तथा 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के अभियान को मजबूती देगी। सभी जिला प्रभारी, संसदीय क्षेत्र प्रभारी तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कंधे से कंधा मिलाकर संगठन के सभी कार्यों को पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।

### पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे



लोकसभा चुनाव की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा ने सभी प्रदेश सदस्य, संसदीय क्षेत्र एवं जिला प्रभारी की घोषणा कर दी है। रोहित ने कहा कि निष्ठा से कार्य करते हुए प्रदेश के युवाओं को पार्टी से जोड़कर पार्टी की रीति-नीति के बारे में बताकर ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने राज्यसभा सदस्य, प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री व युवा मोर्चा प्रभारी डॉ. सिकंदर, प्रदेशाध्यक्ष तिलक राज शर्मा तथा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसको वे पूरी मेहनत व निष्ठा के साथ निभाएंगे और पार्टी को मजबूत बनाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# महेंद्र धर्माणी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

घुमारवीं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र धर्माणी ने हिमाचल रेलवे विस्तार के लिए 2500 करोड़ का बजट प्रावधान बजट में करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि इससे प्रदेश की आर्थिकी मजबूत होगी तथा प्रदेश के औद्योगिक विकास को मदद मिलेगी।

भानुपल्ली-बिलासपुर रेल लाइन के लिए 1700 करोड़, नंगल-तलवाड़ा रेलवे लाइन के लिए 500 करोड़ और चंडीगढ़-बद्दी रेल लाइन के लिए 500 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया, जिससे रेलवे का विस्तार होगा और प्रदेश में रेलवे यातायात मजबूत होगा। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बजट पर दिया गया भाषण देश की दिशा और दशा को निर्धारित करने वाला है। आर्थिक दृष्टि से संपन्न होने से देश में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और मोदी के नेतृत्व में देश महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

# प्रदेश सरकार युवाओं के कौशल विकास को निखारने पर दे रही बल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

- विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को किया जागरूक

कार्यक्रम के दौरान सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से अमर ज्योति कला मंच के कलाकारों ने राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया।

कलाकारों ने लोगों को सरकार द्वारा शिक्षित युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। राज्य सरकार की ओर से युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध करवाने में राजीव गांधी सौर ऊर्जा, स्टार्टअप योजना महत्वपूर्ण साबित होगी। इस योजना के माध्यम से बेरोजगार युवा अपनी भूमि पर 100, 200 व 500 किलोवाट का सौर ऊर्जा केंद्र स्थापित कर पाएंगे। इसके लिए संयंत्र संस्थापकों को आगामी 25 वर्षों तक प्रतिमाह क्रमशः 20 हजार रुपए, 40 हजार रुपए तथा एक लाख रुपए प्रदान किए जाएंगे। कलाकारों ने उपस्थित युवाओं से योजना का लाभ उठाने तथा अपने साथियों को इस योजना के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया। लोगों को बताया गया कि प्रदेश सरकार तकनीकी शिक्षा के माध्यम से युवाओं के कौशल विकास को निखारने पर विशेष बल दे रही है।

इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश के तकनीकी संस्थानों में चरणबद्ध आधार पर ड्रोन सर्विस तकनीशियन, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और डाटा साइंस जैसे पाठ्यक्रम आरंभ किए जा रहे हैं, जो भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करेंगे। कलाकारों ने युवाओं से आग्रह किया कि इन पाठ्यक्रमों का लाभ उठाकर रोजगार प्रदाता बनें।

**आयोजन** घुमारवीं के त्यून खास और लुहारवीं पंचायत में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आयोजित

# प्रदेश में 4000 बच्चे बनाए चिल्ड्रंस ऑफ द स्टेट

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत त्यून खास और लुहारवीं में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम हुआ।

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने लोगों की समस्याएं सुनीं। कुछ मामलों को मौके पर ही निपटाया गया, अन्यों को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। लोगों ने मंत्री के समक्ष बिजली, पानी, सड़क और राजस्व संबंधी मामले उठाए। 100 से अधिक बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य विभागों की शिकायतें और मांगें प्राप्त हुईं। धर्माणी ने कहा कि अपने पहले कार्यकाल के दौरान क्षेत्र में नैन से मेहरन तक सड़क पहुंचाई थी। अब नाबार्ड के अंतर्गत डूगली तक बस रोड बनाने के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। इस सड़क के बनने से क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को सीधा लाभ होगा। लुहारवीं के बरोटा में जमीन उपलब्ध करवाने पर कम्यूनिटी हॉल के लिए राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। विद्यालयों में विशेष देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों के लिए मुख्यमंत्री संबल योजना का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने इंदिरा गांधी महिला सम्मान निधि योजना के तहत स्पीति घाटी की 18 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं। प्रदेश के अनाथ बच्चों को चिल्ड्रंस ऑफ द स्टेट के रूप में अपनाने का निर्णय लिया गया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत प्रदेश के चार हजार अनाथ बच्चों को अपनाया गया है।



त्यून खास और लुहारवीं पंचायत में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में राजेश धर्माणी लोगों की समस्याओं को सुनते हुए।

### समस्या को सुलझाने के लिए दिए निर्देश

क्षेत्र में पीने की पानी और लो वोल्टेज की समस्या को सुलझाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान प्रदेश की महिलाओं, बच्चों और कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए योजनाओं पर प्राथमिकता के आधार पर काम किया गया।

## क्रस्ना लैब मरीज के मर्ज को कम करने की बजाय और बढ़ा रही

# लैब में सैंपल देने के बाद कई दिनों तक नहीं दिए जा रहे जांच के नतीजे

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

सिविल अस्पताल घुमारवीं में खोली गई क्रस्ना लैब मरीज के मर्ज को कम करने की बजाय और बढ़ा रही है। अस्पताल की सरकारी लैब में सुबह 9:30 से 12:30 बजे तक ही टेस्ट किए जाते हैं, जिससे मरीज अस्पताल में स्थित क्रस्ना लैब पहुंचते हैं, लेकिन यहां पहुंचने पर मरीज की परेशानियां कम होने के बजाए और बढ़ जाती हैं।

पंचायत बाड़ी मनझेड़वां के गांव बलोह के कुशल सिंह का कहना है कि वह एक फरवरी को अस्पताल में अपना इलाज करवाने आए थे। जहां चिकित्सकों की ओर से अपने यूरिन कल्चर का टेस्ट करवाने को कहा गया, जब वह अपना सैंपल लेकर क्रस्ना लैब पहुंचे, तो उन्हें रिपोर्ट के लिए अगले दिन आने को कहा गया, लेकिन जब वह अगले दिन लैब पहुंचे, तो उन्हें वाले टालमटोल करने लगे, लेकिन जैसे ही वह एक सप्ताह बाद सात तारीख को फिर दोबारा लैब के कर्मचारियों से अपने यूरिन कल्चर की रिपोर्ट मांगने गए, तो लैब की कर्मचारियों ने रिपोर्ट देने से मना कर दिया। उनका कहना था कि लैब के कर्मचारियों ने उसे दोबारा सैंपल देने को कहा।

### एक हफ्ते से कटवा रहे लैब के चक्कर

मरीज का कहना था कि एक तो वह पहले ही बीमार है, दूसरे लैब वाले उसे पिछले एक हफ्ते से लैब के चक्कर कटवा रहे हैं। इसको एक हफ्ते बाद भी उसके सैंपल की जांच रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। यह वजह है कि उसका एक हफ्ते बाद भी इलाज शुरू नहीं हो पाया है तथा उसकी तबीयत और अधिक का बिगड़ती जा रही है, यही नहीं अस्पताल पहुंचे अन्य मरीजों का भी यही कहना था कि क्रस्ना लैब में दिए गए जांच के नमूनों की रिपोर्ट कई दिनों तक लैब के कर्मचारी नहीं देते हैं, जिससे उन्हें अपना इलाज करवाने में परेशानियां उठानी पड़ रही हैं।

> क्रस्ना लैब की पहले भी ऐसी कई शिकायतें आती रही हैं और हमने हर बार उच्च अधिकारियों को इस मामले से अवगत करवाया। हम मरीजों को अपने अस्पताल की लैब में ही जांच करवाने को कहते हैं, अगर फिर से कोई ऐसा मामला हुआ है, तो इस बात की जांच करवाई जाएगी।
>
> **डॉ. आशुतोष शर्मा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, घुमारवी।**

## न्यूज़ ब्रीफ

### स्टूडेंट्स ने कैंसर के बारे में किया जागरूक



हिमकेप्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग बढेड़ा में विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में स्टूडेंट्स।

**हरोली।** हिमकेप्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग बढेड़ा की स्टूडेंट्स ने विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में गांव कांगड़ में कैंसर दिवस का आयोजन किया। स्टूडेंट्स ने लोगों को कैंसर की परिभाषा, कैंसर होने के कारण, कैंसर के लक्षणों तथा कैंसर से बचाव बारे लोगों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर कॉलेज के चेयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर, प्रधानाचार्य कार्तिकेय सेल्वी पंचायत प्रधान नीलम कॉलेज स्टाफ आशा वर्कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में गांववासी रहे।

### स्वयंसेवियों ने संवारा मुच्छाली गांव



मुच्छाली गांव में साफ-सफाईकरते एनएसएस के स्वयंसेवी।

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी उत्कृष्ट राजकीय महाविद्यालय बंगाणा एनएसएस इकाई के छठवें दिन की शुरुआत योगाभ्यास से शुरू हुई। सुबह के नाश्ते के बाद सभी स्वयंसेवियों की ग्रुप वाइज रिपोर्टिंग हुई, जिसमें प्रत्येक ग्रुप लीडर ने अपने ग्रुप की रिपोटिंग एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर को दी। एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी के नेतृत्व में एनएसएस द्वारा गोद लिया गया गांव मुच्छाली में सफाई अभियान चलाया। स्वयंसेवियों ने गरीब नाथ मंदिर, बावड़ी और मुख्य सड़क को सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि आठ फरवरी को एनएसएस का समापन होना है, समापन समारोह के मुख्यातिथि कुढलेड के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो शिरकत करेंगे। इस अवसर पर एनएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर प्रो. सिकंदर नेगी, प्रो. कमलेश, एनएसएस कैप्टन विशाल सोनी, सपना, एनएसएस हैड बॉय तीक्ष्ण आर्य और हैड गर्ल सबिता मौजूद रहे।

### गोंदपुर बूला में जांचा लोगों का स्वास्थ्य



लोगों की जांच करती मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम।

**हरोली ।** केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे संचालित सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हरोली टीम (प्रीति, रुचि, निहाल) ने डॉ. प्रदीप के नेतृत्व में गोंदपुर बुल्ला पंचायत में जनता के स्वास्थ्य की सामान्य जांच के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें 90 लोगों की स्वास्थ जांच की गई व 40 लोगों की रक्त जांच की गई। इस मौके पर आशावर्कर्स एवं आंगनबाड़ी वर्कर सहित अन्य गांववासी मौजूद रहे।

### कार्यशाला में दिए गए ब्यूटी टिप्स



सौंदर्य व्यवसाय पर जानकारी देती प्लेस्मेंट और करियर गाइडेंस सेल से मुस्कान नरूला चड्ढा

**अंब।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब दिन बुधवार को, प्लेस्मेंट और करियर गाइडेंस सैल और महिला सशक्तिकरण क्लब द्वारा फेमिना फ्लाउंट अकेडमी के सहयोग से एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुस्कान नरूला चड्ढा ने समस्त विद्यार्थियों को ब्यूटी टिप्स देकर सुंदरता से जुड़ी तमाम जानकारी और वर्तमान समय में इस व्यवसाय में अत्यधिक रोजगार के साधनों से अवगत करवाया। उन्होंने यह भी बताया कि सौंदर्य व्यवसाय में आजकल इच्छुक प्रार्थी के लिए अनगिनत अवसर हैं। सौंदर्य व्यवसाय को शुरू करवाने का चरण बध तरीका समझाया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो दर्शन कुमार ने भी अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को नारी सशक्तीकरण के विषय से अवगत कराया और कहा कि 21 वी सदी में महिलाएं हर क्षेत्र में सशक्त हैं। सौंदर्य संबंधी इस व्यवसाय में रोज़गार के बेहद अवसर हैं और महाविद्यालय की छात्राओं को इसका लाभ उठाना चाहिए। इस कार्यशाला में महाविद्यालय की लगभग 150 छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ सुरुचि शर्मा,प्रो बंदना ,प्रो अनिल वर्मा सहित स्टाफ के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

### चालकों ने पढ़ा यातायात नियमों का पाठ

**बंगाणा।** जिला पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार उपमंडल बंगाणा के थाना बंगाणा के थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय ने टीम सहित बंगाणा में कुटलैहड़ टैक्सी यूनियन के चालकों एवं अन्य युवाओं को यातायात नियमों के बारे में पाठ पढ़ाया और नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय ने कहा कि नशा करके कोई चालक गाड़ी न चलाए, क्योंकि नशा करके गाड़ी चलाना कानूनी अपराध है और इस में जुर्माना और सजा दोनों का प्रावधान है। इस मौके पर स्थानीय प्रधान विजय शर्मा, चालक बलबीर सिंह, रंजीत सिंह, राजेंद्र सोनी, सुखदेव, लकी शर्मा, पंकज, स्वर्ण सिंह, राज कुमार, रनिया राम, नरेश कुमार के अलावा गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### बाल कल्याण समिति की बैठक आयोजित



**ऊना।** बाल कल्याण समिति की त्रैमासिक बैठक उपायुक्त जतिन लाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में बाल कल्याण समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त जतिन लाल ने बाल कल्याण समिति को नेशनल करियर सर्विस सेंटर का नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए, ताकि संस्थान में रह रहे बच्चों को सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध करवाई जा सके। उन्होंने कहा कि मलाहत में गैर आवासीय विशेष प्रशिक्षण केंद्र में शिक्षा ग्रहण कर रहे प्रवासी बच्चों को स्कूल भवन और शौचालय के अतिरिक्त अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष मीनाक्षी राणा, सदस्य श्याम लाल मल्होत्रा, राज कुमारी, रीना कुमारी व सुरेश कुमार उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार ने बुझाया घर का चिराग

## पैदल जा रहे ठठल के 16 वर्षीय अरमान की वाहन की चपेट में आने से मौत

**अनंत ज्ञान, अंब**

**तेज** रफ्तार ने अंब तहसील के ठठल गांव के एक घर का चिराग बुझा दिया। बुधवार को नंदपुर के राधा स्वामी सत्संग घर के निकट जब 16 वर्षीय अरमान पुत्र बख्शीश सिंह कहीं जा रहा था, तब एक तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह किशोर को टक्कर मारने के बाद सड़क के नीचे खेतों में जा गिरी।

जानकार बताते हैं कि अरमान गंभीर रूप से घायल हो गया तथा स्थानीय लोगों ने उसे उपचार के लिए अंब के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टर उसकी जान नहीं बचा पाए। अरमान की मौत से पूरे ठठल और नंदपुर गांवों में शोक की लहर दौड़ गई है। 12वीं के छात्र की इस असमय मृत्यू ने एक बार फिर हमें चेताया है कि वाहन का इतना ही प्रायोजन है कि उसका उपयोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने या सामान ढोने के लिए किया जाए, परंतु मशीन के स्टेरिंग पर बैठा व्यक्ति उसे उड़ा ले जाना चाहता है। तेज रफ्तार से प्राप्त होने वाला रोमांच आज किसी परिवार को दुख के अंधकार में डुबो गया है। अंब पुलिस ने कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मरवाड़ी में सड़क हादसा, पांच लोग घायल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**तलवाड़ा** मार्ग पर स्थित मरवाड़ी में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में पांच लोगों के घायल होने की सूचना मिली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार होशियारपुर की दसूया तहसील का एक परिवार मां बगलामुखी और बाबा बड़भाग सिंह माथा टेकने आया था। परिवार के सदस्य अक्षय कुमार पुत्र दिलबाग सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि मंगलवार को जब वे यात्रा समाप्त होने के बाद अपने घर वापस लौट रहे थे, तब शाम करीब पांच बजे जियो पैट्रोल पंप मरवाड़ी के सामने अचानक एक इनोवा गाड़ी ने उनकी कार को टक्कर मार दी। अक्षय का आरोप है कि कार की गति बहुत तेज थी और ड्राइवर उसे लापरवाही से चला रहा था। उसकी गलती से हुई टक्कर से पीड़ित परिवार के पांच सदस्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने आरोपी कार चालक नरेश कुमार पुत्र प्रकाश चंद, निवासी गांव रायपुर, तहसील घनारी के विरुद्ध मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अवैध शराब की 14 बोतलें बरामद

**ऊना।** पुलिस ने मंगलवार को दो अलग अलग जगहों से अवैध शराब की 14 बोतलें पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस द्वारा जारी सूचना के अनुसार पहला मामला मैहतपुर ऊना मार्ग का है जहां से सदर थाने की एक टीम ने चाय की एक दुकान से देसी शराब की 6 अवैध बोतलें बरामद की हैं। शराब का कारोबार करने वाले का नाम गणेश कुमार पुत्र अमरजीत सिंह, निवासी वार्ड न, 4, विकास नगर ऊना बताया जा रहा है। जबकि दूसरा मामला संतोषगढ़ का है। संतोषगढ़ पुलिस चौकी की एक टीम ने पुरानी आईटीआई के निकट एक व्यक्ति की तालाशी ली तो उसके पास देसी शराब की 8 बोतलें पाई गईं। आरोपी की पहचान राहुल पुत्र सतीश कुमार, निवासी वार्ड न. 8, संतोषगढ़ के रूप में हुई है। दोनों आरोपियों के विरुद्ध सदर थाने में आबकारी अधिनियम की धारा 39(1)ए के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस शराब तस्करी की श्रृंखला को खंगालने में लगी है।

### ठगों ने उड़ाए 4.6 लाख

**ऊना।** ऊना तहसील के बसदेहड़ा गांव में भी ऐसी ही एक घटना हुई है। हालांकि घटना पिछले साल की है, लेकिन पीड़ित ने अब जाकर थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। वार्ड नंबर पांच निवासी विजय कुमार पुत्र ब्रह्मपाल ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि 27 अगस्त, 2023 को उन्होंने अपना सिम पोर्ट करने के लिए किसी व्यक्ति को मोबाइल फोन से ही अपना आधार कार्ड भेजा था। विजय कुमार ने आरोप लगाया है कि उक्त व्यक्ति ने ही धोखे से उनके यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते से 4,60,000 निकाल लिए थे। मैहतपुर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मामला दर्ज करते हुए उसकी तालाश शुरू कर दी है।

## उपायुक्त ने किया खाद्य आपूर्ति के गोदामों का औचक निरीक्षण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

**उपायुक्त** जतिन लाल ने बुधवार को जलग्रां स्थित भारतीय खाद्य आपूर्ति गोदाम व हिमाचल प्रदेश सिविल सप्लाई गोदामों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोदाम में दाल, चावल, चने की दाल, तेल, नमक इत्यादि खाद्य सामग्री का निरीक्षण किया। इस मौके पर उपायुक्त ने डीएफएससी को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

इसके उपरांत जतिन लाल ने जलग्रां टब्बा, देहलां और बसदेहड़ा में उचित मूल्यों की दुकानों का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान देहलां और बसदेहड़ा स्थित उचित मूल्य की दुकाने बंद पाई गईं। इस पर कड़ा संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने डीएफएससी को उचित कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला की समस्त उचित मूल्यों की दुकानें समय-सारिणी के अनुसार खुली रहनी चाहिए। यदि किसी कारणवश डिपूधारक दुकान को बंद करके जाता है, तो उसे संबंधित निरीक्षक या जिला नियंत्रक को इस संबंध में सूचित करना अनिवार्य होगा।

उन्होंने जलग्रां में उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया तथा उचित मूल्य की दुकान पर उपभोक्ताओं को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उपायुक्त ने पीओएस मशीन के माध्यम से खाद्य सामग्री स्टॉक के वितरण बारे जानकारी ली। उन्होंने डिपूधारकों से उपभोक्ताओं को उचित मूल्यों की दुकानों के माध्यम से मिलने वाली सभी सुविधाओं को प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर गुणावत्ता युक्त खाद्य सामग्री निर्धारित समय पर उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

उपायुक्त ने उपतहसील मैहतपुर-बसदेहड़ा का भी निरीक्षण किया और तहसील में लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने राजस्व रिकॉर्ड को भी दरुस्त करने को कहा। निरीक्षण के दौरान जिला नियंत्रक खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राजीव शर्मा भी मौजूद रहे।

## ऐतिहासिक तालाब में मरी हजारों मछलियां



**ऊना।** ऊना नगरी के संस्थापक श्री साहिब सिंह जी बेदी द्वारा स्थानीय टक्का रोड में निर्मित ऐतिहासिक तालाब में मछलियों के अचानक मरने का सिलसिला जारी है। हजारों मछलियां तालाब में दम तोड़ चुकी हैं। मृत मिली मछलियां आखिर क्या कारण रहे, इसका अभी कोई सुराग नहीं लग पाया है।
हालांकि तालाब में छोटी मछलियां भी हैं, लेकिन छोटी मछलियां जिंदा हैं। बड़ी मछली जो की एक डेढ़ किलो की हैं, वे तालाब में मृत पाई गईं और तालाब के ऊपर तैरती हुई नजर आई हैं।

हालांकि समय समय पर इस तालाब के पानी की निकासी भी होती है, लेकिन यहां पर जो लोग मछलियों को चारा डालते हैं, उसमें असंतुलित आहार की मात्रा होने का कारण भी ऐसी स्थिति पैदा हुई थी। इस दफा भी कुछ ऐसा ही होने की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी इस तालाब के रखरखाव में सेवा कार्य करने वाले प्रमुख धार्मिक संस्था के आयोजकों को दे दी है। तालाब में अत्याधिक संख्या में मछलियों के मरने से आस पास बदबू फैलने लगी है। इससे पहले भी कारसेवकों द्वारा बाबा अमरजोत सिंह बेदी के आह्वान पर इस तालाब की साफ सफाई की थी। धार्मिक नेता बाबा अमरजोत बेदी जी ने घटना पर दुख जताया है और आश्वासन दिया है कि इस घटना के कारणों की तलाश की जाएगी और समस्या का समाधान किया जाएगा।

## मिस्टर फेयरवेल महेश और मिस डीएवी बनी सिद्धिका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।**

**डीएवी** सेनटेनरी पब्लिक स्कूल ऊना में कक्षा 12वीं के स्टूडेंट्स के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। स्टूडेंट्स सभी प्राचार्य अतुल महाजन व शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर कक्षा ग्यारहवीं के स्टूडेंट्स ने सीनियर्स के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्टूडेंट्स ने मनोरंजन में पेपर डांस, मॉडलिंग, भांगड़ा, सांस्कृतिक नृत्य द्वारा मनोरंजन किया। विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स में कशिश, अमृत, गौरी, शिफाली, तानिश, दक्ष, शाश्वत व तनवी को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। मिस्टर डीएवी का खिताब महेश ठाकुर, मिस डीएवी सिद्धिका धानवी जोशी को दिया गया। मिस्टर फेयरवेल अक्षित चंद्राणी, मिस फेयरवेल मान्या कालिया, हाप ऑफ द डीएवी आरती व श्रेयसी को घोषित किया गया। मिस्टर आलराउंडर का खिताब अक्षित जसवाल व मिस आलराउंडर मन्नत को दिया गया।

प्राचार्य अतुल महाजन ने स्टूडेंट्स को आगामी जीवन में सफलता मिलने का आशीर्वाद देकर शुभकामनाएं दीं।



डीएवी स्कूल की फेयरवेल पार्टी में मौजूद स्कूल का स्टाफ व गणमान्य लोग।



डीएवी स्कूल की फेयरवेल पार्टी की प्रतियोगिता में पार्टीस्पेट करतीं स्टूडेंट्स।

### डिप्टी सीएम अग्निहोत्री आठ से हरोली विस के प्रवास पर

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री वीरवार 8 फरवरी को हरोली विधानसभा क्षेत्र के तहत विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उपमुख्यमंत्री आठ फरवरी को प्रातः 10 बजे लोअर पंडोगा के वार्ड नं 7 में मोहल्ला टालियां के लिए घरेलू जल निकासी प्रणाली कार्य की आधारशिला रखेंगे, 10.30 बजे खड्ड गांव में हरिजन बस्ती की सुरक्षा के लिए बाढ़ नियंत्रण कार्य, 11 बजे खड्ड के मोहल्ला चक्क के लिए सिंचाई ट्यूबवैल, 11.30 बजे पंजावर में बाबा बाल पुरी मंदिर के समीप मियां हीरा सिंह स्टेट कॉपरेटिव टेडनिंग सेंटर व सामुदायिक केंद्र, सायं तीन बजे ग्राम पंचायत हीरां के थड़ा में सिंचाई ट्यूबवैल बलियाल, 3.30 बजे लालूवाल से गोंदपुर जयचंद रोड के अपग्रडेशन कार्य व 4.30 बजे उपमुख्यमंत्री टाहलीवाल से बाथड़ी रोड के अपग्रडेशन कार्य का भूमिपूजन करेंगे। इसके अतिरिक्त उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सायं 4 बजे ग्राम पंचायत दुलैहड़ में नव निर्मित राजीव सेवा केंद्र का लोकार्पण करेंगे।

### भूपेंद्र राणा ने नियुक्ति के लिए आभार जताया

**ऊना।** ऊना विधानसभा क्षेत्र के तहत अरनियाला गांव के निवासी पूर्व बीडीसी सदस्य एवं कांग्रेस नेता भूपिंद्र राणा को जिला ऊना लोक शिकायत निवारण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। भूपिंद्र राणा ने अपनी नियुक्त पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष नेगी निगम भंडारी, पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वह बाखूभी निभाएंगे। सरकार की जनहित की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाया जाएगा। क्षेत्र के लोगों की शिकायतों का समाधान करवाने के लिए काम किया जाएगा।

### ई-टैक्सी ड्राइविंग स्किल टेस्ट 10 फरवरी को

**ऊना।** ई-टैक्सी आवेदनकर्त्ताओं का ड्राइविंग स्किल टेस्ट 10 फरवरी को सुबह 10 बजे आरटीओ कार्यालय में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए आरटीओ अशोक कुमार ने बताया कि राजीव गांधी स्वरोजगार योजना के तहत ई-टैक्सी परमिट के समस्त प्रार्थी, जिन्होंने पांच जनवरी तक अपना आवेदन हिमाचल प्रदेश परिवहन विभाग के ऑनलाइन पॉर्टल पर किया था वे अपने हिमाचली प्रमाण पत्र, बेरोजगार प्रमाण पत्र व ड्राइविंग लाइसेंस मूल प्रमाण पत्रों सहित निर्धारित तिथि व समय पर ड्राइविंग स्किल टेस्ट में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक स्थगित

**ऊना।** जिला ऊना के सभी निजी बस मालिकों, स्कूल प्रबंधन, ऑटो रिक्शा तथा हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ 12 फरवरी को होने वाली क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक स्थगित कर दी गई है। बैठक की नई तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। यह जानकारी आरटीओ ऊना अशोक कुमार ने दी।

### नौ को लगेगा गर्भवती महिलाओं के लिए शिविर

**ऊना।** सीएमओ ऊना डॉ. संजीव वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में नौ फरवरी को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की चिकित्सीय जांच हेतु शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन में लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में लैब टेस्ट, खून का स्तर, मधुमेह, रक्तचाप व गर्भावस्था के दौरान खतरे के लक्षणों की जांच व पहचान की जाएगी और निशुल्क इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत यह शिविर हर माह नौ फरवरी को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना व जिला के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, व सिविल अस्पताल में लगाए जाते हैं।

### कर्मचारी नेता के निधन पर जताया शोक

**गोंदपुर बनेहड़ा ।** ऊना के कर्मचारी नेता पत्रकार राजीव भनोट के पिता हरिओम भनोट के अचानक निधन पर कर्मचारी वर्ग एवं पत्रकारों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है । उनके निधन पर विभिन्न कर्मचारियों के संगठनों में लेक्चरर संघ के संगठन सचिव राजन शर्मा, अराजपत्रित कर्मचारियों से महेश पराशर, एवम विभिन्न पत्रकारों में दीपक जसवाल, संदीप शर्मा, राज कुमारी शर्मा, राजेंद्र पंडित, राकेश कुमार, सुखविंद्र सागर, संदीप शर्मा, आशीष शर्मा, संजीव पराशर, निशांत शर्मा, गुरुदेव कुमार, मनोज ठाकुर, संजीव डोगरा, दिनेश ठाकुर ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है ।

**फुटबाल टूर्नामेंट** — एक शून्य से शानदार जीत दर्ज कर इस साल में चौथे खिताब पर किया कब्जा

# डायमंड क्लब पंजावर को हराकर लायंस क्लब पंडोगा बना चैंपियन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**बाबा** बालपुरी क्लब पंजावर की ओर से पंजवार के फुटबाल मैदान में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का खिताब लायंस क्लब पंडोगा के नाम रहा है। इस टूर्नामेंट में देश भर की 16 टीमों ने भाग लिया।

टूर्नामेंट में पहला सेमीफाइनल मुकाबला लायंस क्लब पंडोगा और बाबा बालपुरी क्लब के बीच में खेला गया था। पहले सेमी फाइनल मुकाबला पंडोगा ने 1-0 से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया था। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला डायमंड क्लब पंजावर और पंजावर की टीमों के बीच खेला गया। डायमंड क्लब पंजावर ने पेनलिटी शूट में 5-4 से जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबला लायंस क्लब पंडोगा और डायमंड क्लब पंजावर के बीच में खेला गया। फाइनल मुकाबले में लायंस क्लब पंडोगा ने 1-0 से जीत कर शानदार जीत दर्ज की। टीम के कप्तान प्रमोद लाला ने बताया इस बार लायंस क्लब पंडोगा ने चौथा खिताब अपने नाम कर लिया है। लायंस क्लब पंडोगा के खिलाड़ी इस बार बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

खेल प्रेमियों रमन सैनी अनुराग दयाल, पंकज पीटर संदीप बेदी, नवीन शर्मा, सुनील शर्मा, विनय शर्मा मंदली खिलाड़ियों और कोच को जीत के लिए बधाई दी है। बाबा बालपुरी क्लब के द्वारा फुटबाल टूर्नामेंट का सफल आयोजन करवाया गया है, खेल प्रेमी और फुटबाल प्रेमियों ने बाबा बालपुरी क्लब पंजावर को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी है।

प्रतियोगिता में उपनेश दत्ता, अशोक ठाकुर, अमित जोगी, जगदेव दत्ता, करण दत्ता, नवीन दत्ता, पंकज दत्ता, त्रिलोचन सिंह, राजेश राणा, संजू लंबरदार, विशाल अग्निहोत्री, मनीष दत्ता, हरीश कुमार, नरेश दत्ता, चेतन दत्ता, हरप्रीत ढिल्लों राजेश्वर राणा, जय दत्ता, आशुतोष बाली, अनीश दत्ता, अरुण दत्ता, जोगिंद्र लागू, संदीप दत्ता, स्वर्ण सिंह, बाबा देवराज, सुभाष दत्ता, विकास दत्ता, अश्विनी मनकोटिया, अशोक दत्ता, श्याम और विक्रम लंबरदार आदि मौजूद थे।



# हिमाचल ने पुड्डुचेरी को एक पारी और 23 रन से हराया

**सीके नायडू टूर्नामेंट में दर्ज करवाई पहली जीत ◗ अतुल जसवाल और अमनप्रीत ने लगाए शतक ◗ हिमाचल प्रदेश की टीम ने किया शानदार प्रदर्शन**

अनंत ज्ञान, ऊना

**सीके** नायडू ट्रॉफी अंडर-23 के तहत हिमाचल ने पांडिचेरी को पराजित करके टूर्नामेंट की पहली जीत हासिल की है। पुड्डुचेरी में यह चार दिवसीय मुकाबला मेजबान के साथ आरंभ हुआ था, जिसमें पुड्डुचेरी की टीम ने पहले खेलते हुए पहली पारी में सभी विकेट खोकर 238 रन बनाए थे।

टीम की ओर से आकाश ने 52, नितिन ने 45, कृष्ण ने 38, सौरभ हिमालवी ने दो विकेट, दिवेश शर्मा ने दो विकेट, हिमांशु ने एक विकेट, विनय कुमार 2 विकेट, मृदुल ने एक विकेट प्राप्त किया, जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी हिमाचल की टीम ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 449 रन बनाकर पारी समाप्ति की घोषणा कर दी। अपनी पारी में हिमाचल में विशाल बढ़त बना ली थी।

अतुल जसवाल ने 129 रनों की शानदार पारी खेलते हुए अपनी पारी में 14 चौके और एक सिक्स लगाया। कुशल पाल 12 रन, पूर्व राज 34, मृदुल सरोच 68, अमनप्रीत ने 105 रन बनाए, वैभव कालटा ने 42 रन बनाए, हिमांशु ने 37 नाबाद रनों की पारी खेली। पुड्डुचेरी के आदिल ने दो विकेट, वीके गुप्ता ने दो विकेट, आकाश, नमन शर्मा, नयन और प्रदीप ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। पुड्डुचेरी के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। दूसरी पारी में पुड्डुचेरी की टीम ने 10 विकेट पर 188 रन बना सकी। नयन ने अर्धशतक लगाया, आकाश ने 21 रन बनाए, वीके गुप्ता 34 रन, प्रदीप रोशन 45 रन, आदिल ने 15 रन, मृदुल सरोच ने 3 विकेट प्राप्त किए। हिमांशु व कुशल पाल ने दो-दो विकेट प्राप्त किए। विनय कुमार, दिवेश शर्मा ने एक विकेट प्राप्त किया।

हिमाचल की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मैच को एक पारी और 23 से जीतकर शानदार जीत दर्ज की। खेल प्रेमी और अमन सैनी, अनुराग दयाल, पंकज पीटर संदीप बेदी, विनय कुमार मंदली, नवीन शर्मा, पंकज शर्मा खिलाड़ियों और कोच को जीत के लिए बधाई दी है, हिमाचल की टीम ने टूर्नामेंट में पहली जीत दर्ज की है।

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग

# बुमराह बने नंबर वन

## शीर्ष पर पहुंचने वाले चौथे भारतीय तेज गेंदबाज बने जसप्रीत




**दुबई।** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद जसप्रीत बुमराह बुधवार को आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज बन गए। विशाखापत्तनम में इस 30 साल के गेंदबाज ने नौ विकेट लेकर पैट कमिंस, कागिसो रबाडा और रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ दिया। वह टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले देश के चौथे खिलाड़ी है। इससे पहले बिशन सिंह बेदी, अश्विन और रविंद्र जडेजा रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे हैं। बुमराह ने इस रैंकिंग में अश्विन की जगह ली जो पिछले 11 महीने से इस सूची में शीर्ष पर थे। टेस्ट मैच में 499 विकेट लेने वाले अश्विन तीसरे स्थान पर खिसक गए।

बुमराह के नाम 881 रेटिंग अंक है। वह सबसे ज्यादा रेटिंग अंक हासिल करने के मामले में अश्विन (904) और जडेजा (899) के बाद चौथे स्थान पर है। अश्विन और जडेजा मार्च 2017 में संयुक्त रूप से शीर्ष पर थे।

### जयसवाल को मिला बड़ा फायदा

**बल्लेबाजों** की सूची में विशाखापत्तनम में दोहरा शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जयसवाल 37 पायदान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि दूसरी पारी में शतक लगाने के बाद शुभमन गिल 14 पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ 38वें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली विशाखापत्तनम टेस्ट के बाद आठ स्थान ऊपर चढ़कर 22वें पायदान पर आ गए है। उन्होंने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 76 और 73 रन की पारी खेली थी। इंग्लैंड के युवा लेग स्पिनर रेहान अहमद 14 पायदान ऊपर 70वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि अपने शुरुआती दोनों टेस्ट मैचों में 50 रन और पांच विकेट लेने वाले इंग्लैंड के दूसरे खिलाड़ी बने टॉम हार्टले दोनों सूची में सुधार करने में सफल रहे। वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में 103 से 95वें स्थान, जबकि गेंदबाजी में 63वें से 53वें स्थान पर आ गए। इस रैंकिंग में श्रीलंका और अफगानिस्तान के बीच खेले गए मैच को भी शामिल किया गया है। मैच में आठ विकेट लेने वाले श्रीलंका के प्रभात जयसूर्या तीन स्थान के सुधार के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए है।

## न्यूज ब्रीफ

### ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में कुल्लू की एकता ने जीता ब्रॉन्ज



ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ब्रांज जीतने वाली एकता को सम्मानित करते हुए कुल्लू कॉलेज के प्राचार्य रोशन लाल।

**कुल्लू।** पंजाब के जालंधर में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें हिमाचल प्रदेश की बॉक्सिंग टीम की ओर से एकता राजपूत ने भाग लिया। एकता राजपूत ने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जहां ब्रॉन्ज मेडल जीता। वहीं, जालंधर में ही आयोजित नॉर्थ ईस्ट बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भी सिल्वर मेडल हासिल किया है। एकता राजपूत कुल्लू कॉलेज की छात्रा है और कुल्लू पहुंचने पर कॉलेज प्रबंधन ने एकता का स्वागत किया। एकता राजपूत ने बताया कि अब उसका चयन राष्ट्रीय खेलो इंडिया बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए वह है और यह प्रतियोगिता असम के गुवाहाटी में आयोजित की जाएगी।

### हॉकी खिलाड़ी वरुण के खिलाफ यौन उत्पीड़न के मामले में सबूत जुटा रही पुलिस

**बेंगलुरु।** भारतीय राष्ट्रीय टीम के हॉकी खिलाड़ी वरुण कुमार के खिलाफ बलात्कार के आरोपों की जांच कर रही बेंगलुरु पुलिस ने कहा कि वह इस खिलाड़ी के खिलाफ सबूत जुटा रही है, जिनमें उनके और कथित पीड़ित के बीच बातचीत के रिकॉर्ड और संदेश आदि शामिल हैं। पुलिस ने कहा कि जांच में शामिल होने के लिए वह जल्द ही इस 28 वर्षीय खिलाड़ी से संपर्क करेगी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पीटीआई से कहा कि हम मामले की जांच कर रहे हैं और आवश्यक सबूत जुटा रहे हैं। हमने अभी तक कुमार से संपर्क नहीं किया है। वह कर्नाटक से बाहर है, इसलिए हम जल्द ही उससे संपर्क करके जांच में शामिल होने के लिए कहेंगे। वह अभी जिस जगह पर अभ्यास कर रहा है, हमने वहां कोई टीम नहीं भेजी है। अगर वह यहां आ जाता है तो ठीक है नहीं तो हमें अपनी टीम वहां भेजनी होगी। एक महिला ने कुमार पर आरोप लगाया है कि जब वह नाबालिग थी, तब इस हॉकी खिलाड़ी ने कई बार उनका यौन उत्पीड़न किया। बेंगलुरु पुलिस ने कुमार के खिलाफ कड़े पोस्को (यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण से जुड़ा कानून) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। कुमार हिमाचल प्रदेश के रहने वाले हैं और उन्होंने भारत की तरफ से 2017 में पदार्पण किया था।

### हिमाचल प्रदेश, डीएवी जालंधर और पंजाब विवि की टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंची

**सुंदरनगर।** उत्तर भारत अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत बुधवार को खेले गए प्री क्वार्टर फाइनल मैचों में जीत के बाद हिमाचल प्रदेश, डीएवी जालंधर और पंजाब विश्वविद्यालय की टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। डीएवी जालंधर ने एसजीआरआरयू देहरादून, पीयू ने एसएसजेयू अलमोड़ा और हिमाचल प्रदेश विवि ने संत बाबा भाग सिंह विवि को हराया। प्रतियोगिता के तकनीकी संयोजक, एचपीसीए अंपयार प्रो. अनिल गुलेरिया ने बताया कि बुधवार को हुए पहले मैच में डीएवी जालंधर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी दो विकेट के नुकसान पर दस ओवर में 119 रन बनाए। देहरादून टीम के नौ खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा पार किए बिना ही मात्र 72 रन पर आउट हो गए। दूसरे मैच में पंजाब विवि ने एसएसजेयू अलमोड़ा को नौ विकेट से हरा दिया। एसबीबीएस विवि जालंधर और एचपीयू के मध्य हुए तीसरे मैच में एचपीयू ने जालंधर को 8 विकेट से हरा दिया।

# न्यूजीलैंड ने जीता पहला टेस्ट

**◗ दक्षिण अफ्रीका को 281 रन से दी करारी शिकस्त**
**◗ काइल जैमीसन ने चार, मिचेल सैंटनर ने झटके तीन विकेट**



**माउंट मोनगानुई (एपी)।** न्यूजीलैंड ने पहले क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन नए खिलाड़ियों के साथ यहां पहुंची दक्षिण अफ्रीका को 281 रनों से हराकर दो मैचों की शृंखला में शुरुआती बढ़त हासिल की। कप्तान टिम साउदी ने बीते दिन के स्कोर चार विकेट पर 179 रन पर न्यूजीलैंड की दूसरी पारी घोषित कर दी, जिससे दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 529 रन का लक्ष्य मिला।

काइल जैमीसन के चार और मिचेल सैंटनर के तीन विकेट से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका की टीम को दूसरी पारी को 247 रन पर समेट दिया।

इससे पहले न्यूजीलैंड ने पहली पारी में 511 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 162 रन पर आउट कर 349 रन की बढ़त हासिल की थी। साउथी ने तब फॉलोऑन नहीं करना का फैसला किया और पहली पारी में शतक जड़ने वाले अनुभवी केन विलियमसन ने दूसरी पारी में भी शतक लगाया। टेस्ट में यह उनका 31वां शतक था।

लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने शुरुआती चार ओवर में सलामी बल्लेबाज नील ब्रांड (तीन) और एडवर्ड मोरे (शून्य) के विकेट गंवा दिए।

जुबैर हमजा (36) और रेनार्ड वान टोंडर (31) ने 100 मिनट से अधिक समय तक बल्लेबाजी करके दक्षिण अफ्रीका को और किसी नुकसान के बिना लंच तक पहुंचाया।

लंच के तुरंत बाद दोनों गैर जिम्मेदाराना शॉट खेलकर काइल जैमीसन की गेंद पर आउट हो गए।

डेविड बेडिंघम ने 96 गेंदों में करियर की सर्वश्रेष्ठ 87 रन की पारी खेलकर टीम के संघर्ष को आगे बढ़ाया। उन्होंने कीगन पीटरसन (16) के साथ पांचवें विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की। मैच की पहली पारी में दोहरा शतक जड़ने वाले रचिन रविंद्र मैन ऑफ द मैच रहे। शृंखला का दूसरा टेस्ट मैच 13 फरवरी से खेला जाएगा।

### रिकी पोंटिंग बोले- ऋषभ पंत को आईपीएल के पूरे सत्र में खेलने का भरोसा

**मेलबर्न।** दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि ऋषभ पंत आईपीएल के आगामी सत्र में खेलने को लेकर आश्वस्त हैं, लेकिन यह आक्रामक क्रिकेटर फिलहाल विकेटकीपिंग से दूर रह सकता है। उन्होंने 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' से कहा कि ऋषभ को पूरा भरोसा है कि वह मैच खेलने के लिए फिट होंगे। वह टीम में किस क्षमता में रहेंगे इसे लेकर हम अभी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है। उन्होंने कहा कि आपने सोशल-मीडिया पर उनसे जुड़ी चीजें देखी होंगी, वह सक्रिय हैं और अच्छी तरह से चल-दौड़ रहा हैं। आईपीएल शुरू होने में सिर्फ छह सप्ताह बचे है ऐसे में इस साल हमें उनसे विकेटकीपिंग करवाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि हम बस यही उम्मीद कर सकते है कि वह खेलने के लिए उपलब्ध रहे। हो सकता है कि वह सभी मैच न खेले, लेकिन अगर वह 14 लीग मैचों में से 10 मैच भी खेलता है तो यह टीम के लिए बोनस की तरह होगा।

## हम टीम बैठक की जगह खिलाड़ियों से संवाद को दे रहे हैं प्राथमिकमा : रूट

एजेंसी, विशाखापत्तनम

**इंग्लैंड** के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने कहा कि बेन स्टोक्स के नेतृत्व में इंग्लैंड की टीम में अब बैठक करने की जगह खिलाड़ियों से जरूरत के मुताबिक संवाद करने को प्राथमिकता दी जाती है।

इंग्लैंड और भारत के बीच खेली जा रही पांच मैचों की शृंखला अभी 1-1 ये बराबर है।

भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट शृंखला में अब तक बल्ले से नाकाम रहे रूट ने दूसरे टेस्ट से पहले यहां जियो सिनेमा से कहा कि हम अब टीम बैठक नहीं करते हैं। यह टीम में होने वाली अच्छी चीजों में से एक है कि हम खेल से दूर अपनी सारी बातचीत कैसे करते हैं। एक-दूसरे के साथ समय बिताने का लुत्फ उठाते हुए चर्चा करना पसंद करते हैं।

पूर्व कप्तान ने कहा कि हमें अब 'मीटिंग रूम' में नहीं बैठना होता है। मुझे लगता है कि आप खाने के टेबल पर या कॉफी पीते समय अपनी भावनाओं को ज्यादा अच्छे से व्यक्त कर सकते हैं। इंग्लैंड की टीम शृंखला के पहले मैच की पहली पारी में 190 रन से पिछड़ने के बावजूद जीत दर्ज करने में सफल रही। टीम को हालांकि दूसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा।

रूट ने कहा कि हमारी टीम नतीजे की परवाह किए बिना उस अंदाज में खेलना जारी रखेगी जो उसे आता है। इसने हमें पिछले कुछ समय से सफलता दिलाई है। इससे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर पा रहे हैं। हम पहले भी ऐसी स्थिति (पहले टेस्ट की पहली पारी में बड़े अंतर से पिछड़ने के बाद वापसी) में रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पिछली बार हमने इंग्लैंड में भारत का सामना किया था। उस टेस्ट मैच में भी हम बड़े अंतर से पिछड़ रहे थे, लेकिन हमने वापसी कर जीत दर्ज की। ऐसा कई बार हो चुका है।

### बॉथम ने टेस्ट क्रिकेट में नई जान फूंकने के लिए इंग्लैंड को दिया श्रेय

**मेलबर्न।** महान आल राउंडर इयान बॉथम को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की अति आक्रामक 'बैजबॉल' तकनीक ने टेस्ट क्रिकेट में नयी जान फूंक दी है। ब्रैंडन मैकुलम के मुख्य कोच और स्टोक्स के कप्तान बनने के बाद इंग्लैंड ने पारंपरिक प्रारूप के खेलने के तरीके को नए सिरे से परिभाषित किया है। बॉथम ने कहा कि आखिरकार आप मनोरंजन करने के लिए हो और अगर आप चाहते हो कि लोग मैच देखने आएं तो आपको उनका मनोरंजन करना पड़ेगा। वे ऐसे खिलाड़ी को खेलते हुए नहीं देखना चाहेंगे जो प्रत्येक घंटे में काफी कम रन जुटाए। आप ऐसे क्रिकेटर को देखना चाहोगे जो मैच में आक्रामक बल्लेबाजी से दबदबा बनाए। उन्होंने कहा कि अब अन्य टीम भी इंग्लैंड की तरह खेलना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि इसका अन्य टीमों पर भी प्रभाव पड़ रहा है। अकसर आपने देखा है कि जब टीम के तीन या चार विकेट गिर गए हैं तो गेंदबाजी करने वाली टीम थोड़ी 'रिलैक्स' होती दिखती है।

### लगातार दूसरी बार 'एसए 20' के फाइनल में सनराइजर्स ईस्टर्न कैप

**केपटाउन।** ओट्टिनेल बार्टमैन और मार्को यानसेन के चार-चार विकेट की मदद से गत चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न कैप ने डरबन सुपर जाइंट्स को वर्षाबाधित मैच में 51 रन से हराकर लगातार दूसरी बार 'बेतवे एसए20' के फाइनल में प्रवेश कर लिया। फाइनल शनिवार को खेला जाएगा, जबकि एलिमिनेटर आज जोहानिसबर्ग में पार्ल रॉयल्स और जोहानिसबर्ग सुपर किंग्स के बीच होगा। वहीं अगला क्वालीफायर आठ फरवरी को डरबन सुपर जाइंट्स और एलिमिनेटर के विजेता के बीच खेला जाएगा। बारिश के कारण पहला क्वालीफायर करीब एक घंटे तक बाधित रहा, लेकिन कोई ओवर कम नहीं किए गए। सनराइजर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 157 रन बनाए जिसके जवाब में डरबन टीम 19.3 ओवर में 106 रन पर आउट हो गई।

### स्नेहा सिंह ने दो शॉट की बढ़त हासिल की

**विशाखापत्तनम।** भारतीय गोल्फर स्नेहा सिंह ने बुधवार को महिला प्रो गोल्फ टूअर के चौथे चरण के शुरूआती दौर में चार होल में तीन बर्डी की बदौलत दो शॉट की बढ़त हासिल की। इस सत्र के दूसरे चरण की विजेता स्नेहा ने दो अंडर 70 का कार्ड खेला और वह अंडर पार का कार्ड खेलने वाली एकमात्र गोल्फर थीं। उनकी चिर प्रतिद्वंद्वी हिताशी बख्शी 72 के कार्ड से खुशी खानिजाऊ के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। रिद्धिमा दिलावड़ी 74 के कार्ड से अकेले चौथे स्थान पर हैं।

**प्रतियोगिता** | केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने किया शुभारंभ; सीयू एआईयू के सौजन्य से करवा रहा प्रतियोगिता, नौ फरवरी को होगा समापन

# अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला भारोत्तोलन टूर्नामेंट शुरू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**भारतीय** विश्वविद्यालय संघ एवं हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला की ओर से अखिल भारतीय इंटर जोनल महिला भारोत्तोलन प्रतियोगिता का शुभारंभ स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के इनडोर स्टेडियम में हुआ।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल किया। इस मौके पर अर्जुन पुरस्कार विजेता एवम कॉमन वेल्थ पदक विजेता विकास ठाकुर बतौर विशिष्ठ अतिथि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में 75 विश्वविद्यालय भाग ले रहे हैं, जिसमें नॉर्थ ईस्ट जोन से और साउथ जोन के विश्वविद्यालयों के कुल 320 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। खेल निदेशक और कुल सचिव प्रो. सुमन शर्मा ने कुलपति प्रो. बंसल का स्वागत करते हुए कहा कि चार साल से लगातार हम विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवा रहे हैं। यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विशिष्ठ अतिथि अर्जुन पुरस्कार विजेता एवं कॉमन वेल्थ पदक विजेता विकास ठाकुर का भी स्वागत किया।







### विकास ठाकुर ने की विश्वविद्यालय की सराहना

**विशिष्ठ** अतिथि अर्जुन पुरस्कार विजेता एवं कॉमन वेल्थ पदक विजेता विकास ठाकुर ने इस आयोजन के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है और भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए उनकी तैयारी बेहतर होती है। उन्होंने प्रतिभागियों को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### प्रतियोगिता ने देश के हर राज्य की महिला प्रतिभागियों का बढ़ाया है मनोबल

**अधिष्ठाता** अध्ययन प्रो. प्रदीप कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि पिछले तीन सालों से विश्वविद्यालय महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराता आ रहा है। प्रतियोगिता ने देश के हर राज्य की महिला प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया है। वहीं अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुनील ठाकुर ने प्रतिभागियों को शपथ दिलवाई और नियमानुसार प्रतियोगिता में सहभागिता करने का आह्वान किया। केनरा बैंक की ओर से इस खेल प्रतियोगिता के लिए पांच लाख रुपए स्पांरशिप दी गई है।

### युवाओं में खेल भावना का विकास ही है प्रयास : बंसल

**बतौर** मुख्यातिथि कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत जय भारत! जय हिमाचल! जय विश्वविद्यालय! के उद्बोधन के साथ किया। उन्होंने कहा कि विवि कुछ सालों से लगातार इस प्रतियोगिता का आयोजन करवा रहा है। अब प्रयास रहेगा कि अगला आयोजन हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के अपने कैंपस में हो। खेलों के प्रति केंद्रीय विश्वविद्यालय के योगदान की सराहना भारत सरकार ने भी की है और इस प्रकार के आयोजन से विश्वविद्यालय का नाम रोशन हो रहा है। विश्वविद्यालय का हमेशा से प्रयास रहा है कि युवाओं में खेल भावना का विकास हो, जो प्रतिभागी यहां पर आई हैं वो आगे भविष्य में खेलो इंडिया में भी भाग लेंगी, कॉमन वेल्थ गेम्स में भाग लेंगी और आगे ओलंपिक में भी भाग लेंगी।